# देशबन्धु

जबलपुर, गुरुवार 06 फरवरी 2025 | वर्ष –69 | अंक –85 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 3.00 रु.

■ लोकतंत्र को निगलता...
■ निर्वासन : काम न आई... 04
■ इजरायल को प्रिंस सलमान की दो टूक...
■ वर्षों से हमने दुनिया नहीं देखी, सीरिया... 09
■ एक बार फिर रिकॉर्ड निचले स्तर पर रुपया...
■ सोना रिकॉर्ड ऊंचाई पर, चांदी के दाम भी... 11
■ भारत बनाम इंग्लैंड...
■ चैंपियन ट्रॉफी के... 10

## दिल्ली में किसका राज..? ईवीएम में कैद हुआ फैसला



# दिल्ली में करीब 60 फीसदी मतदान

### मुस्तफाबाद में सबसे अधिक 66.68, करोल बाग में सबसे कम 47.40 वोटिंग

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में वोटिंग पूरी हो गई है। देर रात तक करीब 60 प्रतिशत मतदान हुआ। शाम 5 बजे तक का आंकड़ा 57.89 बताया गया था। जो बाद में बढ़ भी सकता है। वोटिंग के दौरान सीलमपुर में फर्जी वोटिंग को लेकर भाजपा और आप समर्थक आमने सामने आ गए। वोटिंग खत्म होने के बाद अधिकांश टीवी चैनलों की तरफ से एग्जिट पोल जारी किए गए।

लेकिन इन पोल्स में भी तस्वीर पूरी तरह से साफ होते नहीं दिखाई दे रहे हैं। क्योंकि कुछ एग्जिट पोल आप की सरकार बनाने का दावा कर रहे हैं तो कुछ भाजपा के पक्ष में परिणाम बता रहे हैं। डीबी लाइन ने भी इलेक्ट लाइन के साथ एग्जिट पोल किया। कई सर्वे ऐसे भी सामने आए हैं जिसमें भाजपा की सरकार बनते दिखाया जा रहा है। ऐसे में तस्वीर क्या होगी ये 8 फरवरी को आने वाले नतीजों से साफ होगा। 70 विधानसभा सीटों के लिए 699 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। दिल्ली की कुल 70 विधानसभा सीटों के लिए 699 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। मतदान के दौरान ग्रेटर कैलाश विधानसभा सीट से आप उम्मीदवार सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस चिराग दिल्ली के एक मतदान केंद्र पर ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

### दिल्ली में सरकार पर सस्पेंस

- कई सर्वे भाजपा के तो कुछ आम आदमी पार्टी के पक्ष में
- 70 विस सीटों के लिए 699 उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में कैद
- आठ फरवरी को आएंगे चुनावी नतीजे

### राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति व प्रधान न्यायाधीश ने किया मतदान

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना, केंद्रीय मंत्रियों एस जयशंकर और हरदीप सिंह पुरी, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाद्रा, दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल सबसे पहले मतदान करने वालों में शामिल थे।

# मुख्यमंत्री ने 7 हजार 900 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को निःशुल्क प्रदान की ई-स्कूटी

### मेरिट के साथ नैतिक मूल्यों और संस्कारों का अनुसरण जरूरी : डॉ. यादव

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जीवन में सफलता के लिए योग्यता के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और संस्कारों का अनुसरण आवश्यक है। मेरिट में आए विद्यार्थी यदि अपनी योग्यता का उपयोग केवल स्वयं के लिए करेंगे तो उनकी प्रतिभा का लाभ समाज को नहीं मिल पाएगा।

नैतिक मूल्यों का अनुसरण करते हुए सबके हित और सबके सुख का ध्यान रखकर किए गए कार्य न केवल समाज अपितु राष्ट्र की प्रगति में विद्यार्थियों के योगदान का मार्ग प्रशस्त करेंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व का सबसे महान देश बनने के मार्ग पर अग्रसर है। ऐसे में मेरिट में आए विद्यार्थी अपनी योग्यता, क्षमता और निपुणता से अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर समाज हित और देश की उन्नति में हरसंभव योगदान दें। लक्ष्य प्रगति में ही उनकी श्रेष्ठता सही अर्थों में सिद्ध होगी और भारत को प्रगति पथ पर अग्रसर करने में सार्थक योगदान दे सकेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में मेधावी विद्यार्थियों को ई-स्कूटी वितरण के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।



"हर चुनौती का धैर्य और साहस से सामना करें विद्यार्थी"

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवान श्री राम, भगवान श्रीकृष्ण, सम्राट विक्रमादित्य, पन्ना-धाय के उद्धरण देते हुए कहा कि अद्भुत क्षमता और सामर्थ्य के साथ नैतिक मूल्यों पर अडिग रहने के उदाहरणों ने ही इन महान विभूतियों के जीवन को आदिकाल से वर्तमान तक अनुकरणीय बनाया है।

**मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों के साथ स्कूटी चलाकर किया उनका उत्साहवर्धन**

अंग्रेजी साम्राज्य का जब सूर्य अस्त नहीं होता था तब नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने अपनी योग्यता और क्षमता के आधार पर विश्व में अपनी सामर्थ्य के उदाहरण प्रस्तुत किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हर चुनौती और कठिन समय का धैर्य और साहस के साथ सामना करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को शासकीय और निजी क्षेत्र की नौकरियों का लक्ष्य रखने के साथ ही समाज को नेतृत्व प्रदान करने, आने वाली पीढ़ी को शिक्षा देने जैसे दायित्वों के निर्वहन को भी अपना ध्येय बनाना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जापान की उद्यमशीलता का उदाहरण देते हुए कहा कि युवा उद्यमिता के माध्यम से नौकरी करने वाले नहीं अपितु रोजगार देने वाले बन सकते हैं। ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

## सार संक्षेप

### कॉलेजियम ने स्थायी न्यायाधीश के तौर पर पांच नामों की सिफारिश की

**नयी दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण की अध्यक्षता वाले उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने कलकत्ता उच्च न्यायालय में स्थायी न्यायाधीश के तौर पर नियुक्ति के लिए पांच अतिरिक्त न्यायाधीशों के नामों की केंद्र से सिफारिश की है। कॉलेजियम के सदस्यों में शीर्ष न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश यू यू ललित और ए एम खानविलकर शामिल हैं। इसने 19 अप्रैल को हुई एक बैठक में हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति सत्येन वैद्य को उसी अदालत में स्थायी न्यायाधीश नियुक्त करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी। कॉलेजियम ने महिला न्यायाधीश केसांग डी भूटिया और-चार अन्य अतिरिक्ति न्यायाधीशों-न्यायमूर्ति रवींद्रनाथ सामंत, न्यायमूर्ति सुगत मजूमदार, न्यायमूर्ति बिवास पटनायक और न्यायमूर्ति आनंद कुमार मुखर्जी के नाम की सिफारिश कलकत्ता उच्च न्यायालय में स्थायी न्यायाधीश नियुक्त करने के लिए की है।

### रामलला के दर्शन अब सुबह 6 से रात 10 तक

**अयोध्या, देशबन्धु।** राममंदिर में दर्शन की अवधि आज से बदली रहेगी। गुरुवार सुबह छह बजे से रामलला के दर्शन होंगे। श्रद्धालु दर्शन लगातार रात 10 बजे तक कर सकेंगे। इस तरह रोजाना 16 घंटे मंदिर खुलेगा। इसकी सूचना ध्वनि प्रसारण यंत्र से मेला क्षेत्र में भी प्रसारित की जा रही है। रामलला के दरबार में रोजाना ढ़ाई से तीन लाख श्रद्धालु दर्शन-पूजन कर रहे हैं। प्रयागराज से लौट रहे श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते रामलला की दर्शन अवधि 14 घंटे से बढ़ाकर 18 घंटे कर दी गई थी। अब भीड़ कम हो रही है तो दर्शन अवधि में बदलाव किया जा रहा है। अभी तक राममंदिर सुबह पांच बजे से लेकर रात 11 बजे तक खुलता रहा है। इसके चलते रामलला को बमुश्किल पांच घंटे ही विश्राम मिल पाता था। रामलला की उपासना राममंदिर में बाल रूप में होती है। एक राजकुमार की तरह उनकी सेवा-उपासना की जाती है। रामलला को आराम देने के लिए दर्शन की समय अवधि में बदलाव किया गया है।

### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो-** दिल्ली में मतदान के बाद सर्वे भी सस्पेंस पैदा कर रहे हैं कि कौन सरकार बनाएगा?

**चुहिया- हां प्रिये-** अब जो होना था सो हो गया, 8 को पता चल जाएगा कि दिल्ली वालों के दिल में कौन?



## भगवा कपड़े, गले में रुद्राक्ष की माला, मोदी ने लगाई संगम में डुबकी

**प्रयागराज, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रयागराज पहुंचकर संगम में डुबकी लगाई है। मोदी, सीएम योगी के साथ नाव के लिए संगम तक पहुंचे और फिर उन्होंने संगम में डुबकी लगाई। इस दौरान प्रधानमंत्री भगवा रंग के कपड़े पहन रखे थे, गले में रुद्राक्ष की माला थी। मंत्र पढ़ते हुए पीएम मोदी ने अकेले ही संगम में डुबकी लगाई। डुबकी लगाने के बाद प्रधानमंत्री ने मंत्रों का जाप भी किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विमान से बमरौली एयरपोर्ट पहुंचे थे। जहां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, योगी, दोनों डिप्टी सीएम ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो घंटे तक प्रयागराज में रहे।

संगम में स्नान करने के बाद त्रिवेणी संगम पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आरती की। महाकुंभ 2025 पौष पूर्णिमा 13 जनवरी को शुरू हुआ था, इसमें करोड़ों श्रद्धालु शामिल होने के लिए पहुंचे। यह 26 फरवरी को महाशिवरात्रि तक चलेगा। उत्तर प्रदेश सरकार के आंकड़ों की मानें तो अब तक 38 करोड़ से अधिक श्रद्धालु संगम में स्नान कर चुके हैं। कुंभ स्नान के बाद मोदी ने एक्स पर ट्वीट करते हुए लिखा कि- इस पवित्र स्नान से अपार आत्म शांति और ऊर्जा मिली है।

### एआई के इस्तेमाल पर वित्त मंत्रालय सख्त

## सरकार ने सभी एआई एप पर लगाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** भारतीय वित्त मंत्रालय ने चैटजीपीटी और डीपसीक जैसे एआई टूल्स और एप्लिकेशन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश जारी किया है। 29 जनवरी 2025 को जारी इस सर्कुलर का उद्देश्य संवेदनशील सरकारी डेटा की सुरक्षा को सुनिश्चित करना और संभावित साइबर खतरों को रोकना है।

सरकारी डेटा की सुरक्षा के लिए कड़ा कदम। संयुक्त सचिव प्रदीप कुमार सिंह द्वारा हस्ताक्षरित इस आदेश में कहा गया है कि सरकारी कंप्यूटरों पर एआई-सक्षम एप्लिकेशन का उपयोग गोपनीय सरकारी जानकारी को खतरे में डाल सकता है। इसके मद्देनजर, मंत्रालय ने सभी कर्मचारियों को आधिकारिक उपकरणों पर ऐसे टूल्स के उपयोग से बचने की सलाह दी है। यह आदेश वित्त सचिव की मंजूरी के बाद जारी किया गया है और इसे राजस्व, आर्थिक मामलों, व्यय, सार्वजनिक उपक्रम, डीआईपीएम और वित्तीय सेवाओं सहित प्रमुख सरकारी विभागों को भेजा गया है।

डेटा लीक का खतरा- चैटजीपीटी और डीपसीक जैसे एआई मॉडल उपयोगकर्ता द्वारा डाले गए डेटा को बाहरी सर्वरों पर प्रोसेस करते हैं। इसका मतलब है कि यदि सरकारी कर्मचारी गोपनीय जानकारी इन टूल्स में दर्ज करते हैं, तो वह डेटा संग्रहीत, एक्सेस या दुरुपयोग हो सकता है।

## मोदी का मेक इन इंडिया पूरी तरह फेल, संसद में जिक्र तक नहीं किया : राहुल


**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस के सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार (5 फरवरी 2025) को मेक इन इंडिया का जिक्र कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री को यह स्वीकार करना चाहिए कि मेक इन इंडिया एक अच्छी पहल होने के बावजूद पूरी तरह से फेल है। मैन्युफैक्चरिंग 2014 में जीडीपी का 15.3 फीसदी था, जो गिरकर 12.6 फीसदी हो गया है। पिछले 60 सालों में सबसे कम है।



**युवाओं को नौकरियों की सख्त जरूरत-**कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, भारत के युवाओं को नौकरियों की सख्त जरूरत है। हाल के दिनों में कोई भी सरकार, यूपीए या एनडीए, इस राष्ट्रीय चुनौती का बड़े पैमाने पर सामना नहीं कर पाई है। हमें इस बात पर ध्यान देने की जरूरत है कि हमारे मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र के लिए क्या चैलेंज है और इसे भविष्य की वैश्विक अर्थव्यवस्था में खड़ा करने को लेकर काम करना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा, भारत में उत्पादन के लिए इलेक्ट्रिक मोटर, बैटरी, ऑप्टिक्स और एआई जैसी उभरती हुई तकनीकों पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

## आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई करें तेज : शाह

**जम्मु-कश्मीर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को सभी सुरक्षा एजेंसियों को जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई तेज करने का निर्देश दिया, ताकि 'घुसपैठ को शून्य' किया जा सके। जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति पर दो दिनों में दो उच्च स्तरीय समीक्षा बैठकों की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार के निरंतर और समन्वित प्रयासों के कारण केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवाद का पारिस्थितिकी तंत्र कमजोर हुआ है।



**गृहमंत्री ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा एजेंसियों के साथ की बैठकें**

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, गृह मंत्री ने सभी सुरक्षा एजेंसियों को 'घुसपैठ को शून्य' करने के लक्ष्य के साथ आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई तेज करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य आतंकवादियों के अस्तित्व को जड़ से उखाड़ फेंकना होना चाहिए। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद का सफाया करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सभी सुरक्षा एजेंसियां घुसपैठ और आतंकवाद पर कठोर कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के अस्तित्व को जड़ से खत्म करना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने कहा, मादक पदार्थों के व्यापार से होने वाली आय से आतंकवाद को मिलने वाले वित्तपोषण पर तत्परता और कठोरता से अंकुश लगाना होगा। गृह मंत्री ने मंगलवार और बुधवार को लगातार दो बैठकों में सेना, पुलिस, अर्धसैनिक बलों और अन्य के शीर्ष अधिकारियों के साथ जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। यह पहली बार था, जब गृह मंत्री ने लगातार दो दिनों में जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति पर इतनी विस्तृत चर्चा की। बैठकों में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन डेका, डीजीपी नलिन प्रभात, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और सेना, पुलिस और नागरिक प्रशासन के अन्य शीर्ष अधिकारी शामिल थे।







### योजना — सरकार लाएगी मंथली टोल टैक्स स्मार्ट कार्ड

## सभी नाकों पर होगा मान्य, छूट भी मिलेगी

**नई दिल्ली।** देशभर में नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के टोल प्लाजा का इस्तेमाल करने वाले वाहन चालकों के लिए अच्छी खबर है। केंद्र सरकार 'मंथली टोल टैक्स स्मार्ट कार्ड' शुरू करने पर विचार कर रही है। केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी इस योजना को पैन इंडिया स्तर पर लागू करने के पक्ष में हैं। यह स्मार्ट कार्ड देश के सभी टोल प्लाजा पर मान्य होगा और कार्डधारक को टोल टैक्स में छूट भी मिलेगी। सरकार के इस कदम से विशेष रूप से कमर्शियल वाहनों और एक्सप्रेसवे पर बार-बार यात्रा करने वाले लोगों को बड़ी राहत मिल सकती है।

सूत्रों के मुताबिक, नितिन गडकरी इस योजना को जल्द लागू करने के लिए गंभीरता से विचार कर रहे हैं। सरकार टोल वसूली के लिए ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम लागू करने की दिशा में काम कर रही है, ऐसे में सवाल उठता है कि यह स्मार्ट कार्ड कैसे काम करेगा इस पर अधिकारियों ने बताया कि



जीएनएसएस सिस्टम पूरे देश में लागू होने में समय लगेगा। जीएनएसएस सिस्टम लागू होने के बाद वाहनों में एक छोटी मशीन लगाई जाएगी, जो गाड़ी के टोल रोड पर चलने के हिसाब से शुल्क काटेगी। हालांकि, सैटेलाइट टोल सिस्टम में भी स्मार्ट कार्ड फीचर को जोड़ा जाएगा ताकि बार-बार यात्रा करने वाले वाहन मंथली पास के आधार पर ही टोल दे सकें।

**क्या सभी को मिलेगा लाभ-**मंत्रालय के सूत्रों ने इस पर स्पष्ट जवाब नहीं दिया कि मंथली पास न लेने वालों को मौजूदा टोल सिस्टम के तहत ही शुल्क देना होगा या उन्हें भी किसी प्रकार की छूट दी जाएगी। हालांकि, स्मार्ट कार्ड योजना के तहत नियमित यात्रियों को निश्चित रूप से टोल टैक्स में बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

**कमर्शियल वाहनों के लिए होगा फायदेमंद-** विशेषज्ञों का मानना है कि यह स्मार्ट कार्ड विशेष रूप से कमर्शियल वाहनों के लिए फायदेमंद साबित होगा, जो अक्सर लंबी दूरी की यात्रा करते हैं। इससे टोल भुगतान की प्रक्रिया न केवल आसान होगी, बल्कि नियमित यात्रियों के खर्च में भी कमी आएगी। सरकार की इस योजना पर अंतिम फैसला जल्द ही लिया जा सकता है और इसके लागू होते ही देशभर के लाखों यात्रियों को टोल टैक्स में राहत मिलने की संभावना है।

# देश-विदेश

## बांग्लादेशी ने की हिमाकत! धारदार हथियार के साथ सीमा में घुसे और बीएसएफ जवानों पर किया हमला

**नई दिल्ली।** भारत-बांग्लादेश की सीमा पर बांग्लादेशियों ने बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स पर लगातार दो हमले किए हैं। यह हमला 4 और 5 फरवरी की दरमियानी रात को हुआ है। घुसपैठिए बड़ी संख्या में लाठी-डंडे लेकर आए थे और उनके पास वायर कटर भी थे। जब बीएसएफ जवानों ने उन्हें ललकारा तो उन्होंने रुकने के बजाय धारदार हथियारों से उन पर हमला कर दिया। इसके बाद बीएसएफ ने सेल्फ डिफेंस में गोलीबारी की। हमले में बीएसएफ के जवान घायल हो गए हैं। हालांकि, एक बांग्लादेशी घुसपैठिये को पकड़ लिया गया। बांग्लादेशी अपने साथ में कटार, धारदार हथियार समेत कई सारी चीजें लेकर आए थे। केवल छह घंटे के अंदर ही दो बार बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के जवानों पर हमला किया।

# अमेरिका ने 104 भारतीयों को जबरन भारत भेजा

**अमृतसर, (एजेंसियां)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के संकल्प और नीतियों का असर दिखना शुरू हो गया है। बीते 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद संभालने के बाद ट्रंप ने अवैध प्रवासियों को अमेरिका से निकाले जाने संबंधी कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे। इस पर अमल करते हुए अमेरिकी प्रशासन ने सी-17 सैन्य विमान से 104 भारतीय लोगों के एक समूह को अमेरिका से वापस भेज दिया है।

104 अवैध भारतीय प्रवासियों को लेकर एक अमेरिकी सैन्य विमान बुधवार दोपहर अमृतसर के श्री गुरु रामदास जी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। सूत्रों ने इन बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फ्लाइट दोपहर 1.55 बजे लैंड हुई। इन निर्वासित किए गए लोगों में से 30 पंजाब से, 33-33 हरियाणा और गुजरात से, तीन-तीन महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश से और दो चंडीगढ़ से हैं। हालांकि अभी निर्वासित लोगों की संख्या की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

इससे पहले की रिपोर्टों में दावा किया गया था कि अमेरिकी सैन्य विमान सी-17 205 अवैध अप्रवासियों को ले जा रहा था। यह अवैध भारतीय अप्रवासियों का पहला जत्था है जिसे अमेरिकी सरकार ने निर्वासित किया है। बता दें कि बीते दो हफ्ते की अवधि में भारत के अलावा भी कई देशों के अवैध प्रवासियों को अमेरिका से निर्वासित किया जा चुका है। सी-17 सैन्य विमान से भारत लौटाए जा रहे प्रवासियों के बारे में समाचार एजेंसी पर आई रिपोर्ट के मुताबिक नई दिल्ली स्थित अमेरिकी

- पंजाब के 30, हरियाणा-गुजरात के 33-33 लोग
- अमृतसर हवाई अड्डे से पुलिस घर छोड़ने गई

दूतावास के प्रवक्ता ने बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप की नीतियों पर अमल करते हुए अमेरिका आव्रजन कानूनों को कड़ा कर रहा है। बता दें कि ट्रंप प्रशासन बीते दो हफ्ते में सैन्य विमानों का उपयोग कर ग्वाटेमाला, पेरू और होंडुरास में कई अवैध प्रवासियों को निर्वासित किया है। अवैध प्रवासियों को वापस भेजने के लिए सैन्य विमान भेजने वाले गंतव्यों में भारत अब तक का सबसे दूरस्थ स्थान है।

## अमेरिका को जवाब दे सरकार : पवन खेड़ा

कांग्रेस ने कहा है कि अमेरिका में भारतीय नागरिकों को हथकड़ी पहनाकर प्रताड़ित और निर्वासित करने की घटना अत्यंत दुखद है और भारत सरकार को सख्त रूख अपना कर अमेरिका को जवाब देना चाहिए। भारत सरकार को इस घटना पर कड़ा ऐतराज व्यक्त करना चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि पहले भी भारतीय नागरिकों को प्रताड़ित करने की घटना हुई थी, जिसका कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार ने कड़ा जवाब अमेरिका को दिया था और उसके राजदूतों को मिलने वाली सुविधाएं तक बंद कर दी थी। इस बार भी भारत सरकार को उसी तरह का सख्त रूख अपना कर अमेरिका को जवाब देना चाहिए।

## रोजगार के लिए लीबिया गए 18 भारतीय स्वदेश लौटे

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** लीबिया के बेन्गाज़ी में रोजगार के लिए गए 18 भारतीय नागरिक भारतीय दूतावास की मदद से आज स्वदेश लौट आए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में जानकारी दी थी कि लीबिया में भारतीय दूतावास ने लीबिया के बेन्गाज़ी से 18 भारतीय नागरिकों की वापसी की सुविधा प्रदान की है और वे बुधवार को भारत पहुंचेंगे। जायसवाल ने कहा कि ये भारतीय लीबिया में रोजगार के लिए गए थे और कई हफ्तों से फंसे हुए थे।

दूतावास ने स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम किया और आवश्यक प्राधिकार और यात्रा दस्तावेज उपलब्ध कराने में भारतीय श्रमिकों की सहायता की। उन्होंने कहा कि जबकि उनके मामले को देखा जा रहा था, दूतावास उनकी भलाई सुनिश्चित करने के लिए उनके साथ लगातार संपर्क में रहा और रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने में उनकी सहायता की। इसी समूह के तीन अन्य भारतीय नागरिक दूतावास की सहायता से पिछले अक्टूबर में भारत लौटे थे। भारतीय दूतावास ने लीबिया के अधिकारियों को उनके समर्थन और सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### जगलाल चौधरी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में बोले राहुल

## बिहार में करवाएंगे तेलंगाना वाली जाति जनगणना

**पटना, (एजेंसियां)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को बिहार की राजधानी पटना में कहा कि आज देश में सत्ता संरचना में दलितों और पिछड़ों की भागीदारी नहीं है।

दलितों को प्रतिनिधित्व दिया गया, लेकिन सत्ता संरचना में भागीदारी नहीं होने के कारण इसका कोई मतलब नहीं है। स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय जगलाल चौधरी की जयंती को लेकर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार वाली नहीं, तेलंगाना वाली जाति जनगणना करवाएंगे। उन्होंने कहा कि जाति जनगणना हमें बता देगी कि दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, गरीब, सामान्य वर्ग कौन और कितने हैं। इसके बाद हम न्यायपालिका, मीडिया, संस्थानों और ब्यूरोक्रेसी में इनकी कितनी भागीदारी है, इसकी सूची निकालेंगे और असलियत पता करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों को उनकी भागीदारी दिलवाना चाहती है। उन्होंने



- राहुल से जगलाल चौधरी के बेटे को मिलने से रोका

कहा कि दलितों के दिल में जो दर्द था, जो दुख था, जो उनके साथ हजारों साल से किया जा रहा था, उनकी आवाज भीमराव अंबेडकर और जगलाल चौधरी जी थे। आजादी मिली, बहुत कुछ हुआ।

**संविधान खत्म करना चाहते हैं भाजपा-आरएसएस**-राहुल ने कहा कि भाजपा-आरएसएस वाले संविधान को खत्म करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आबादी के अनुरूप सभी सेक्टरों में प्रतिनिधित्व के लिए सबसे जरूरी है कि जाति जनगणना कराई जाए।

# महाकुंभ में मृतकों के आंकड़े छिपा रहीं सरकार : अखिलेश

**लखनऊ, देशबन्धु।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने अपने सोशल मीडिया के जरिए एक पोस्ट करते हुए महाकुंभ भगदड़ को लेकर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने अपने पोस्ट में एक खबर शेयर की है, जिसमें भगदड़ के दौरान वहां मौजूद रही महिलाओं ने घटना के बारे में बताया है। महिलाओं का कहना है कि हम जिंदा थे लेकिन सिपाही बोला कि इसे गंगा में बहा दो। अखिलेश यादव ने इसपर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, जिन पर है बीती, दुख वो ही जाने, बाकी सत्ता के दावे तो हैं फसाने दरअसल, सपा प्रमुख उस घटना को लेकर बीजेपी और योगी सरकार पर लगातार जुबानी हमला कर रहे हैं। उन्होंने सरकार पर मृतकों के आंकड़े छिपाने के साथ ही गायब हुए लोगों के बारे में जानकारी साझा नहीं करने का आरोप लगा है. अखिलेश ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर जो खबर शेयर है कि उसमें एक महिला के हवाले से कहा गया है कि पुलिस वाले ने कहा कि गंगा जी में बहा दो, लेकिन हम जिन्दा थे। मिली रिपोर्ट में कई महिलाओं ने विभिन्न दावे किए हैं। हालांकि सीएम योगी आदित्यनाथ ने अखिलेश यादव पर पलटवार करते हुए कहा,

- सपा अध्यक्ष साझा किया महाकुंभ गईं महिलाओं का दर्द
- गायब लोगों के बारे में जानकारी साझा नहीं करने का लगाया आरोप

जहां एक ओर पूरा देश और दुनिया सनातन धर्म के इस सबसे बड़े आयोजन का साक्षी बनकर गौरव की अनुभूति कर रहा है, वहीं दूसरी ओर सनातन धर्म के खिलाफ सुपारी लेकर षड़यंत्र करने वाले तत्वों द्वारा लगातार शरारत पर शरारत करते हुए झूठ व असत्य के नित नए प्रतिमान गढ़े जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश की संसद में मल्लिकार्जुन खरगे और अखिलेश यादव का बयान इस ओर सबका ध्यान आकर्षित करता है. ये दोनों वक्तव्य ना केवल इनके सनातन धर्म विरोधी चरित्र को उजागर करते हैं बल्कि इनकी उस गिद्ध दृष्टि की ओर भी सबका ध्यान आकर्षित करता है, जो लगातार इस महाकुंभ के खिलाफ पहले दिन से दुष्प्रचार कर रहे हैं।

**लोगों की मदद नहीं कर रहा प्रशासन** -सपा प्रमुख ने कहा कि प्रशासन भी लोगों की मदद नहीं कर रहा है। अपनी आपबीती बताते हुए रिपोर्ट में महिला कह रही है कि हम अपने पति से लड़-झगड़कर चले गए लेकिन वहां जाकर भगदड़ में फंस गए. उस भगदड़ में मेरी पायल, बिछिया सब गुम हो गई। किसी तरह से जान बच गई। उनका कहना था कि वह अपनी 12 साल की बच्ची के सहारे पूरा घर छोड़कर गई थीं।

## मिल्कीपुर में अजीत प्रसाद ने भाजपा एजेंट को धमकाया

**अयोध्या, देशबन्धु।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर मतदान के दौरान सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद द्वारा भाजपा एजेंट को धमकाने का मामला सामने आया है। मतदान के दौरान सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद अपने क्षेत्र का भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान वह घाटमपुर मतदान केंद्र पर पहुंचे। भाजपा के बूथ एजेंट पर फर्जी वोट डलवाने का आरोप लगाते हुए धमकाया। उन्होंने कहा कि फर्जी वोट डलवा रहे हो, मुझे नहीं जानते हो। इसके बाद दोनों में बहस शुरू हो गई। वहां मौजूद लोगों ने दोनों को शांत कराया। अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर हुए उपचुनाव में शाम 5 बजे तक 65.25 फीसदी मतदान हुआ। इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी के बीच मुख्य मुकाबला है।

# प्रथम पृष्ठ का शेष

### दिल्ली में करीब 60 फीसदी....

लोगों को वोट डालने से रोकने की कोशिश कर रही है। जंगपुरा सीट से आप उम्मीदवार मनीष सिसोदिया ने भाजपा पर पैसे बांटने का आरोप लगाया है। उनका कहना था कि जंगपुरा सीट पर बीजेपी के बूथ के साथ वाली बिल्डिंग में मतदाताओं को पैसे दिए जा रहे हैं। **उत्तर-पूर्वी जिले में सबसे अधिक मतदान** - दिल्ली में लगभग 1.56 करोड़ मतदाता हैं। सबसे अधिक मतदान उत्तर-पूर्वी जिले में 63.83 प्रतिशत दर्ज किया गया जबकि सबसे कम मतदान नई दिल्ली जिले में 54.37 प्रतिशत दर्ज किया गया। अन्य निर्वाचन क्षेत्रों में मुस्तफाबाद में सबसे अधिक 66.68 प्रतिशत मतदान हुआ जबकि करोल बाग में सबसे कम 47.40 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। दिल्ली विधानसभा के लिए 2020 में हुए चुनाव में कुल 62.59 प्रतिशत मतदान हुआ था, जबकि 2024 के लोकसभा चुनावों में केवल 56 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था।

### मुख्यमंत्री ने ....

राज्य सरकार उद्योग स्थापना में हरसंभव सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए तत्पर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समारोह में 10 मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी की चाबी प्रदान की तथा उनके साथ स्कूटी चलाकर उनका उत्साहवर्धन भी किया। माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं की परीक्षा में शासकीय विद्यालयों के टॉपर्स को स्कूटी प्रदान करने की इस योजना के अंतर्गत संपूर्ण प्रदेश में 7 हजार 900 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को ई-स्कूटी प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रतीक स्वरूप सर्वश्री आदित्य राठौर, प्रशांत राजपूत, सिद्धार्थ साहू, रफत खान, आर्यन राजपूत, आकाश कुशवाह, सुश्री बबली मीणा, पलक सिंह, ऊषा मीणा और सलोनी दांगी को ई-स्कूटी की चाबी भेंट की तथा उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

**परिवारों का अपने बच्चों को स्कूटर से कॉलेज भेजने का सपना हुआ साकार - मंत्री डॉ. शाह**-जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी उपलब्ध कराने की पहल से कई परिवारों का अपने बच्चों को स्कूटर से कॉलेज भेजने का सपना साकार होगा। यह पहल विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए प्रेरित भी करेगी और आगे की शिक्षा को सुविधाजनक भी बनाएगी।

**शासकीय शालाओं में आधुनिक संसाधनों के साथ संचालित हैं अकादमिक गतिविधियां - मंत्री श्री सिंह**-स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के विद्यार्थियों को गुणवत्ता शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ई-स्कूटी योजना में मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी वितरण के राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से शासकीय स्कूलों के प्रतिभाशाली 7,900 विद्यार्थियों को निःशुल्क ई-स्कूटी प्रदान की गईं। प्रदेश में संचालित शासकीय हायर सेकण्डरी विद्यालयों में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थी को निःशुल्क ई-स्कूटी प्रदान करने की योजना स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित है। योजना में मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल की कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में शासकीय विद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को स्कूटी प्रदान की जाती है।

**मुख्यमंत्री के हाथों ई-स्कूटी की चाबी पाकर खुश हुए विद्यार्थी**-मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को स्कूल शिक्षा विभाग की मुख्यमंत्री निःशुल्क स्कूटी योजना के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को ई-स्कूटी की चाबी प्रदान की। स्कूटी पाते ही प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी देखते ही बन रही थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों से उनके भविष्य की योजना के बारे में बात भी की। प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ई-स्कूटी प्रदान की गई है। कुशाभाऊ सेंटर में भोपाल (कोटरा) के विद्यार्थी हर्षनंद मेहर, (12वीं बोर्ड परीक्षा में 87 प्रतिशत अंक) ने बताया कि राज्य सरकार की इन योजनाओं से विद्यार्थियों को नये अवसर मिलते हैं। हर्षनंद वर्तमान में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे हैं। वे सामान्य परिवार से ताल्लुक रखते हैं। भोपाल के बरखेड़ा सीएम राइज स्कूल से 12वीं की परीक्षा में सानिया जहाँ को भी सर्वोच्च अंक प्राप्त होने पर स्कूटी मिली है। सानिया ने बताया कि वे आगे चलकर शिक्षक बनना चाहती हैं। शिक्षक श्री प्रदीप श्रीवास्तव ने बताया कि सीएम राइज स्कूल खुलने से बच्चों को पढ़ने के बेहतर अवसर मिले हैं। शिवाजी नगर सुभाष उत्कृष्ट स्कूल की छात्रा बबली मीना को भी अपने स्कूल में 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने पर स्कूटी मिली है। वे बताती हैं कि निःशुल्क स्कूटी योजना से उनका मनोबल बढ़ा है। अब उन्हें कॉलेज जाने में और सुविधा होगी। उनकी माँ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हैं। निःशुल्क स्कूटी मिलने की खबर से उनकी माँ भी बहुत प्रसन्न हुई। आदित्य गौर ने अपने विद्यालय में बोर्ड की कक्षा 12वीं की परीक्षा में 97 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये हैं। उन्होंने भोपाल के श्याम्ला हिल्स स्थित रीजनल इन्स्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन में प्रवेश लिया है। गणित विषय के छात्र आदित्य गौर भी शिक्षक बनना चाहते हैं।

# निविदा / नियुक्ति / जाहिरात


## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं सतीषचन्द्र उम्र 55 वर्ष आत्मज श्री रामचन्द्र 6वीं प्रशिक्षण वाहिनी विसबल रांझी जबलपुर के अंतर्गत माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर की सुरक्षा कंपनी में प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ हूँ तथा मेरा बैच नंबर 312 है मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम सतीषचन्द्र एवं पिता का नाम श्री रामचन्द्र दर्ज है ! जबकि मेरे आधार कार्ड एवं पेनकार्ड में मेरा नाम सतीश चन्द्र बुटलेकर दर्ज है तथा मेरे समग्र आई डी. कार्ड में मेरे पिता का नाम श्री रामचन्द्र बुटलेकर दर्ज है, मैं अपने सर्विस रिकार्ड में अपना नाम सतीषचन्द्र के स्थान पर सतीश चन्द्र बुटलेकर एवं पिता का नाम रामचन्द्र के स्थान पर रामचन्द्र बुटलेकर संशोधित कर दर्ज कराना चाहता हूँ अतः मुझे सतीश चन्द्र बुटलेकर एवं पिता का नाम रामचन्द्र बुटलेकर के नाम से जाना पहचाना एवं लिखा पढ़ा जावें ।

पिता का पुराना नाम - रामचन्द्र
पिता का नया नाम-रामचन्द्र बुटलेकर
पुराना नाम-सतीषचन्द्र
नया नाम -सतीश चन्द्र बुटलेकर

## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं महेश प्रसाद उम्र 48 वर्ष आत्मज श्री शिव चरण कुर्मी निवासी म.नं. 11. चिल्हिया, उर्दुवा कला जबलपुर का निवासी हूँ तथा मैं 6वीं प्रशिक्षण वाहिनी विसबल रांझी जबलपुर में प्रधान आरक्षक के पद पर कार्यरत हूँ मेरा बैच नंबर 585 है ! मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम महेश प्रसाद दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड पेनकार्ड, कक्षा 12 की अंकसूची में मेरा नाम महेश प्रसाद कुर्मी दर्ज है ! मैं अपने सर्विस रिकार्ड में अपना नाम महेश प्रसाद कुर्मी संशोधित कर दर्ज कराना चाहता हूँ अतः मुझे महेश प्रसाद कुर्मी के नाम से जाना पहचाना एवं लिखा पढ़ा जावें !

पुराना नाम - महेश प्रसाद
नया नाम - महेश प्रसाद कुर्मी

## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं मोहम्मद अफजल उम्र 45 वर्ष आत्मज श्री रफीक अहमद निवासी 18. साउथ सिविल लाईन डिसल्वा कम्पाउंड कल्चुरी होटल के पास जबलपुर म.प्र. का निवासी हूँ तथा मैं 6वीं प्रशिक्षण वाहिनी विसबल रांझी जबलपुर के अंतर्गत माननीय उच्च न्यायालय पी.एस.ओ.पूल में प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ हूँ मेरा बैच नंबर 37 है। मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम मोहम्मद अफजल एवं पिता का नाम श्री रफीक अहमद दर्ज है। जबकि मेरे आधार कार्ड एवं पेनकार्ड, एवं कक्षा 12वीं अंकसूची में मेरा नाम मो. अफजल पिता श्री रफी अहमद दर्ज है। मैं अपने सर्विस रिकार्ड में अपना नाम मोहम्मद अफजल के स्थान पर मो.अफजल (MOHD. AFZAL) एवं पिता का नाम रफीक अहमद के स्थान पर रफी अहमद (RAFIAHMAD) संशोधित कर दर्ज कराना चाहता हूँ अतः मुझे मो. अफजल (MOHD. AFZAL) एवं पिता का नाम रफी अहमद (RAFI AHMAD) के नाम से जाना पहचाना एवं लिखा पढ़ा जावें ।

पिता का पुराना नाम -रफीक अहमद
पिता का नया नाम -रफी अहमद
पुराना नाम-मोहम्मद अफजल
नया नाम - मो.अफजल (MOHD. AFZAL)

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शहपुरा (भिटौनी) जिला जबलपुर

रा.प्र.क्रं/ /ब-113/2024-25
ग्राम- घुन्सौर प.ह.नं. 53
रा.नि.मं.-शहपुरा

आम इश्तहार

आम जनता ग्राम घुन्सीर प.ह.नं 53 रा.नि.म शहपुरा तहसील शहपुरा जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण नरेन्द्र कुमार जैन पिता शीलचन्द्र जैन एवं अन्य 03 सभी निवासी शहपुरा तहसील शहपुरा जिला जबलपुर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि मौजा घुन्सीर प.ह.नं. 35 रा.नि.म. शहपुरा तह. शहपुरा में स्थित भूमि ख.नं. 500 रकवा 0.81 हे. कृषि भूमि श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर समिति अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार जैन आ. शीलचन्द्र जैन, महामंत्री अमित गोपाल जैन पिता ज्ञान चन्द जैन सदस्य जय कुमार जैन पिता पन्नालाल जैन सदस्य प्रवीण जैन पिता प्रमोद कुमार जैन समी निवासी शहपुरा के नाम से निजि संस्था के रूप में दर्ज हैं। उक्त भूमि वर्ष 2023-24 तक समिति अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार जैन के पिता शीलचन्द्र जैन आ.स्व. कस्तूरचंद जैन के नाम से दर्ज थी जो दिनांक को समिति के नाम से पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से पंचायत जैन समिति निजि संस्था के नाम से दर्ज हो चुकी हैं। पंचायत जैन समिति द्वारा एक अन्य भूमि क्रय की जा रही हैं जिसकी राशि चुकता किये जाने हेतु समिति को रूपयो की आवश्यकता है और उक्त भूमि का उपयोग मंदिर समिति नहीं कर पा रही हैं इसलिए उक्त भूमि विक्रय हेतु अनुमति हेतु निवेदन किया गया है। अतः उक्त भूमि विक्रय किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह नियत दिनांक 11/02/2025 को न्यायालय में स्वंय या अधिकृत व्यक्ति / अधिवक्ता के माध्यम से अपनी दावा आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के उपरान्त किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा । आज दिनांक 28/01/2025 को मेरे न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।
पेशी दिनांक 11/02/2025

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) शहपुरा (भिटौनी)

## न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार तहसील अधारताल, जिला जबलपुर

रा.प्र.क्रं/4280/अ-6/2024-25
जबलपुर, दिनांक 05/02/2025

आम इश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लक्ष्मी चौबे पिता श्री गंगाराम चौबे निवासी- 2361, साकेत नगर, जबलपुर के द्वारा मौजा करमेता नजूल ब्लॉक नंबर.... प्लाट नं. ....स्थित भूमि खसरा नंबर 66/8 मेंसे रकवा 800 व.फु. भूमि पर सांई आर्शीवाद, रोहित तिवारी की मृत्यु दिनांक ... को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु विक्रय पत्र/ फौती/ वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 21/02/25 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक-05/02/2025
पेशी दिनांक-21/02/2025

र.नं. 2924 अतिरिक्त तहसीलदार अधारताल जबलपुर

## नाम सुधार सूचना

मैं दीप्ति वेद पति कवित बिपिन वेद उम्र 41 वर्ष निवासी-बसंत कुमार पालेजा हीरजी गोविंद जी फर्म 32, बल्देवबाग, पूजा हॉस्पिटल के सामने, जबलपुर शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूँ -

1. यह कि मेरा आधार नं. 9832 4383 9339 है तथा मेरा नाम विवाह पश्चात् दीप्ति वेद है। विवाह के पूर्व मेरा नाम दीप्ति पालेजा है।
2. यह कि मेरे जन्म प्रमाण पत्र में त्रुटिवश मेरा नाम कु. देवांशी पालेजा लिखा हुआ है जो कि गलत है जबकि मेरा सही नाम दीप्ति पालेजा है विवाह के बाद दीप्ति वेद है।
3. यह कि जन्म प्रमाण पत्र को छोडकर मेरे समस्त शासकीय एवं अशासकीय अभिलेखों / दस्तावेजों में मेरा सही नाम दीप्ति पालेजा दर्ज है तथा आधार कार्ड में मेरा नाम विवाहोपरांत दीप्ति वेद दर्ज है। जो कि सही व सत्य है।

गलत नाम
देवांशी पालेजा (Devanshi Paleja)
सही नाम
दीप्ति पालेजा (Deepti Paleja)
विवाह के बाद-
दीप्ति वेद (Deepti Ved)

र.नं. 2920

## PUBLIC NOTICE

It is for general information that 1, VIMLA TIWARI D/o Late. SHANKAR LAL TIWARI W/o Late. NITIN PATHAK R/o H.No. 2563/VT, Near Shiv Kirana Store, Nirmal Chand Jain Ward, Gandhi Nagar, New Kanchanpur, Jabalpur (M.P.) 482009 declare that name of mine has been wrongly written as VARSHA PATAHK in my Union Bank A/c No.-519302010189282 and Pan Card No. AWAPP5755H. The actual of mine is VIMLA TIWARI which may be amended accordingly.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

VIMLA TIWARI
Signature (in existing old name)


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग वि/यां संभाग जबलपुर

Web site:www.mp.gov.in/pwdmp Email :-eepwdelecjbp@mp.nic.in
Tel./Fax No. 0761-2620792

## निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 31/2024-25/व.ले.लि. जबलपुर, दिनांक, 29/01/2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित विद्युत कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रु.में) | अमानत की राशि (रु.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.में) | कार्य पूर्ण करने का समय | 1. ठेकेदार की श्रेणी 2. निविदा काल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_PWD RB_ 399559 | जबलपुर जिले के शासकीय साइंस महाविद्यालय के 200 के.व्ही.ए. सब स्टेशन के 11 के.व्ही. एच.टी.ए.बी. केवल बदलने का कार्य। | Rs. 1.63 Lakh | Rs. 3260/- | Rs. 1000/- | 1 Week | 1. नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु 2. प्रथम कॉल। |
| 2. | 2025_PWD RB_ 399556 | जबलपुर जिले के सिविल लाईन स्थित कन्डोमिनियम बिल्डिंग में सब स्टेशन के एच.टी./एल.टी. पैनल का विद्युतीकरण सुधार कार्य। | Rs. 2.76 Lakh | Rs. 5520/- | Rs. 2000/- | 15 Days | 1. नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु 2. प्रथम कॉल। |
| 3. | 2025_PWD RB_ 399572 | कटनी जिले के अंतर्गत पिपरौध-जरवाही पहाड़ी-निवार-देवरी हटाई- मार्ग में एच.टी./एल.टी. लाईन शिफ्टिंग का विद्युतीकरण कार्य। | Rs. 19.29 Lakh | Rs. 38580/- | Rs. 2000/- | 3 month | 1. नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु 2. प्रथम कॉल। |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाईन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 12/02/2025 है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
जी- 22611/24 लोक निर्माण विभाग वि./यां. संभाग जबलपुर


## नाम सुधार सूचना

मैं फूलचंद रैदास पिता स्व. श्री विरजू रैदास निवासी म.नं. 2349/3, सेठीनगर, पानी टंकी के सामने, गिरीराज किशोर कपूर वार्ड जबलपुर का होकर निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूं-

1. यह कि मेरा मकान गिरीराज किशोर कपूर वार्ड में स्थित है।
2. यह कि मुझे पुत्र रत्न की प्राप्ति दिनांक 25/06/2014 को एल्गिन हास्पिटल जबलपुर स्थान पर हुई है। किंतु मेरे पुत्र के डिस्चार्ज कार्ड में मेरा नाम मनीष रैदास व ससुराल का पता दर्ज हो गया है जिस कारण से अपने पुत्र जिसका नाम तनिष्क रैदास का जन्म प्रमाण पत्र नही बनवा पाया हूं।
3. यह कि मैं इस शपथ पत्र के माध्यम से यह प्रमाणित करता हूं कि मनीष रैदास व फूलचंद रैदास दोनों एक ही व्यक्ति अर्थात मेरा ही नाम है।
4. यह कि मेरी अज्ञानता को माफ करते हुये मेरे पुत्र तनिष्क रैदास का जन्म प्रमाण पत्र प्रदान करने की कृपा करें।
5. यह कि उक्त शपथ पत्र में दी गई जानकारी में किसी प्रकार की त्रुटि के लिये मै स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।

जबलपुर
दिनांक 24.01.2025
शपथकर्ता
र.नं. 2925 फूलचंद रैदास

(विक्रय-पत्र)

## न्यायालय अति. तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर

रा.प्र.क्रं/2027/अ-6/2024-25
जबलपुर, दिनांक 05/02/2025

## आम इश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती ज्योति वाजपेई पिता/पति श्री योगेश वाजपेई निवासी- म.नं. 1305 शिवकुटी होमसाईंस कॉलेज जबलपुर ग्राम लमती स्थित भूमि खसरा नंबर 10/6, 10/8, 10/39 ए 101 में से रकवा 927 या 154.5 व.फु. भूमि जो आवेदक के द्वारा विक्रेता जबलपुर गृह निर्माण सहकारी समिति जबलपुर से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 17/12/2013 से क्रय किया जाना लेख किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक .... तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक-09/02/2025
पेशी दिनांक-20/02/2025

र.नं. 2923 तहसीलदार अधारताल जबलपुर

(फौती)

## न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर

रा.प्र.क्रं/1518/अ-6/2024-2025

## आम इश्तहार

आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्रीमती कृष्णा घोष/ स्व. बी.डी. घोष नि. -1190 ए/ 11 विश्वविद्यालय रोड पचपेढी ने नजूल ब्लाक नं. ... प्लाट नं. ... निर्मित रकवा 965 व.फु./अवि. हिस्सा .... /ग्राम सि. स्टेशन प.ह.नं. .... खसरा नं.... रकवा 965 वर्गफुट/हे. विक्रय पत्र/हकत्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक 04/04/1997 मृत्यु दिनांक 17/07/2024 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, ... खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. ... निर्मित रकवा 965 /व.फु./अवि. हिस्सा .... /ग्राम सि. स्टेशन प.ह.नं. .... खसरा नं.... रकवा 965 व.फु./हे. ..... के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 10/02/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 23/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक 23/12/2024
पेशी दिनांक 10/02/2025

र.नं. 2921 तहसीलदार, रांझी, जबलपुर

# देश-प्रदेश

**उवाच**

## बच्चों को खुश रखना ईश्वर को प्रसन्न रखने के समान : डॉ. यादव

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय संस्कृति में सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय और सर्वे भवन्तु सुखिनः-सर्वे संतु निरामय का विचार जन-जन में व्याप्त है। बच्चों में भगवान का वास है, इन्हें खुश रखना ईश्वर को प्रसन्न रखने के समान है। समाज की मुख्य धारा से पीछे रह जाने वाले बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाने, उनका हौंसला बढ़ाने के लिए व्यक्ति और संस्थाओं द्वारा किए जा रहे प्रयास निश्चित ही अनुकरणीय हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नन्ही खुशियां कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में यह विचार व्यक्त किए।



### मुख्यमंत्री ने गणतंत्र दिवस परेड में शामिल एनसीसी कैडेट्स को किया सम्मानित, बोले-

# युवाओं के लिए आत्मविश्वास, अनुशासन और उत्साह का स्त्रोत है एनसीसी



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) विद्यार्थियों को अनुशासन और उत्साह प्रदान करता है। देशभक्ति, सामर्थ्य, सहयोग, सह-अस्तित्व की भावना के साथ एनसीसी की यूनिफार्म धारण करना आत्मविश्वास की विशेष अनुभूति प्रदान करता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में निरंतर अधिक सशक्त और समर्थ होते भारत की ओर सम्पूर्ण विश्व आशा की दृष्टि से देख रहा है, इस परिदृश्य में भारतीय युवा पीढ़ी का दायित्व अधिक बढ़ जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह-2025 में शामिल राष्ट्रीय कैडेट कोर के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री निवास में संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास में एनसीसी कैडेट्स का सम्मान किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, विधायक रामेश्वर शर्मा, एनसीसी मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ निदेशालय के एडीजी मेजर जनरल विक्रांत एम. धुमने तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### उत्कृष्ट कैडेट्स को प्रदान की पुरस्कार राशि

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ऑल इंडिया बेस्ट कैडेट कॉम्पीटिशन में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली सीनियर अंडर ऑफीसर कौशिकी शुक्ला को मुख्यमंत्री पुरस्कार राशि के रूप में एक लाख रूपए का चेक प्रदान कर सम्मानित किया। इसी प्रकार ऑल इंडिया बेस्ट कैडेट कॉम्पीटिशन में आर्यन सेन को भी एक लाख रूपए का चेक प्रदान किया गया। ऑल इंडिया बेस्ट कैडेट कॉम्पीटिशन में सृष्टि मिश्रा और नादया पनहोत्रा को द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर 75-75 हजार रूपए, रिमाउंट एंड वेटनरी कॉप्स घुड़सवारी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर वसुंधरा दुबे को एक लाख रूपए, ऑल इंडिया आइडिया एंड इनोवेशन काम्पीटिशन के फाइनलिस्ट रहे आयुष गौतम को 50 हजार रूपए, शूटिंग कॉम्पीटिशन में प्रथम स्थान प्राप्त अरहमना तनवीर और नंदिनी सिंह को 50-50 हजार रूपए तथा राष्ट्रीय स्तर पर शूटिंग प्रतियोगिता के लिए चयनित हुईं अर्शिका मिश्रा को 50 हजार रूपए की राशि मुख्यमंत्री पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की ओर से विशिष्ट एकता शिविर के प्रत्येक कैडेट को दो-दो हजार रूपए मुख्यमंत्री पुरस्कार राशि के रूप में प्रदान किए गए।

### मुख्यमंत्री ने 2 चीते और 3 शावकों को बाड़े से किया मुक्त, कहा-

# पर्यटन के क्षेत्र में कूनो की विशिष्ट पहचान







**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि यह देखकर अत्यंत सुख की अनुभूति होती है कि कभी एशिया महाद्वीप से विलुप्त हो चुके चीते आज मध्यप्रदेश की पावन धरा पर रफ्तार भर रहे हैं और अपना कुनबा भी बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम आने वाली पीढ़ियों के लिये वन्य-जीवन को सहेज कर रखने और जैव-विविधता के संरक्षण के लिये प्रतिबद्ध हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को पालपुर-कूनो नेशनल पार्क में मादा चीता आशा, धीरा और आशा के 3 शावकों को बाड़े से खुले जंगल में स्वच्छंद विचरण के लिये मुक्त किया। इसके साथ ही 2 नए शावकों सहित इस अभ्यारण्य में चीतों की संख्या 26 हो गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चीतों की पुनर्स्थापना से कूनो की पर्यटन के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बनेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहले 2 चीते खुले जंगल में छोड़े थे, जिससे वन्य जीवन में चीतों की पुनः बसाहट हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि आज 5 चीतों को जंगल में छोड़ने का अवसर मिला है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह चीते अच्छे से बढ़ें और पर्यटकों के लिये आकर्षण का केन्द्र बन सकें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कूनो अभयारण्य में ईको-टूरिज्म की पहल को प्रोत्साहित किया। इससे न केवल संरक्षण में मदद मिलेगी, बल्कि स्थानीय समुदायों के लिये रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को ग्रामीण आजीविका मिशन की स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने जड़ी-बूटियों से निर्मित राखी भेंट की। कार्यक्रम के दौरान संभागायुक्त ग्वालियर-चंबल मनोज खत्री, आई.जी. चंबल सुशांत सक्सेना, कलेक्टर श्योपुर अर्पित वर्मा, सीसीएफ उत्तम शर्मा और डीएफओ कूनो आर. थिरुकुराल सहित प्रशासनिक एवं वन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# कुंभ में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के पंडाल में आग लगी

**प्रयागराज, एजेंसी।** संगम की रेती पर लगे महाकुंभ मेले में स्थित 12 वें ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के शिविर में अचानक आग लग गई। तकरीबन सुबह 7 बजे हुई आग लगने की इस घटना से पूरे क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। यह तो गनीमत रही कि फायर बिग्रेड की मुस्तैदी के चलते आग पर



काबू पा लिया गया, कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन इस आग में लाखों का सामान स्वाहा हो गया। एक जगह जब तक

### साजिश का अंदेशा

आग बुझती तब तक दूसरी जगह भी लग गई। उनके अनुयायियों ने इसके पीछे कोई साजिश की आशंका जताई है। मंगलवार रात भी पार्किंग वाली जगह पर आग लग गई थी।

उल्लेखनीय है कि कल ही श्रद्धालुओं को लेकर उड़ा गैस का गुब्बारा भी फट गया था, जिसके कारण उसमें सवार 6 लोग घायल हो गए थे, जबकि एक व्यक्ति बुरी तरह झुलस गया। इधर आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की एक दर्जन भर से ज्यादा गाड़ियां मौके पर पहुंची। जहां फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने फौरन आग पर काबू पा लिया। प्रथम दृष्टया आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट को बताया जा रहा है।

### राष्ट्रीय फायलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की उप मुख्यमंत्री ने की समीक्षा

# फाईलेरिया को जागरूकता से करें जड़ से खत्म : शुक्ल

- 10 से 9 जिलों के 23 ब्लॉक में संचालित होगा अभियान
- वितरित दवाओं का नागरिक



**भोपाल, देशबन्धु।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय वल्लभ भवन में राष्ट्रीय फायलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की प्रगति और कार्य योजना की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने स्टेट टास्क फ़ोर्स की बैठक में निर्देश दिए कि सभी विभाग अंतर्विभागीय समन्वय और जागरूकता से फायलेरिया को जड़ से ख़त्म करें। उन्होंने निर्देश दिए कि विभिन्न विभाग मैदानी अमलों से 10 फ़रवरी से प्रारंभ हो रहे मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन जमीनी कार्यकर्ताओं का उन्मुखीकरण सुनिश्चित करें साथ ही अभियान में आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करें। बैठक में स्वास्थ्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जनजातीय कार्य, वन, नगरीय निकाय और आवास, स्कूल शिक्षा और केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और प्रतिनिधि उपस्थित थे।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग प्रभावित क्षेत्रों में युद्ध स्तर से प्रयास करें। उप मुख्यमंत्री ने प्रभावित क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि एमडीए अभियान में वितरित दवाओं का अवश्य सेवन करें। फायलेरिया के उन्मूलन में सहयोग करें। मिशन संचालक एनएचएम डॉ. सलोनी सिडाना ने बताया कि मध्यप्रदेश के छतरपुर, दतिया, कटनी, पन्ना, उमरिया रीवा, मउगंज, टीकमगढ़, निवाड़ी फायलेरिया बीमारी से ज्यादा प्रभावित हैं। वर्ष-2024 में प्रदेश के 4 जिलों सागर, सतना, छिन्दवाड़ा एवं दमोह में एमडीए को सफलतापूर्वक संचालन कर बंद कर दिया गया है। प्रदेश में 10 फरवरी से 25 फरवरी तक 9 जिलों के 23 चिन्हित विकासखण्डों में प्रशिक्षित दवा सेवकों के माध्यम से बूथ डे एवं घर-घर भ्रमण के दौरान फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन समस्त पात्र हितग्राहियों को कराया जाएगा।

# सौरभ से पूछताछ करने ईडी जेल पहुंची, पूछा- 52 किलो सोना किसका



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम बुधवार को पूर्व आरटीओ कांस्टेबल सौरभ शर्मा से पूछताछ करने के लिए भोपाल के केंद्रीय जेल पहुंची। कोर्ट आदेश दिखाकर ईडी के 3 अधिकारियों ने जेल के भीतर प्रवेश किया। उन्होंने विगत 19 दिसंबर को एक कार में मिले 52 किलो सोना और करोड़ों रुपए नकदी के मामले को लेकर सौरभ से पूछताछ की।

ईडी के अधिकारियों ने सौरभ से जानना चाहा कि मेंडोरी के उसके करीबी के फार्म हाउस के समीप मिली इनोवा कार में मिले 52 किलोग्राम से अधिक सोना और करीब 11 करोड़ नगदी कहां से कमाया गया। जिसके बाद सौरभ ने दोनों संपत्तियां का खुद का होने से इंकार कर दिया है, लेकिन ईडी के अधिकारी यह मानने तो तैयार नहीं हैं कि वह संपत्ति सौरभ शर्मा की नहीं है। ईडी के पहले लोकायुक्त पुलिस ने भी पूछताछ में कुछ हासिल नहीं कर पाई, लेकिन उसकी संपत्ति में जितने भी पार्टनर हैं। उसकी स्कूल और अन्य व्यवसाय में कुछ कर्मचारी ऐसे हैं, जिनके नाम पर करोड़ों की संपत्ति है। लोकायुक्त पुलिस व अन्य जांच एजेंसियों को अब तक की जांच में पता चला है कि वह संपत्ति सौरभ शर्मा की बेनामी संपत्ति है, उसने ही रिश्तेदारों और करीबी कर्मचारियों के नाम पर संपत्ति में निवेश किया है। इस आधार पर लोकायुक्त पुलिस सौरभ शर्मा के कई रिश्तेदारों व कर्मचारियों को भी आरोपी बनाने की तैयारी में है। सौरभ से पूछताछ पूरी होने के बाद चेतन सिंह गौर और शरद जायसवाल से भी ईडी के अधिकारी पूछताछ करेंगे। ईडी की छापेमारी में भी बहुत से ऐसे दस्तावेज मिले हैं, जिनमें तीनों की सांझेदारी और बेनामी संपत्तियां होने के सबूत हैं।

## भारत-बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ व घुसपैठियों में झड़प

**कोलकाता/दिसपुर, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में भारत-बांग्लादेश सीमा पर बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स पर की सीमा पार से आने वाले घुसपैठियों ने झड़प हुई। झड़प के दौरान एक जवान घायल हुआ। एक घुसपैठिया भी गिरफ्तार किया गया है। घुसपैठिए भारी संख्या में लाठी-डंडे लेकर आए थे और उनके पास वायर कटर भी था। बीएसएफ जवानों ने जब उन्हें ललकारा तो रुकने के बजाय आक्रामक तरीके से उन पर तेज धार वाले हथियारों से हमला कर दिया।

## तिरुपति मंदिर से गैर-हिंदू कर्मचारियों को हटाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम ने गैर-हिंदू कर्मचारियों के खिलाफ बड़ा एक्शन लिया है। टीटीडी की ओर से एक ज्ञापन भी जारी किया गया है, जिसमें बताया गया 18 कर्मचारियों को संस्थान से हटाया गया है, जो गैर-हिंदू धार्मिक परंपराओं का पालन कर रहे थे। भगवान वेंकटेश्वर मंदिर की पवित्रता को प्राथमिकता देते हुए संस्थान ने इन कर्मचारियों को हटाने का फैसला किया है।

## मैदानी राज्यों में गर्मी बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के तमाम इलाकों में तापमान रफ्तार पकड़ने लगा है, महाराष्ट्र, विदर्भ, तेलंगाना, तटीय आंध्र प्रदेश और यनम के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान 35-38 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड किया जा रहा है। वहीं, दक्षिण छत्तीसगढ़, ओडिशा, तटीय कर्नाटक, केरल और माहे के अलग-अलग हिस्सों में भी यह 35-38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। जबकि कल देश के मैदानी इलाकों में तेलंगाना के आदिलाबाद में अधिकतम तापमान 37.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# अन्नदाता अधिकार रैली व वल्लभ भवन का घेराव करने महाकौशल प्रांत से पहुंचे सैकड़ों किसान





## सरकार ने मांगें मानी, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के तौर पर ज्ञापन लेने किसानों के बीच पहुंचे उप मुख्यमंत्री देवड़ा

**जबलपुर, देशबन्धु।** ''सस्ती बिजली, खाद और पानी, मांग रही है आज किसान'' और ''हम अपना अधिकार मांगते नहीं किसी से भीख मांगते'' के नारों का उद्घोष करते प्रदेश के हजारों किसान राजधानी भोपाल पंहुचे और अपनी मांगों व समस्याओं का ज्ञापन प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा को सौंपा। किसानों की समस्याओं व मांगों को धैर्यपूर्वक सुनकर किसानों को संबोधित करते हुये उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव किसानों के प्रति संवेदनशील है। उन्होंने निर्देश दिया कि किसानों को वल्लभ आने की आवश्यकता नहीं है, वल्लभ भवन को चलाने वाली सरकार ही किसानों के बीच जायेगी। श्री देवड़ा ने आगे कहा कि खेती व किसानों की योजनाओं के क्रियान्वयन में जो प्रशासनिक कमी है। सरकार समीक्षा कर उस कमी को दूर करेगी। इसके साथ ही ज्ञापन में जो समस्यायें व मांगे किसानों ने रखी है। उस पर सरकार काम करते हुये उन्हें दूर करने का प्रयास भी करेगी।

**किसानों ने समस्याओं का थैला सौंपा-** भारतीय किसान संघ ने किसानों से अपनी राजस्व व अन्य समस्याओं को प्रमाण के साथ लाने कहा था। प्रदेश भर से आये किसानों की समस्याओं का थैला मंच पर ही ज्ञापन के साथ उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा को सौंपा। जिस पर उन्होंने कार्यवाही करने की बात कही।प्रदेशभर से आये किसानों का आक्रोश उनके भाषड़ों में देखने मिला। किसान राजस्व, सिंचाई, खाद, बीज, बिजली, पशुपालन, न्यूनतम समर्थन मूल्य, मंडी सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रशासन व सरकार से नाराज दिखा और प्रशासन व सरकार को खरी खरी सुनाते हुये जमकर भड़ास निकाली। **ये रहे शामिल-** भारतीय किसान संघ के अन्नदाता अधिकार रैली में किसान संघ के अखिल भारतीय कार्यकारी अध्यक्ष रामभरोस वासोतिया, अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेंद्र सिंह पटेल, क्षेत्र संगठन मंत्री महेश चौधरी, प्रांत संगठन मंत्री मनीष शर्मा, प्रांत अध्यक्ष सर्वज्ञ दीवान ने संबोधित किया। इस के साथ ही प्रांत महामंत्री शिवनंदन रघुवंशी, पवन शर्मा, प्रांत प्रचार प्रमुख राहुल धूत, प्रदेश महामंत्री चंद्रकांत गौर, नमोनारायण दीक्षित, कैलाश ठाकुर, जगराम यादव सहित प्रदेश भर से आये जिलों के अध्यक्ष, प्रांत, प्रदेश पदाधिकारियों सहित हजारों की तादाद में प्रदेश भर से आये किसानों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। मंच संचालन प्रांत कोषाध्यक्ष सतीश तिवारी ने किया।

### पटवारी प्रदेश के राजा बन बैठे हैं- राघवेन्द्र पटेल

अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेन्द्र सिंह पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में पटवारी राजा बन गए हैं उन्हें किसी का भय नहीं है। जिलों में प्रशासनिक व्यवस्था में व्याप्त भृष्टाचार से किसान परेशान हो गया है। समस्याओं व मांगों के अनेक ज्ञापन देने के बावजूद भी कहीं कोई सुनवाई नहीं है। इसलिये मजबूरीवश किसानों को सरकार व प्रशासन से सीधा संवाद करने राजधानी भोपाल की सड़कों पर आकर अन्नदाता अधिकार रैली व वल्लभ भवन का घेराव कर प्रदर्शन करना पड़ रहा है। किसान पटवारी से लेकर जिला प्रशासन सन तक की प्रशासनिक कार्यप्रणाली से संतुष्ट नहीं है।

## महाराष्ट्र : घर के बाहर साइकिल चला रहे बिल्डर के बेटे का अपहरण

**संभाजीनगर।** छत्रपति संभाजीनगर में सनसनीखेज अपहरण की एक घटना से हड़कंप मच गया है। मंगलवार की रात शहर के मशहूर बिल्डर सुनील तुपे के 7 वर्षीय बेटे को अगवा कर लिया गया। वारदात तब हुई, जब बच्चा रात 9 बजे घर के बाहर साइकिल चला रहा था। अचानक एक कार वहां आकर रुकी और उसमें सवार 3-4 अज्ञात लोग बच्चे को जबरदस्ती गाड़ी में बैठाकर फरार हो गए। इस घटना के बाद पूरे इलाके में खलबली मच गई।

**सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखी घटना-** जानकारी मिलते ही परिवार वालों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। कुछ ही देर बाद सुनील तुपे के पास एक फोन आया, जिसमें दो करोड़ रुपये की फिरौती मांगी गई। यह सुनते ही परिजन घबरा गए और पुलिस को पूरी जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने घर के पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें साफ दिखा कि एक स्विफ्ट कार बच्चे के पास आकर रुकी और कुछ ही सेकंड में उसे लेकर भाग गई। हालांकि, इस वीडियो में कार का नंबर स्पष्ट नहीं दिख रहा, जिससे जांच में परेशानी आ रही है।

### फोन कर मांगी 2 करोड़ की फिरौती

पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी। शुरुआती जांच में पता चला कि फिरौती के लिए जो कॉल आया था, वह जिले के सिल्लोड तहसील से किया गया था। पुलिस ने कॉल को ट्रेस करने की कोशिश की, लेकिन फोन स्विच ऑफ आ रहा है। ऐसे में अपराधियों तक पहुंचना पुलिस के लिए एक चुनौती बन गया है। इस हाई-प्रोफाइल किडनैपिंग केस का खुलासा करने के लिए छत्रपति संभाजीनगर पुलिस आयुक्त प्रवीण पवार ने एक विशेष टीम गठित की है। इस टीम में अनुभवी पुलिस अधिकारी शामिल किए गए हैं, जो बच्चे की सुरक्षित वापसी के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। बिल्डर के बेटे के अपहरण की खबर पूरे शहर में चर्चा का विषय बन गई है। लोगों में डर और चिंता का माहौल है।


## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

**नाम सुधार सूचना**

मैं, आर्मी नंबर 6947099N, HAV AGRE NILESH GANPAT, यूनिट- MCMM, जबलपुर (म.प्र.) में कार्यरत हूँ। मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम AGARE NILESH GANPAT दर्ज है, जो कि गलत है, मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम AGRE NILESH GANPAT दर्ज है, जो कि सही है। मेरा सही नाम AGRE NILESH GANPAT को मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।
Aff. No. - 32AA 569960
पुराना नाम AGARE NILESH GANPAT
सही नाम AGRE NILESH GANPAT

**नाम सुधार सूचना**

मैं PRANAV NILESH AGRE S/o आर्मी नंबर 6947099N, HAV AGRE NILESH GANPAT, यूनिट- MCMM, जबलपुर (म.प्र.) में कार्यरत हूँ। मेरे पिता के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम PRANAV दर्ज है, जो कि गलत है, मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम PRANAV NILESH AGRE दर्ज है, जो कि सही है। अतः मेरे सही नाम को मेरे पिता के सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।
Aff. No. - 32AA 569963
पुराना नाम PRANAV
सही नाम PRANAV NILESH AGRE

**नाम सुधार सूचना**

मैं SHREYA NILESH AGRE D/o आर्मी नंबर 6947099N, HAV AGRE NILESH GANPAT, यूनिट- MCMM, जबलपुर (म.प्र.) में कार्यरत हूँ। मेरे पिता के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम SHREYA दर्ज है, जो कि गलत है, मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम SHREYA NILESH AGRE दर्ज है, जो कि सही है। अतः मेरे सही नाम को मेरे पिता के सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।
Aff. No. - 32AA 569961
पुराना नाम SHREYA
सही नाम SHREYA NILESH AGRE

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, Minaxi is legally MOTHER of Army no - 15697202M Rank. - NK NAME. - Suresh UNIT. - 11 RAPID (H) SIG REGT (AREN) C/O 56APO PIN - 917811 Home Address Vill - Naganur P A Post -Tavashi Teh -Athani Dist-Belgaum State -Karanataka Pin Code -591212. I have changed my name Minaxi to Minaxi Basappa Kumbar and date of birth 01/07/1960 to 01/01/1948 Vide Affidavit before Notary, Jabalpur M.P.

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 05/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सुश्री मनीषा तिवारी पिता श्री विनोद कुमार तिवारी ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक प्लाट नं.-354 फैस-2 पार्ट-2 चैतन्यसिटी कजरवारा सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1004514190 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 1500 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज प्रतिभा पाठक पिता श्री संजय पाठक का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
र.नं. 2922
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सं. क्र.11/19-20/.. दि.05/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती पूजा मिश्रा पत्नी श्री अरूणेंद्र मिश्रा ने वार्ड क्रमांक 54 वार्ड का नाम पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड के भवन क्रमांक 1479/ध-40 समदड़िया कालोनी कांचघर सम्पत्ति के पिन क्रमांक 43000844, 1000430273, डोर टू डोर 1000161651, जलकर सर्विस नं. 1002511472 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा .... व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 1000 व.फु. आरसीसी, प्रथम तल 600 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र दानपत्र/शपथ पत्र/मृत्यु प्रमाण पत्र/वसीयतनामा/त्यागपत्र/ रिलीजडीड/ बटवारानामा के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती थेमस टी कंजीरम पिता श्री थोमस का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
र.नं. 2922
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, SABINA DARNAL is legally wedded spouse of Army No 13767283L Rank HAV Name DIPEN LOHANI Presently residing at Vill-AVONGROVE TE KOTHI DHURA PO- NAGRISPUR Teh- DARJEELING Distt DARJEELING (WB) PIN-734215 शपथ पूर्वक कथन करती हूं कि मेरा नाम SABINA DARNAL to SABINA DARNAL LOHANI में परिवर्तन हुआ है इस आशय का शपथ पत्र साथ में संलग्न है द्वारा शपथ पत्र No 33AA 622617 दिनांक 05/02/2025 नोटरी जबलपुर म प्र।
INCORRECT NAME - SABINA DARNAL
CORRECT NAME - SABINA DARNAL LOHANI

**नाम सुधार सूचना**

मैं VRUSHALI NILESH AGRE W/o आर्मी नंबर 6947099N, HAV AGRE NILESH GANPAT, यूनिट- MCMM, जबलपुर (म.प्र.) में कार्यरत हूँ। मेरे पति सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम VRUSHALI MADHKAR KULE दर्ज है, जो कि गलत है, मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम VRUSHALI NILESH AGRE दर्ज है, जो कि सही है। अतः मेरे सही नाम को मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।
Aff. No. - 32AA 569962
पुराना नाम VRUSHALI MADHKAR KULE
सही नाम VRUSHALI NILESH AGRE




र.नं. 2232

जबलपुर, गुरुवार 06 फरवरी 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## निर्वासन: काम न आई ट्रम्प-मोदी मित्रता

जिस डोनाल्ड ट्रम्प को उनके दोबारा राष्ट्रपति बनने के अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'माई फ्रेंड' कहकर अपनी बधाइयां दी थीं, उन्हीं ट्रम्प ने मोदी को 'रिटर्न गिफ्ट' के रूप में 104 भारतीयों को अवैध प्रवासी बताकर एक सैन्य जहाज में भरकर लौटा दिया है- वह भी अपराधियों की तरह हाथ-पांवों में हथकड़ी-बेड़ियां डालकर तथा उनकी कमर को जंजीरों से जकड़ कर। सी-17 ग्लोबमास्टर नामक सेना का जो हवाई जहाज बुधवार को अमृतसर एयरपोर्ट पर उतरा, उसमें से उतरने वालों के मन में गहन अपमान का दर्द तो साफ़ दिख रहा था, पूरा देश इसे लेकर अभूतपूर्व बेइज़्ज़ती महसूस कर रहा है जो स्वतंत्र भारत के इतिहास में उसकी कभी भी नहीं हुई थी। एक ओर तो अपने आप को विश्व गुरु होने का दावा करने वाले मोदी की यह बड़ी कूटनीतिक हार है, तो वहीं दूसरी ओर इस घटना ने यह भी साफ कर दिया है कि भारतीयों का एक बड़ा वर्ग ऐसा है जिनमें न राष्ट्रीय गौरव बचा है और न ही मानवाधिकार की चेतना। यह वह वर्ग है जो भारतीय जनता पार्टी का समर्थक तथा हमेशा की तरह मोदी व सरकार के साथ खड़ा है। जो भी हो, भारत सरकार अपने नागरिकों के साथ उनके जीवन की सबसे दुखद व शर्मसार करने वाली घड़ी में साथ खड़े होने में नाकाम रही है।

यह पहली खेप है। अमेरिका ने लगभग 18 हजार अवैध प्रवासियों की शिनाख़्त कर ली है। भारत सरकार की सहमति से उन्हें भेजा गया है, जो और भी शर्मनाक है। यानी अभी इसी तरीके से और भी कई जहाज देश के विभिन्न हवाई अड्डों पर उतरेंगे। इस जहाज को अमृतसर इस कारण से उतारा गया था क्योंकि इस खेप में ज्यादातर वे लोग हैं जो पंजाब और गुजरात से हैं। हालांकि जिन ऐसे अवैध प्रवासियों को निकाला जाना है उनमें पंजाब, हरियाणा, दिल्ली आदि के ज्यादा बताये जाते हैं। ट्रेवल एजेंटों को भारी-भरकम राशि देकर बगैर वैध दस्तावेजों के ये लोग अमेरिका में रह रहे थे। कई लोग कनाडा होकर अमेरिकी सीमा को पार करते हुए बेहतर जीवन-यापन की तलाश में उस विकसित देश में पहुंचे थे। ऐसा नहीं कि केवल भारत के ही लोग इस पद्धति से वहां पहुंचे हैं, जिसे 'डंकी' तरीका कहा जाता है। अनेक लातिन अमेरिकी, अफ्रीकी तथा एशियाई मुल्कों के लोग अमेरिका जाते हैं। चूंकि इन देशों में आजीविका के पर्याप्त अवसर नहीं हैं तथा समानता और रोजगार के लिहाज से अमेरिका दुनिया भर के लोगों को आकर्षित करता है, वहां एक बड़ी आबादी ऐसे लोगों की है जो इसी तरह से वहां पहुंची हुई है। अवसर मिलने पर वे अपने कागज़ात को ठीक कराते हैं और विभिन्न उपायों से वहां स्थायी व कानूनी रूप से रहने की मंजूरी पा लेते हैं। 2022 में प्रसिद्ध सिने निर्देशक राजकुमार हिरानी ने अवैध आप्रजन के कथानक पर आधारित इसी नाम से एक फिल्म बनाई थी- 'डंकी'। हालांकि उसमें गैरकानूनी तरीके से लंदन जाने की कहानी है पर इस तरीके को पूरे पश्चिम जगत में अपमानजनक व उपहासात्मक तरीके से डंकी कहा जाता है।

2024 में जब अमेरिकी राष्ट्रपति का चुनाव हुआ था तो ट्रम्प ने इसे बड़ा मुद्दा बनाया था। उनकी 'अमेरिका फर्स्ट' की नीति के तहत ट्रम्प ने ऐलान किया था कि वे अगर जीते तो सभी अवैध प्रवासी खदेड़ दिये जायेंगे। उन्होंने इसके लिये अपने देश को यह कहकर तैयार किया कि अवैध प्रवासियों के कारण अमेरिकियों के लिये अवसर और संसाधन पूरे नहीं पड़ते हैं। इस मुद्दे पर उन्हें समर्थन भी मिला था। इसके तहत उन्होंने अपना वादा पूरा किया। भारत के अलावा ग्वाटेमाला, होंडुरास, पेरू तथा इक्वाडोर के प्रवासियों को अमेरिका डिपोर्ट कर चुका है। ये बहुत छोटे देश हैं लेकिन कोलंबिया और मैक्सिको ने न सिर्फ रीढ़ की हड्डी दिखलाई बल्कि अपने नागरिकों के सम्मान की रक्षा भी की। उन्होंने अमेरिकी सैन्य विमानों को अपने हवाई अड्डों पर उतरने की अनुमति नहीं दी। बाद में मैक्सिको ने अमेरिका की सीमा से अपने नागरिकों को वापस लिया तथा कोलंबिया ने अपने जहाज भेजकर उनकी सम्मानजनक स्वदेश वापसी कराई।

भारत के लिये यह पूरा वाकया इसलिये दुखद है क्योंकि सरकार ने अमेरिकी प्रशासन के साथ मिलकर ऐसा कोई उपाय ढूंढने की कोशिश ही नहीं की कि अवैध प्रवासी ही सही, लेकिन उनकी सम्मानजनक वापसी हो। भारत सरकार के पास पर्याप्त समय था। भारत ने इसके पहले युद्ध या अन्य परिस्थितियों में अलग-अलग देशों में फंसे भारतीयों को निकाला है। यह माना जा सकता है कि यह विशिष्ट स्थिति है, लेकिन अब कम से कम बचे लोगों की सम्मानपूर्वक वापसी कराई जाये। यह कहकर उन्हें लावारिस नहीं छोड़ा जा सकता कि 'वे अवैध रूप से गये थे' या 'क्या वे सरकार को बता कर गये थे?' भारत को अमेरिकी सरकार से इस बाबत कड़ाई से बात करनी चाहिये क्योंकि बेड़ी-हथकड़ियों में नागरिकों का लाया जाना किसी भी देश के लिये नहीं वरन समस्त मानवीयता के लिये एक कलंक है।

इस घटना ने जहां एक ओर भारत सरकार की कमजोरी को साबित किया है वहीं उन लोगों की कथित देशभक्ति का भी खुलासा हो गया जो किसी भी कीमत पर सरकार के साथ खड़े होकर उसकी नाकामियों को महिमा मंडित करते हैं। ऐसे लोगों ने एक बार फिर से साबित कर दिया है कि उनके लिये देश का सम्मान कोई मायने नहीं रखता और उनकी पार्टी उनके लिये स्वाभिमान तथा राष्ट्रीय गौरव से बढ़कर है। दुर्भाग्य से यही वह वर्ग है जो देशभक्ति का दावा करता है।

# लोकतंत्र को निगलता पूंजीवाद

### दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

अपने दूसरे कार्यकाल में कुछ और ज्यादा दबंग होकर शासन करने की मंशा पाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अब बेहद खतरनाक खेल खेलने पर उतारू हो गए हैं। ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अमेरिका के पहले विदेशी मेहमान बने। इस बात से ही जाहिर हो जाता है कि अमेरिका और इजरायल के बीच किस किस्म की घनिष्ठता है। नेतन्याहू से मुलाकात के बाद एक प्रेस कांफ्रेंस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ग़ज़ा पर अमेरिका के नियंत्रण से जुड़ा चौंकाने वाला प्रस्ताव पेश किया। ट्रंप का मानना है कि ग़ज़ा एक ऐसी जगह है जहां सब कुछ ध्वस्त हो चुका है। अब अमेरिका ग़ज़ा पट्टी को नियंत्रण में लेकर यहां से ज़िंदा बमों को हटाकर, पुनर्निमाण करके अर्थव्यवस्था को गति देने का काम कर सकता है। बकौल ट्रंप फ़िलीस्तीन के लोग केवल इसलिए ग़ज़ा वापस जाना चाहते हैं क्योंकि उनके पास कोई विकल्प नहीं है। इसलिए ट्रंप ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि गज़ा के 18 लाख लोगों को दूसरे अरब देशों में भेज देना चाहिए, ताकि अमेरिका ग़ज़ा पर नियंत्रण करे और इस बर्बाद हो चुके फ़िलीस्तीनी क्षेत्र को फिर से बनाए। जब पत्रकारों ने उनसे पूछा कि क्या उनके इस ताज़ा रुख़ के मायने ये हैं कि वो इज़रायल और फ़िलीस्तीन के विवाद को सुलझाने के लिए 'दो राष्ट्र सिद्धांत' के ख़िलाफ़ हैं। तो ट्रंप ने जवाब दिया, 'इसका दो राष्ट्र या एक राष्ट्र या किसी भी राष्ट्र से कोई मतलब नहीं है।'

गनीमत है कि जवाब देने में ट्रंप ने ईमानदारी दिखाई कि इसका किसी भी राष्ट्र से कोई मतलब नहीं है। वैसे भी ट्रंप इस समय जो कर रहे हैं, वही अमेरिका की मंशा हमेशा से रही है। फर्क यही है कि अब तक के राष्ट्रपतियों ने खुलकर गज़ा पर अधिकार जमाने की बात नहीं की थी, ट्रंप विकास, रोजगार और पुनर्निर्माण जैसे शब्दों की जुगाली करते हुए इस बात को बेझिझक कह रहे हैं। ट्रंप ने ग़ज़ा पट्टी की तुलना नरक से करते हुए कहा, 'यहां लोगों को कभी जीने का मौका नहीं मिला।' हालांकि उनसे पूछा जाना चाहिए कि गज़ा को नरक बनाने में अमेरिका की भूमिका के बारे में वे क्या कहेंगे। यहूदियों को बसाने के लिए इजरायल नाम के नए देश का निर्माण आखिर किस की पहल पर हुआ। ट्रंप अब भी गज़ा के लोगों को दूसरे अरब देशों में भेजने की बात कर रहे हैं, अगर उन्हें भलाई करने का इतना ही शौक है तो क्यों नहीं अमेरिका में उन्हें बसने बुला लेते। अभी तो वे अमेरिका से उन लोगों को भी खदेड़ रहे हैं, जिनके पास अमेरिकी कानून के तहत पूरे कागज़ात नहीं हैं। ऐसे प्रवासी अवैध कहे जा सकते हैं, लेकिन ट्रंप तो इन्हें अपराधियों की तरह हथकड़ी लगाकर वापस भेज रहे हैं। भारत में भी बुधवार को ऐसे प्रवासी भारतीयों की पहली खेप आई है। वैश्विक स्तर पर यह देश का बड़ा अपमान है। अफसोस की बात यह है कि इतनी बड़ी शर्मिंदगी का अहसास प्रधानमंत्री को नहीं है, वे गंगाजी में डुबकी लगाने का आनंद ले रहे हैं।

बहरहाल, गज़ा पर ट्रंप की योजना पर उनसे पूछा गया कि 'क्या भविष्य में ग़ज़ा पर अमेरिका का स्वामित्व होगा, क्या आप किसी संप्रभु क्षेत्र पर कब्ज़ा करने की बात कर रहे हैं?' तो ट्रंप ने कहा, 'हां'. वह अमेरिका की अगुवाई में लंबे समय तक ऐसा नियंत्रण करने की कल्पना कर रहे हैं। उस ज़मीन के टुकड़े पर अधिकार पाना, उसका विकास करना, हज़ारों नौकरियां पैदा करना। ये वाकई शानदार होगा। हर कोई इस विचार को पसंद करता है।' इस हर कोई में कौन-कौन शामिल है, इसका खुलासा तो अभी नहीं हुआ है, लेकिन मिस्र, जॉर्डन, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, क़तर, फ़िलीस्तीनी प्राधिकरण और अरब लीग ने एक साझा बयान जारी करते हुए ट्रंप की इस योजना को ख़ारिज और चेतावनी दी है कि इस तरह की योजना क्षेत्रीय स्थिरता के लिए ख़तरा पैदा करेंगी और संघर्ष तेज़ होने का जोख़िम भी बढ़ाएगी। हमास भी स्वाभाविक तौर पर इस योजना से नाराज़ है। गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय कानूनों के तहत किसी जगह की आबादी को जबरन कहीं और भेजना प्रतिबंधित है। लेकिन ट्रंप खुलेआम इस कानून की धज्जियां उड़ाने की योजना बता रहे हैं। अरब देश इसकी मुखालफत भले ही कर लें, लेकिन क्या ट्रंप को इस योजना पर अमल करने से रोका जा सकेगा, यह बड़ा सवाल है। क्योंकि ट्रंप के इर्द-गिर्द इस समय जो लोग खड़े हैं, उनके लिए मुनाफा ही सबसे बड़ा धर्म है और इसमें इंसानियत जैसे शब्दों की कोई जगह नहीं है।गज़ा को स्वर्ग बनाने के पीछे किस तरह भू राजनैतिक स्थितियों से छेड़छाड़ होगी, इजरायल और अमेरिका की खुफिया एजेंसियां, सेनाएं और तकनीकी ताकतें किस तरह के दुष्चक्र रचेंगी, इनका अंदाजा भी फिलहाल नहीं लगाया जा सकता। हालांकि ट्रंप के एक और फैसले से इस खेल की चालाकी समझी जा सकती है। टेस्ला कंपनी के मालिक, दुनिया के सर्वाधिक अमीर कारोबारियों में से एक और इस समय ट्रंप के सबसे करीबी माने जाने वाले एलन मस्क की पहुंच अब अमेरिकी सरकार की भुगतान प्रणाली तक हो गई है। मस्क द्वारा संचालित डीओजीई यानी सरकारी दक्षता विभाग को सामाजिक सुरक्षा और मेडिकेयर ग्राहक भुगतान प्रणालियों सहित संवेदनशील वित्तीय डेटा तक पहुंच मिल गई है। डीओजीआई को लेकर पहले ही अमेरिका में संदेह व्यक्त किया जा रहा है। ट्रम्प प्रशासन ने इस टास्क फोर्स का गठन ही इसलिए किया है ताकि संघीय कर्मचारियों को नौकरी से निकालने, कार्यक्रमों में कटौती करने और संघीय नियमों को कम करने के तरीके खोजे जा सकें। आसान शब्दों में कहें तो सरकार अपनी जिम्मेदारी इस टास्क फोर्स के जरिए कम करना चाहती है। इसकी कमान एलन मस्क के हाथों में है, जो विशुद्ध कारोबारी हैं और जिन्हें सरकार के संचालन में हिस्सा लेने के लिए अमेरिकी जनता ने निर्वाचित नहीं किया। अमेरिकी जनता ने डोनाल्ड ट्रंप को राष्ट्रपति चुना है। लेकिन ट्रंप बेहतर प्रशासन के नाम पर कारोबारियों को बढ़ावा दे रहे हैं। अमेरिकी ट्रेजरी तक मस्क की पहुंच इसका बड़ा प्रमाण है। डेमोक्रेटिक पार्टी के कई सांसद इस बात से काफी परेशान हैं कि मस्क के पास अमेरिकी सरकार में बहुत अधिक शक्ति है, उन्हें डर है कि मस्क के लोग अपने राजनीतिक एजेंडे के अनुरूप भुगतान को अवैध रूप से रोक सकते हैं। मस्क सोशल मीडिया पर भी इस बात को कह चुके हैं कि वे चैरिटी यानी कल्याणकारी कार्यों के लिए दिए जाने वाले भुगतान को बंद कर देंगे। ध्यान रहे कि ट्रेजरी के भुगतानों का प्रबंधन राजकोषीय सेवा द्वारा किया जाता है, जो सालाना 1.2 बिलियन डॉलर से अधिक लेनदेन करती है। अब इस लेनदेन तक मस्क की पहुंच हो चुकी है, जिसकी आलोचना अमेरिका में मीडिया और विपक्ष दोनों कर रहे हैं। ट्रंप को सत्ता संभाले अभी महीना भर भी नहीं हुआ और उनके फैसले जाहिर कर रहे हैं कि अमेरिका में पूंजीवाद और अमेरिका का पूंजीवाद पूरी तरह बेनकाब होकर दुनिया के सामने आ गए हैं। दुनिया में लोकतंत्र की रक्षा और बहाली के नाम पर अपनी पिट्ठू सरकारें बनवाने वाला अमेरिकी पूंजीवाद अब कौन से कहर ढाएगा, यह सोचकर ही डर लगता है। क्योंकि इस खेल का प्रतिरोध भी होगा और उससे नए संघर्षों का जन्म होगा। भारत इन बदले हालात में किस तरह अपनी मजबूती दिखाएगा, इसमें भी संशय है। ट्रंप के शपथ ग्रहण में प्रधानमंत्री मोदी को निमंत्रण नहीं था, लेकिन मुकेश अंबानी वहां सपत्नीक मौजूद थे। अमेरिका में पहले विदेशी मेहमान इजरायली प्रधानमंत्री बने और उस समय अमेरिका से अवैध प्रवासियों को भारत भेजने की तैयारी हो रही थी। नरेन्द्र मोदी के अपने दोस्त ट्रंप से फोन पर की गई बातचीत से भी कोई खास उम्मीद नहीं बंधी। जिस तरह नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में कुछ खास उद्योगपतियों को बढ़ावा मिला, उसी तरह मस्क अमेरिकी सरकार पर हावी दिख रहे हैं। एक उद्योगपति के सरकार पर नियंत्रण बढ़ने के नतीजे अमेरिका में सामने आने लगे हैं, भारत के नागरिकों को भी अपने देश में ऐसे ही हालात बनने का डर लगना चाहिए। राहुल गांधी ने संसद में इस बात को समझाने की कोशिश की थी, लेकिन उनके एआई के जवाब में प्रधानमंत्री मोदी ने डबल एआई वाला बयान देकर बता दिया कि अमेरिका का जो अभी हाल है, जल्द ही भारत में भी पूंजीवाद लोकतंत्र को ऐसे ही निगलेगा।

> **ट्रंप को सत्ता संभाले अभी महीना भर भी नहीं हुआ और उनके फैसले जाहिर कर रहे हैं कि अमेरिका में पूंजीवाद और अमेरिका का पूंजीवाद पूरी तरह बेनकाब होकर दुनिया के सामने आ गए हैं। दुनिया में लोकतंत्र की रक्षा और बहाली के नाम पर अपनी पिट्ठू सरकारें बनवाने वाला अमेरिकी पूंजीवाद अब कौन से कहर ढाएगा, यह सोचकर ही डर लगता है। क्योंकि इस खेल का प्रतिरोध भी होगा और उससे नए संघर्षों का जन्म होगा। भारत इन बदले हालात में किस तरह अपनी मजबूती दिखाएगा, इसमें भी संशय है।**

# बजट 2025-26 में भारी कर छूट का मोदी का दांव क्यों विफल होगा?

■ नित्य चक्रवर्ती

2025-26 के केन्द्रीय बजट को संसद में पेश किये जाने के बाद देश के आयकरदाताओं को भारी राहत दिये जाने पर भाजपा नेतृत्व वाली सरकार के मंत्रियों में जो उत्साह है, उसमें देश के उन अनुमानित एक करोड़ लोगों का भी योगदान हो सकता है, जिन्हें बजट प्रस्तावों से लाभ मिला है। लेकिन लोगों के उपभोक्ता व्यवहार पर इसका प्रभाव सीमित होगा और उतना बड़ा नहीं होगा, जितना कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित नीति निर्माता उनके होने का अनुमान लगा रहे हैं।

2025-26 के बजट के दो कार्य हैं, जो नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का दूसरा महत्वपूर्ण कार्य है। पहला, खपत को बढ़ावा देना, क्योंकि चालू वित्त वर्ष में खपत सुस्त रही है और दूसरा, युवाओं के लिए नौकरियों का तेजी से सृजन करना, क्योंकि बेरोजगारी चरम संकट बिंदु पर पहुंच गयी है। इन दोनों मामलों में, 2025-26 के बजट प्रस्तावों में कोई उम्मीद की किरण नहीं है। बजट निर्माताओं, खासकर प्रधानमंत्री में, भारी सुधार लाने की हिम्मत गायब है, हालांकि इसके लिए यह सबसे अच्छा समय था क्योंकि लोकसभा चुनाव चार साल दूर हैं। सत्तारूढ़ सरकार को अपने अस्तित्व के लिए तत्काल कोई खतरा नहीं है।

भाजपा नेतृत्व वाली सरकार ने अर्थव्यवस्था में खपत और उसके परिणामस्वरूप मांग को बढ़ावा देने के लिए आधा-अधूरा दृष्टिकोण अपनाया और रोजगार सृजन के कार्य को पूरी तरह से छोड़ दिया। इसका कुल प्रभाव यह होगा कि कुछ क्षेत्रों में खपत में वृद्धि की कुछ लहरें उठेंगी, लेकिन एक लाख करोड़ की कुल कर राहत, मांग चक्र को गति देने में सक्षम नहीं होगी क्योंकि ग्रामीण और शहरी गरीबों की खराब खर्च क्षमता सहित अन्य कारक स्थिर रहेंगे, जिससे खपत में सामान्य उछाल की प्रक्रिया पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

आयकरदाताओं को एक लाख करोड़ रुपये की राहत के बारे में वास्तविकता पर नजर डालते हैं। 2023-24 के आर्थिक सर्वेक्षण में सामने आये आंकड़ों के अनुसार, वेतनभोगियों में, 2023-24 में पुरुष श्रमिकों के लिए वास्तविक औसत मासिक वेतन 2017-18 में 12,665 रुपये से 6.4 प्रतिशत कम होकर 11,858 रुपये था। महिला श्रमिकों के लिए, इस अवधि के दौरान वास्तविक मजदूरी में और अधिक गिरावट आई। इसका क्या मतलब है? इसका मतलब है कि वेतनभोगी लोगों के एक बड़े हिस्से, विशेष रूप से निचले और मध्यम वर्ग को कुछ आवश्यक सामान प्राप्त करने के मामले में भी बदतर जीवन स्थितियों का सामना करना पड़ा। यह वर्ग नये सामान खरीदने नहीं जायेगा, बल्कि इस अवधि में छूटी हुई कुछ जरूरी चीजें वापस पाने की कोशिश करेगा।

पिछले दस वर्षों में मोदी सरकार की नीतियों का सबसे ज्यादा फायदा कॉरपोरेट सेक्टर को हुआ है। यह प्रक्रिया पिछले पांच वर्षों में ज्यादा स्पष्ट हुई। 2023-24 में मुनाफे में 22.3 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, लेकिन रोजगार में महज1.5 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। 2024-25 में व्यक्तिगत कर संग्रह में पिछले वर्ष की तुलना में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि कॉर्पोरेट कर के मामले में यह वृद्धि केवल 7 प्रतिशत रही। इसका मतलब यह है कि मध्यम वर्ग के आयकरदाता कॉर्पोरेट क्षेत्र की तुलना में सरकार के कर राजस्व में अधिक योगदान दे रहे हैं, जिसे नरेंद्र मोदी शासन के दौरान सबसे अधिक लाभ हुआ है।

2025-26 के बजट में रोजगार पहल के संबंध में, उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना पर नवीनतम रिपोर्ट कुल मिलाकर बिल्कुल भी आशाजनक नहीं है, हालांकि कुछ क्षेत्रों में परिणाम उत्साहजनक रहे हैं। दिसंबर 2024 में सीएमआईई की नवीनतम रिपोर्ट में बेरोजगारी का प्रतिशत 7.8प्रतिशत बताया गया है। भारत रोजगार रिपोर्ट 2024 में उल्लेख किया गया है कि आकस्मिक श्रमिक, जो कार्यबल का 25प्रतिशत हिस्सा हैं, उन्हें लगभग 4,712 रुपये मासिक वेतन मिलता है। स्व-नियोजित श्रेणी के लोग (जो कार्यबल का 42प्रतिशत हिस्सा बनाते हैं) प्रति माह लगभग 6,843 रुपये कमाते हैं। कर राहत से मध्यम वर्ग (5 से 30 लाख रुपये के बीच वार्षिक आय वाले) और निम्न आय वाले परिवारों (2 से 5 लाख रुपये के बीच वार्षिक आय वाले) के बीच उपभोग संकट को कम करने में मदद मिल सकती है। वे उपभोक्ता बाजार में सतर्कता से खर्च करने वाले होंगे क्योंकि उनके पास पहले से ही शिक्षा और स्वास्थ्य की लागत सहित आवश्यकताओं की मांग है। इनमें से अधिकांश समूह कृषि क्षेत्र, स्व-स्वामित्व वाले व्यवसायों और एमएसएमई क्षेत्र में कार्यरत हैं। साथ में, वे भारत की कामकाजी आबादी का 70प्रतिशत हिस्सा बनाते हैं, जिसमें 40 करोड़ कम उत्पादक कृषि क्षेत्र और लगभग 25 करोड़ एमएसएमई क्षेत्र में फंसे हुए हैं।

बढ़ती अर्थव्यवस्था में हाउसकीपिंग, सुरक्षा सेवाएं और अन्य गिग प्रकार की नौकरियों जैसे कम वेतन वाली और कम उत्पादक नौकरियों का सृजन भी हो रहा है। इस बजट में मोदी सरकार का पूरा दृष्टिकोण एक लाख करोड़ रुपये की राहत के तथाकथित गुणक प्रभाव पर आधारित है और यह अनुमान लगा रहा है कि पूरी राशि उपभोग के लिए खर्च की जायेगी, जो वास्तव में होने वाला नहीं है। अधिकतम 50,000 करोड़ रुपये कुल राशि का आधा हिस्सा नये उपभोग के लिए खर्च किया जा सकता है। आयकर देने वाले वर्ग के बाहर के लोग वस्तुओं की मांग में योगदान करने की किसी भी क्षमता के बिना उसी तरह संघर्ष करेंगे। बहुसंख्यक आबादी को उनकी व्यय शक्ति से वंचित रखकर विकास नहीं हो सकता।

सरकारी नीतियों में विरोधाभास पर एक नजर डालें। रुपये में धन से लबालब देश के अमीर और उच्च मध्यम वर्ग पहले की तुलना में सोने की खरीद और विदेश यात्रा पर बड़ा खर्च कर रहे हैं। विदेशी मुद्रा की लगातार मांग है। इसकी आपूर्ति सीमित होने के कारण, दैनिक आधार पर रुपये का विनिमय मूल्य लगभग लगातार घट रहा है। द्वितीयक बाजार से एफपीआई द्वारा बड़ी मात्रा में निकासी ने स्थिति को और जटिल बना दिया है। 2024 के पहले 11 महीनों में, भारत के सोने के आयात ने 47 अरब डॉलर का सर्वकालिक रिकॉर्ड बनाया। लाभार्थी कौन हैं? रत्न और आभूषणों का व्यापार करने वाले गुजरात के व्यापारी।

साथ ही, पिछले वित्त वर्ष में अमीर भारतीयों ने अंतरराष्ट्रीय यात्रा पर रिकॉर्ड 17 अरब डॉलर खर्च किये, जो पिछले वर्ष की तुलना में 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। भारतीय आबादी के ऊपरी तबके के पास धन की भरमार है, जबकि निचले स्तर के लोग दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भी संघर्ष कर रहे हैं। 2025-26 के बजट में गरीबों और निम्न मध्यम वर्ग के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कोई दृष्टि नहीं है। यह बेरोजगारी, विकास और समानता के विस्तार के उसी पुराने रास्ते पर चलता है और आयकर देने वाले वर्ग के बाहर की विशाल आबादी के हाथों में अधिक पैसा देकर उपभोग को बढ़ावा देने के लिए कोई बड़ा जोर नहीं देता है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी सही थे जब उन्होंने कहा कि यह 2025-26 का बजट गोली के घाव पर महजपट्टी बांधने जैसा है।

> **बढ़ती अर्थव्यवस्था में हाउसकीपिंग, सुरक्षा सेवाएं और अन्य गिग प्रकार की नौकरियों जैसे कम वेतन वाली और कम उत्पादक नौकरियों का सृजन भी हो रहा है। इस बजट में मोदी सरकार का पूरा दृष्टिकोण एक लाख करोड़ रुपये की राहत के तथाकथित गुणक प्रभाव पर आधारित है और यह अनुमान लगा रहा है कि पूरी राशि उपभोग के लिए खर्च की जायेगी, जो वास्तव में होने वाला नहीं है।**



## ललित सुरजन की कलम से

### अमेरिका को फिर अमेरिका बनने दो

*अफ्रीकी-अमेरिकी कवि लैंगस्टन ह्यूज़ की कविता का अंश*

**रूपांतर- ललित सुरजन**

*कहो तो, कौन हो,*
*तुम जो अंधेरे में बुदबुदा रहे हो?*
*कौन हो, तुम जो सितारों को ढांप रहे हो?*
*मैं गरीब श्वेत हूँ, छला गया और ढकेला गया,*
*मैं नीग्रो हूँ, गुलामगिरी के निशान ढोता हुआ,*
*मैं आदिवासी हूँ, अपनी धरती से बेदखल,*
*मैं अप्रवासी हूँ, मुट्ठी में आशा का बीज दबाए,*
*लेकिन घटित होते देखता हूँ*
*वही पुराना किस्सा हर रोज़,*
*एक दूसरे को नोंच खाने और*
*कमज़ोर पर सितम ढहाने का,*
*मैं नौजवान हूँ, उम्मीद और शक्ति से लबरेज़*
*लेकिन जकड़ा हुआ हूँ*
*उन्हीं पुरानी अंतहीन जंज़ीरों से*
*मुनाफा, ताकत, संचय और ज़मीन हड़पने की!*
*या सोना हड़पने की!*
*या अपने आराम के लिए अवसर हड़पने की!*
*दफ़्तर में गुलामों की!*
*वेतन का हिसाब लगाने की!*
*अपने लालच में सब कुछ हड़प लेने की!*
*मैं किसान हूँ, अपने गिरवी खेतों का मालिक,*
*मैं मज़दूर हूँ, मशीन के हाथों बिका,*
*मैं नीग्रो हूँ, तुम सबका क्रीतदास,*
*मैं व्यक्ति हूँ, लाचार, भूखा, क्षुब्ध,*
*भूखा हूँ आज भी, स्वप्न के बावजूद*
*पिटा हूँ मैं आज भी, हे अग्रगामी!*
*मैं वह हूँ जो कभी आगे नहीं बढ़ पाया-*
*बोलियाँ लगती रहीं जिस पर साल-दर-साल*
*मैं वह कमज़ोर कमिया हूँ।*
*फिर भी मैं वही हूँ*
*जिसने देखा था पहला स्वप्न*
*उस पुरानी दुनिया में*
*राजाओं की गुलामी करते हुए,*
*जिसने देखा था सपना*
*इतना दृढ़, इतना साहसमय, इतना सच्चा कि*
*उसका संगीत बहता है आज भी*
*हर ईंट और पत्थर में,*
*खेत की हर कतार में,*
*जिसने अमेरिका को बनाया वह जो आज है।*

https://lalitsurjan.blogspot.com/2020/11/blog-post.html

## पावन प्रसंग

### अपनी सृजनात्मक क्षमता कुछ ऐसे बढ़ाएं

मनुष्य की सबसे बड़ी सामर्थ्य उसकी सृजनात्मक क्षमता। इसके बल पर वह कुछ भी नया रच सकता है, गढ़ सकता है और जीवंत कर सकता है। बस, उसके चाहने भर की देर है। शून्य से कुछ नया पैदा करने की सामर्थ्य संस्कृति के विकास की कहानी वास्तव में इसी का ही चमत्कार है। निस्संदेह जीवन में सृजनात्मक शक्ति सर्वोपरि है। सृजनात्मक व्यक्ति ही वास्तव में मानवीय जीवन को सार्थक करता है तथा इसका भरपूर आनंद पाता है। किसी ने ठीक ही कहा है कि सृजनात्मक व्यक्ति जिज्ञासा से भरा होता है, प्रयोगधर्मी होता है, जोखिम उठाता है, गलतियां करता है, उनसे सीखता है और विकसित होता है। व्यक्ति की सृजनात्मकता, अर्थहीन अस्तित्व को जीवंत करती है। किसी ने सच ही कहा है जब आप कुछ सृजन कर रहे होते हैं जो पहले नहीं था, जगत अधिक अर्थपूर्ण लगता है, अधिक प्रकाशवान अनुभव होता है। सृजनात्मकता का अर्थ है कुछ नया करना, जो पहले नहीं था। वैज्ञानिक आइंस्टाइन के शब्दों में सृजनात्मकता एक नया सृजन है जिसको सभी देखते तो हैं, लेकिन जिसके बारे में किसी ने सोचा नहीं था, सृजनात्मक व्यक्ति लीक से परे सोचने का साहस करता है। सेब सदियों से पेड़ से गिर रहा था लेकिन न्यूटन को इसी घटना में प्रश्न कौंधा कि आखिर सेब नीचे ही क्यों गिरा? और तभी गुरुत्वाकर्षण का सिद्धांत सामने आया। जीवन में हर क्षेत्र में ऐसे ही सृजनात्मकता को अंजाम देते हैं। भारतीय ऋषियों के अस्तित्व को मथते प्रश्नों ने ही पिंड से लेक ब्रह्मांड के रहस्य सूत्रों को जन्म दिया, जिनको देखकर आज विश्व मनीषा चमत्कृत होती है। एक सामान्य व्यक्ति का जीवन भी रचनात्मकता के समावेश से नया अर्थ पाता है, गहन सार्थकता से भर जाता है। एक सृजनात्मक जीवन एक परिवर्धित जीवन होता है, एक व्यापकता लिए होता है, अधिक प्रसन्नता से भरा होता है, एक रोचक एवं रोमांचक जीवन होता है।

इस तरह सृजन संग जीवन अधिक रुचिकर आनंददायक एवं अर्थपूर्ण बनता है। सृजन के अभाव में जीवन नीरस, बोझिल, निराश एवं अवसाद से भरा हुआ रह जाता है। जीवन में सृजनात्मक क्षमताएं विभिन्न रूपों में अभिव्यक्त होती है, यथा कविता, कहानी, गीत, संगीत, नृत्य, पटकथा जैसे कलात्मक रूपों में। विज्ञान के आविष्कार एवं तकनीकी के नित-नूतन प्रारूप भी इसी सृजनात्मक शक्ति के प्रतिफल हैं। इसी तरह मानवीय जीवन की सर्वोत्कृष्ट संभावनाएं, यथा धर्म, दर्शन, अध्यात्म, साहित्य आदि भी इसी के गर्भ से प्रकट होते हैं। नरपशु से नरमानव, महामानव और देवमानव बनने का पथ इसी आधार पर प्रशस्त होता रहा है। इनकी अभिव्यक्ति के लिए कुछ विशेषताएं भी अपेक्षित हैं, जो सृजन को समग्र रूप में संभव बना सके। इन गुणों के अभाव में सृजन की संभावनाएं भी सीमित हो जाती हैं। जिज्ञासा पहला गुण है। हमारे अध्यात्म शास्त्रों का प्रारंभ भी था तो ब्रह्म जिज्ञासा से ही होता है। इसी तरह जीवन के हर क्षेत्र में सृजन का प्रारंभ बिंदु यही है। इसके साथ सृजन के लिए संवेदनशील का होना अनिवार्य है। बिना इस सद्गुण के किया गया सृजन एकांगी ही होगा। इसके साथ ही व्यक्ति में खिलाड़ी भाव का होना भी आवश्यक है, जो जीवन के उतार-चढ़ाव एवं हार-जीत के मध्य स्थितप्रज्ञ रहकर अपने ध्येय की ओर बढ़ता रहे। इसके साथ ही मन का खुलापन भी महत्वपूर्ण है। खुले एवं ग्रहणशील में ही सृजनात्मक संभावनाएं हिलोरें मारती हैं।

-अखंड ज्योति

## आपके पत्र

### प्राचीन रोम के लोगों ने सीसा प्रदूषण झेला है

पैक्स रोमन काल (27 ईसा पूर्व से 180 ईसवीं तक का समय) रोम के सुनहरे युग के रूप में देखा जाता है। इस दौरान रोम में अपेक्षाकृत शांति और समृद्धि थी। इसी दौर में रोमन साम्राज्य की शुरुआत हुई, कोलोसियम का निर्माण हुआ, और साम्राज्य पूरे भूमध्य सागर और अधिकांश ब्रिटिश द्वीपों तक फैला। लेकिन प्रोसिडिंग्स ऑफ नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेस में प्रकाशित शोध बताता है कि रोमवासियों ने इस समृद्धि की कीमत भी चुकाई है- चांदी खनन और गलाने के काम के चलते उस दौरान रोमवासी सीसा प्रदूषण का भी शिकार हुए थे और इसके चलते उनके शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ संज्ञान क्षमता में भी गिरावट आई।

दरअसल रोमन साम्राज्य में चांदी के सिक्के बनाने के लिए गैलेना नामक सीसा-समृद्ध खनिज से चांदी का निष्कर्षण किया जाता था। खनन व निष्कर्षण के दौरान सीसा ज़हरीली वाष्प के रूप में निकलता है। एक ग्राम चांदी बनाने पर लगभग 10 किलोग्राम सीसा निकलता था।

अनुसंधानों की बदौलत आज हम यह जानते हैं कि सीसा (लेड) से संदूषित चीज़ों, जैसे पाइप, पेंट, खिलौने वगैरह के संपर्क में आने से हृदय और संज्ञान सम्बंधी समस्याएं हो सकती हैं और सीसे का संदूषण शिशुओं और छोटे बच्चों के लिए ज़्यादा जोखिम भरा है। फिर, यह भी देखा गया है कि प्राचीन रोम में सीसे का खूब उपयोग होता था – चीनी मिट्टी के बर्तन, सौंदर्य प्रसाधन, चमकदार पेंट, पानी के पाइपों से लेकर वाइन के मिठासवर्धक के रूप में। हालिया अध्ययन का एक तर्क यह भी है कि इतने व्यापक इस्तेमाल के चलते सीसे की विषाक्तता ने रोमन साम्राज्य के पतन को गति दी होगी।

कुछ प्रमाण यह भी मिलते हैं कि रोमन लोग सीसा के खतरों को भांप चुके थे। प्लिनी दी एल्डर ने रोमन सौंदर्य प्रसाधनों में इस्तेमाल किए जाने वाले सफेद सीसा पाउडर को ज़हर कहा था। और प्राचीन रोमन लोगों के दांतों के एनेमल और कंकाल सीसा विषाक्तता का शिकार होने की गवाही तो देते ही हैं और, जिस तरह मिट्टी, चट्टानें अपनी परतों में अतीत की बातें छिपाए होती हैं, वैसे ही आर्कटिक में जमा बर्फ भी इतिहास की चुगली कर सकती है। शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में आर्कटिक कोर बर्फ में पैक्स रोमन काल में सीसा प्रदूषण और उसके स्वास्थ्य पर प्रभाव को बयां करते संकेत खोजे।

फिर शोधकर्ताओं ने देखा कि इस स्तर के उत्सर्जन और संपर्क का मनुष्य पर किस तरह का संज्ञानात्मक प्रभाव पड़ सकता है। देखा गया कि वहां के रहवासियों के रक्त में सीसे का स्तर पैक्स रोमन काल में पहले या बाद की तुलना में बहुत अधिक था और संभवत: इस अतिरिक्त सीसा के चलते पूरे साम्राज्य की संज्ञानात्मक क्षमता में औसतन 2.5 से 3 अंकों की कमी आई होगी। और इसका खामियाजा चांदी खदानों के आसपास के बाशिंदों को अधिक भुगतना पड़ा होगा, जैसे आधुनिक फ्रांस, स्पेन, यू.के. और पूर्वी एड्रियाटिक।

हालांकि इस पर थोड़े भिन्न मत भी हैं। अन्य वैज्ञानिकों का कहना है कि संज्ञानात्मक क्षति के लिए पूरी तरह सीसे को ज़िम्मेदार ठहराने के पहले कई सामाजिक कारकों (जैसे युद्ध की परिस्थितियां, भोजन की कमी) का भी आकलन किया जाना चाहिए। बहरहाल, महामारी विज्ञानियों और इतिहासकारों के आगे के अध्ययन इस सम्बंध पर और अधिक प्रकाश डाल सकेंगे। **(स्रोत फीचर्स)**

## अधिकारी सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों का निराकरण करने में लाएं तेजी: अपर कलेक्टर

**जबलपुर, देशबन्धु।** सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों के निराकरण की समीक्षा के लिये बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई बैठक में अधिकारियों को जिला स्तर पर



अपने विभाग की ग्रेडिंग में तेजी से सुधार लाने के निर्देश दिये गये हैं। बैठक में अधिकारियों से कहा गया है कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और आवेदक की संतुष्टि के साथ ही निराकरण सुनिश्चित करें।

अपर कलेक्टर सुश्री मिशा सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त एवं निराकृत शिकायतों की विभागवार समीक्षा की गई। सुश्री मिशा सिंह ने 50 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों के निराकरण को प्राथमिकता देने के निर्देश देते हुये जिला अधिकारियों से कहा कि उन्हें अपने स्तर पर भी सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों की निरंतर मॉनिटरिंग करनी होगी। अपर कलेक्टर ने सी और डी ग्रेडिंग वाले विभागों को एक-दो दिन के भीतर अपनी परफार्मेंस में सुधार लाने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि यदि किसी विभाग की वजह से जिले के रैंकिंग प्रभावित होती है तो सबंधित अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

अपर कलेक्टर सुश्री मिशा सिंह ने बैठक में साफ किया कि कोई भी विभाग सीएम हेल्पलाइन की कोई शिकायत यदि उसके कार्यक्षेत्र के बाहर है तो अब 5 फरवरी के बाद दूसरे विभाग को ट्रांसफर नहीं कर सकेगा। इसी के साथ उन्होंने मांग और सुझाव सबंधी ऐसी सभी शिकायतों के फोर्स क्लोजर का प्रस्ताव 14 फरवरी तक कलेक्टर कार्यालय को प्रेषित करने के निर्देश भी दिये जिनका निराकरण किसी भी स्थिति में संभव नहीं है।

## नर्मदा दर्शन कर लौट रहे युवकों पर शराबियों ने चाकू से किए ताबड़तोड़ वार

### ग्वारीघाट व शहपुरा क्षेत्र में वारदात

**जबलपुर, देशबन्धु।** नर्मदा प्राकट्योत्सव पर ग्वारीघाट के सिद्धघाट व शहपुरा के माल कछार में नर्मदा दर्शन कर लौट रहे युवक को शराबियों ने रोक लिया और शराब पीने के लिए रुपयों की मांग करते हुए उन पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे दोनों युवकों पीठ, हाथ व कमर में गंभीर चोटे आई है। उक्त वारदात ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है।

जानकारी अनुसार ग्वारीघाट पीपी नगर नर्मद इच्छा क्लब के पीछे रहने वाला 27 वर्षीय अनुराग मिश्रा होम क्रेडिट फाइनेंस में काम करता है। बीती शाम नर्मदा प्राकट्योत्सव पर्व होने पर वह नर्मदा दर्शन के लिये ग्वारीघाट के सिद्धघाट गया था। जहां से वापस आने के लिये जैसे ही उसने गा?ी निकाली, उसी दौरान शराब के नशे में तीन अज्ञात ल?के पहुंचे और अपने अन्य साथियों के साथ पहुंचकर शराब पीने के लिये रुपये मांगने लगे।

अनुराग ने जैसे ही रुपये देने से मना किया तो आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए चाकू से हमला कर पीठ, कमर व हाथ में चोट पहुंचा दी। अनुराग को गंभीर हालत में उपचार के लिये मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसी प्रकार शहपुरा पुलिस ने बताया कि खैरी मोहल्ला निवासी 17 वर्षीय अभिजीत सिंह कक्षा बारहवीं का छात्र है। जो कि बीते दिवस अपने साथी प्रेम मेहरा एवं अभिषेक राजपूत के साथ मालकछार घाट नर्मदा नदी के दर्शन करने गया था। दर्शन कर वापस लौटते समय ग्राम माल कछार शीतलपुर तिराहा के पास रूद्र सिंह परिहार अपनी मोटर सायकल में अपने दो साथियों के साथ आकर उससे शराब पीने के लिये पांच रुपये मांगने लगा। उसने रुपये देने से मना किया तो तीनों उसके साथ गाली गलौज करते हुए रूद्र सिंह परिहार ने चाकू से हमलाकर हाथ, कमर के पीछे पीठ मे चोटें पहुँचा दी। इसके बाद तीनों आरोपी मौके से भाग निकले।

पुलिस ने दोनों मामलों में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।



## डी.आर.टी कोर्ट ने की सम्पत्ति कुर्क

**जबलपुर, देशबन्धु।** माननीय न्यायालय/अधिकरण वसूली अधिकारी वात्सल्य कुमार के आदेश पर लंबित/निष्पादन इंडियन बैंक विरूद्ध मेसर्स अंजनी एसोसिएट्स की बंधक रखी संपत्ति सर्वे क्रमांक 407/3/8 एरिया 0.015 हेक्टे. (1590 वर्गफिट) ग्राम घवारी तहसील रघुराज नगर जिला सतना जो शकुन्तला भट्ट के नाम पर है, को संबंधित एसएडएम एवं पुलिस बल थाना सिटी कोतवाली, बैंक अधिकारी के सहयोग एवं सहायता से स्थल में उपस्थित होकर ड्रम वीट, विडियो ग्राफी, पंचनामा तैयार कर कुर्क कर लिया गया। उक्त विधिक कार्यवाही में बैंक अधिकारी दिनेश कुमार मुख्य प्रबंधक, एवं एडवोकेट द्वारिका गुप्ता एवं अन्य का सहयोग रहा।

## जनवरी तक पमरे ने किया 43 मिलियन टन माल लदान

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेल (पमरे) पर गुड्स ट्रैफिक फ्रेट लोडिंग बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक एवं प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक के निर्देशन में तीनों मण्डलों पर वाणिज्य एवं परिचालन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा आपसी समन्वय से कार्य करते हुए गुड्स लोडिंग में पमरे ने इस वित्तीय वर्ष के दस माह में कुल 43.39 मिलियन टन माल लदान किया है। जिसमें अकेले जनवरी माह में 04.65 मिलियन टन माल लदान किया है।

## अंकित मिश्रा की स्मृति में रक्तदान शिविर




**जबलपुर, देशबन्धु।** युवा अवस्था से ही जन सेवा एवं पीड़ित मानवता की सेवा के लिए समर्पित रहे कांग्रेस के युवा नेता स्वर्गीय अंकित मिश्रा का आज जन्मदिन है। उनके मित्रों और परिजनों ने इस अवसर पर होटल अंकित सिविल लाइन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में अंकित के मित्र, उसे चाहने वाले रक्त देने पहुंचे।

अंकित मिश्रा अपने अल्प मगर बड़े जीवन काल में अपने मित्रो और पीड़ित मानवता की सेवा के लिए हमेशा तत्पर तथा समर्पित रहे। अपने मित्रों का जन्मदिन मनाना जरूरतमंदों को सहायता पहुंचाना अपने जन्मदिन पर रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर लगाना उनके व्यवहार में शामिल था।

इस अवसर जबलपुर स्वास्थ्य विभाग के ज्वाइंट डायरेक्टर एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डा. संजय मिश्रा ने कहा कि बड़ी संख्या में युवा स्वेच्छा से आकर रक्तदान कर रहे हैं जो वाकई में सभी के लिये प्रेरणादायक है। जरूरतमंदों के लिये रक्तदान करना समाज सेवा का सबसे बड़ा उदाहरण है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि एक रक्तदान से दो जीवन बचाने में मदद मिलेगी, जिसमें जन्म देने वाली माता और उसके नवजात शिशु को जीवन दान मिलेगा।

## पत्नी के हत्यारे को आजीवन कारावास

**जबलपुर, देशबन्धु।** पंचम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मोहित कुमार की अदालत ने हत्या के आरोपी बरा टोला ग्राम चौरई जिला कुंडम निवासी संतोष चौधरी का दोषी पाया है। इसी के साथ आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक राजकुमार गुप्ता ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि 30 मार्च 2022 को आरोपित ने अपनी पत्नी गीता बाई के साथ शराब के नशे में मारपीट की थी। इसी दौरान गीता बाई बुरी तरह घायल हो गई। अत्यधिक खून बहने से उसकी मृत्यु हो गई। अदालत ने गवाहों के बयानों व साक्ष्यों के आधार पर दोषी पाकर उक्त सजा सुना दी।

## निजी स्कूलों को एक दिन के भीतर किताबों की सूची देने के निर्देश

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले के ऐसे सभी निजी स्कूलों को शैक्षणिक सत्र 2025-26 में लगने वाली किताबों की सूची एक दिवस के भीतर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को देना होगा, जिन्होंने अभी तक यह सूची नहीं सौंपी है। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने बताया कि कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देशानुसार समस्त सीबीएसई,आईसीएसई एवं माध्यमिक शिक्षा मंडल से मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों की सत्र 2025-26 की पुस्तकों की सूची जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में 11 जनवरी तक जमा की जानी थी, लेकिन अभी तक कुछ निजी स्कूलों द्वारा पुस्तकों की सूची कार्यालय में जमा नहीं की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने एक दिन के भीतर पुस्तकों की सूची जमा न करने की स्थिति में निजी स्कूलों के विरुद्ध म.प्र. निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम 2017 सहपठित नियम 2020 मान्यता नियमों के तहत वैधानिक कार्यवाही की चेतावनी दी है।

## जिला पंचायत के सीईओ का कार्यभार ग्रहण करने पर सौंपे गए दायित्व

**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर दीपक सक्सेना ने राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अभिषेक गहलोत द्वारा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का कार्यभार ग्रहण कर लेने के बाद प्रशासनिक कार्य में सुविधा की दृष्टि से नया कार्य विभाजन आदेश जारी किया है। नए कार्य विभाजन आदेश में जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक गहलोत को अपर कलेक्टर विकास का दायित्व सौंपा गया है।

कार्य विभाजन आदेश में श्री गहलोत को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक तथा एकलव्य विद्यालय, नवोदय विद्यालय, केन्द्रीय विद्यालय एवं श्रमोदय विद्यालय का नोडल अधिकारी भी बनाया गया है। इसके साथ ही उन्हें जिला परियोजना प्रशासक, समग्र शिक्षा अभियान, जिला परियोजना समन्वइयक राजीव गांधी जल ग्रहण मिशन, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्व यक, राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना एवं स्वच्छ भारत अभियान का प्रभार दिया गया है।

कार्य विभाजन आदेश में कहा गया है कि पंचायत एवं समाज सेवा, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, खादी ग्रामोद्योग, रेशम, मत्स्य पालन, स्वास्थ्य , आयुष, शिक्षा, अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य, महिला एवं बाल विकास, पशुपालन, कृषि, उद्यानिकी, सहकारिता तथा लोक स्वा स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की नस्तियां जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के माध्यम से ही कलेक्टर को प्रस्तुत की जायेंगी।

## पुलिस हत्थे चढ़ा गांजा तस्कर

### 1 लाख 40 हजार का माल बरामद

**जबलपुर, देशबन्धु।** सिविल लाईन पुलिस ने एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 7 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद किया। जिसका मूल्य लगभग 1 लाख 40 हजार रुपये है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आवष्यक कार्यवाही की।

सिविल लाइन थाना प्रभारी नेहरू सिंह खण्डाते ने बताया कि क्राईम ब्रांच को रेल्वे स्टेशन प्लेट फार्म नम्बर 6 के बाहर मेट्रो बस स्टाप पर एक युवक लाल जैकेट काला जींस पेंट पहने हुये किसी को अवैध मादक पदार्थ गाजा देने वाला है।

क्राईम ब्रांच एवं थाना सिविल लाईन की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई प्लेट फार्म नम्बर 6 के बाहर मेट्रो बस स्टाप पर मुखबिर के बताये हुलिये का युवक दिखा जिसे घेराबंदी कर पकड़ा। जिसने नाम पता पूछने पर नितेश उर्फ चंगू कुशवाहा उम्र 19 वर्ष निवासी कुदवारी गोहलपुर बताया, तलाशी लेने पर पर पिट्ठू बैग मे 7 पेकेट मे गांजा रखा मिला जो तौल करने पर 7 किलो 100 ग्राम गांजा कीमती लगभग 1 लाख 40 हजार रूपये का होना पाया गया जिसे जप्त करते हुये आरोपी नितेश उर्फ चंगू कुशवाहा के विरूद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

मादक पदार्थ गांजे के कारोबार मे लिप्त आरोपी को रंगे हाथ पकड़ने में सहायक उप निरीक्षक मोह. इमरान खान, प्रधान आरक्षक सदन आरक्षक सुनील पारधी, रामप्रवेश, बिनोद, दिलीप, जयप्रकाश तिवारी तथा थाना प्रभारी अपराध श्री शैलेष मिश्रा के निर्देशन मे क्राइम ब्रांच के सहायक उप निरीक्षक चंद्रकांत झा, धनंजय सिंह, रोहन कुमार तिवारी, प्रधान आरक्षक संजय मिश्रा, आरक्षक त्रिलोक पारधी, राजेश मिश्रा, की सराहनीय भूमिका रही।

## जेनको क्रिकेट लीग और खेल प्रतियोगिता उद्घाटित

### टाइटन ने चैलेंजर्स को 17 रन से हराया

जबलपुर। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के तत्वावधान में बुधवार से रामपुर परिसर स्थित पाण्डुताल मैदान में जेनको क्रिकेट लीग और खेल प्रतियोगिता प्रारंभ हो गई। प्रतियोगिता का उद्घाटन मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने किया, जबकि उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने की।

इस अवसर पर पावर जनरेटिंग कंपनी के डायरेक्टर टेक्निकल सुबोध निगम, डायरेक्टर कॉमर्शियल मिलिन्द भान्दक्कर, मुख्य अभियंता मानव संसाधन व प्रशासन दीपक कश्यप, कंपनी के वरिष्ठ अभियंता व कार्मिक उपस्थित थे।

सुनील तिवारी व मनजीत सिंह ने जेनको क्रिकेट लीग की ट्राफी का अनावरण कर प्रतियोगिता की औपचारिक शुरुआत की। जेनको लीग व



खेल प्रतियोगिता में पावर जनेरटिंग कंपनी के मुख्यालय स्थित सभी कार्यालयों के कार्मिक भाग ले रहे हैं। जेनको लीग का उद्घाटन मैच टाइटन व चेलेंजर्स टीम के मध्य खेला गया, जिसमें टाइटन टीम ने 16 रन से विजय प्राप्त की।

टाइटन ने चेलेंजर्स को 16 रन से हराया-जेनको लीग का प्रथम मैच टाइटन व चेलेंजर्स के मध्य खेला गया। टाइटन टीम डायरेक्टर कॉमर्शियल मिलिन्द भान्दक्कर के नेतृत्व में और चेलेंजर्स टीम डायरेक्टर टेक्निकल सुबोध निगम के नेतृत्व में मैदान में उतरी। टाइटन टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टाइटन टीम ने 10 ओवर में तीन विकेट खोकर 86 रन बनाए। उनकी ओर से आशुतोष सहस्त्रबुद्धे ने विश्वसनीय पारी खेलते हुए 19 गेंद खेलते हुए 18 रन बनाए। चेलेंजर्स टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए रन बनाने की कोशिश की लेकिन उनकी पूरी टीम निर्धारित 10 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर सिर्फ 70 रन ही बना पायी। टाइटन टीम की ओर से संजीव अरोरा ने घातक गेंदबाजी करते हुए दो ओवर में 12 रन देकर 3 विकेट लिए।

इस प्रकार जेनको लीग का पहला मैच टाइटन ने 16 रन से जीत लिया। मैच के अंपायर सुबोध धांडे व संदीप बर्मन थे। जेनको क्रिकेट लीग के अंतर्गत 6 फरवरी को दोपहर 1.00 बजे वॉरियर्स व चार्जर्स के मध्य और 3.30 बजे लीजेन्ड्स व ग्लेडीएटर्स के मध्य मैच खेले जाएंगे।

**महिला के लिए भी आयोजित हुई खेल स्पर्धा**- खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत महिला कार्मिकों की दो स्पर्धाएं बुधवार आयोजित हुई। महिलाओं की मार्बल स्पून रेस स्पर्धा में विद्या झरबड़े प्रथम, दीपाली श्रेया दुबे द्वितीय व लक्ष्मी तिवारी तृतीय रहीं। महिलाओं की म्यूजिकल चेयर रेस में प्रथम परनजीत कौर, द्वितीय चंद्रप्रभा मसीह व तृतीय पूजा माहुरकर रहीं। जेनको क्रिकेट लीग व खेल प्रतियोगिता के आयोजन में संयुक्त सचिव अमन लूम्बा, उप महाप्रबंधक दीपक निगम, लोकेश कुमार उपाध्याय, सुशील कुमार पाल, प्रशांत सिंह भदौरिया, विकास कुमार शुक्ला, विनीत त्रिपाठी, के. विनय राव, आनंद गुप्ता, अतुल यादव, कुशल जैन, सुहैल मोहम्मद, महेन्द्र कुमार सोनी, आदर्श कुमार तिवारी, अमित सिंह चौहान, राजकिशोर सिंह, विक्रम सिंह बनाफर, योगेश साहू व सुशील कुमार पाण्डेय, स्मिता नवेरिया, स्मृति उपाध्याय, खुशबू शर्मा मनीषा झारिया का समन्वय व सहयोग रहा।

## पीएनबी राइट टाऊन में 7 और 8 फरवरी को आवास ऋण एवं सूर्य घर ऋण एक्स्पो

**जबलपुर, देशबन्धु।** पंजाब नैशनल बैंक राइट टाऊन स्टेडियम में 7 और 8 फरवरी को आवास ऋण एवं सूर्य घर ऋण एक्स्पो का आयोजन करने जा रहा है। पंजाब नैशनल बैंक द्वारा देशभर के 150 से अधिक शहरों में आवास एवं सूर्य घर ऋण एक्स्पो का आयोजन किया जा रहा है। इस एक्स्पो में 25 से अधिक प्रतिष्ठित बिल्डर्स, 2000+ संपत्ति विकल्प, 10+ प्रसिद्ध आर्किटेक्ट व इंटीरियर डिज़ाइनर्स, सोलर रूफटॉप विक्रेता, प्रॉपर्टी एजेंट एवं जबलपुर के प्रमुख रियल एस्टेट डीलर्स उपस्थित रहेंगे।

इसमें बैंक आवास ऋण और सोलर रूफटॉप फाइनेंसिंग न्यूनतम ब्याज दर पर , शून्य प्रोसेसिंग एवं डॉक्यूमेंटेशन शुल्क के साथ लोन उपलब्ध करा रहा है साथ ही टेकओवर के प्रकरणों पर विधिक शुल्कों में 50 प्रतिशत तक की रियायत दे रहा है। अधिक जानकारी के लिए पंजाब नैशनल बैंक की नजदीकी शाखा से संपर्क करें।

## सेम सीनियर सिटीजन क्लब की कवियत्रियों का हिंदी महाकुंभ में किया गया सम्मान



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रेरणा हिंदी प्रचारिणी सभा के राष्ट्रीय मुख्यालय, जबलपुर में हिंदी महाकुंभ का आयोजन कला वीथिका में किया गया । जिसमें पूरे भारतवर्ष के कवियों ने एक से ब?कर एक उत्कृष्ट रचनाओं का पाठ किया जिसमें सेम सीनियर सिटीजन क्लब राजकुमारी रैकवार,प्रभा बच्चन श्रीवास्तव, उर्मिला श्रीवास्तव, रजनी चौहान, रचना सक्सेना कवित्रियों ने भी अपनी रचनाएं सुनाई, सभागार में उपस्थित कवियों और गणमान्य नागरिकों ने खूब तालियां बजाकर सराहा ।इस अवसर पर युगपुरुष अटल बिहारी बाजपेयी सेवा संस्थान के पंडित धरमप्रकाश बाजपेयी,नई दिल्ली, प्रेरणा हिंदी प्रचारिणी सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संगम त्रिपाठी, महामंत्री वरिष्ठ कवि , साहित्यकार प्रदीप मिश्र अजनबी, डॉ हरिशंकर दुबे, विजय गुण्डाल हैदराबाद, सीमा, मेरठ, विनोद पांडे नोएडा, राजेश पाठक प्रवीण, छाया त्रिवेदी ने प्रभा बच्चन श्रीवास्तव, राजकुमारी रैकवार, रजनी चौहान, उर्मिला श्रीवास्तव, रचना सक्सेना को हिंदी सेवा सम्मान के अलंकरण से सम्मानित किया । क्लब के संयोजक जादूगर एस के निगम रमेश पंडित, रामजी अग्रवाल, जसवीर कौर चोप?ा, सुनीता शुक्ला, दमयंती परमार, ममता वासवानी, लक्ष्मी कटारिया, व डॉ टी टी लियाओ ने मंगलकामना करते हुये बधाई दी ।

## नगर निगम ने बड़े बकायादारों के विरूद्ध शुरू की कुर्की कार्रवाई




**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर निगम द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित आय की पूर्ति के लिए वार्डवार संभागवार वसूली अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ सभी संभागीय अधिकारियों, अन्य राजस्व अमले के द्वारा करदाताओं के घर-घर भी सम्पर्क किया जाकर बकाया करों की राशि की वसूली की जा रही है। इस संबंध में निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि राजस्व वसूली अभियान में सभी लोग मेहनत कर रहे हैं परन्तु उन्होंने कहा कि टीम के सभी सदस्यों को और अधिक मेहनत करने की जरूरत है।

निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार संचालित राजस्व वसूली अभियान के अंतर्गत बड़े बकायादारों की सम्पत्तियों की कुर्क करने की कार्रवाई में तेजी आई है। सभी संभागां के अंतर्गत बड़े पैमाने पर कुर्की और नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई की गयी। संभाग क्रमांक 6 और 10 संभाग के अंतर्गत बड़े बकायादारों की सम्पत्तियों को कुर्क करने के साथ-साथ जल उपभोक्ताओं के नल कनेक्शन काटने एवं उनसे कर जमा करने प्रेरित किया गया।




संभाग क्रमांक 06 के गोविंद वल्लभ पंत वार्ड में भवन स्वामी चंदा बाई/राज बहादुर पहारिया सम्पत्ति पिन नं. 1000371647 बकाया राशि 3 लाख 76 हजार 8 सौ 98, घनश्याम तिवारी पिन नं.- 1002259161 बकाया राशि 2 लाख 44 हजार 4 सौ 82, मदन लाल पिता स्व. बद्री प्रसाद अग्रहरि सम्पत्ति पिन.नं. 1000704482 बकाया राशि 4 लाख 81 हजार 4 सौ 56/-, एवं राजाराम पुरुषोत्तम रंगलाल सम्पत्ति पिन नं.- 1000704762 बकाया राशि 3 लाख 32 हजार 4 सौ 13/- की वसूली के लिए भवन पर कुर्की के पोस्टर चस्पा किये गये साथ ही अन्य बकायादरों से सम्पर्क किया गया। इसी प्रकार संभाग क्रमांक 10 के अंतर्गत अंबेडकर एवं चंद्रशेखर वार्ड चंदन कॉलोनी में बड़े बकायादारों पर कुर्की की कार्रवाई की गयी।

निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि अब यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने पूरे राजस्व अमले को कहा है कि जिन करदाताओं के द्वारा बकाया करों की राशि जमा करने में हीलाहवाली की जा रही है उन सभी के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की जाये। उन्होंने यह भी बताया कि निर्धारित अवधि के पश्चात सभी कुर्क सम्पत्तियों को वैधानिक कार्रवाई करते हुए खुले बाजार में नीलाम करने की कार्रवाई की जायेगी।

**लेमा गार्डन आवासों का आवंटन**- निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा के मार्गदर्शन में 68 पात्र एवं चयनित हितग्राहियों को सैंकड़ों गणमान्यजनों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में लेमा गार्डन स्थित राजीव आवास योजना के अंतर्गत निर्मित आवासों का लॉटरी के माध्यम से आवंटन किया गया।

लॉटरी बच्चों एवं बुजुर्गों के द्वारा निकाली गई जिसमें 6 आवेदकों, फौजिया बानो/शेख सलमान, शाद बानो/सैयद मंजूर अली, खातून बेगम/शहजाद खान, मोहम्मद अजीज/स्व. बशीर अंजुम, तस्कीन अंजुम/अब्दुल आसिफ एवं सबीना बेगम/शेख रसीद को आवास आवंटित किये गए। लॉटरी के माध्यम से आवास मिलते ही हितग्राहियों के चेहरों पर मुस्कान दिखाई दी और खुद के आशियाने का सपना पूरा होता दिखाई दिया। उन्होंने बताया कि प्रतीक्षा सूची में 12 आवेदकों के नाम भी लॉटरी प्रक्रिया के दौरान चयनित किये गए।





## युवराज महावीर के मन में आया वैराग्य - ली दिगंबर मुनि दीक्षा

**जबलपुर, देशबन्धु।** संस्कारधानी में चल रहे श्री महावीर स्वामी दिगंबर जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के चतुर्थ दिवस सकल जैन समाज के साथ श्री वीतराग विज्ञान मंडल, जैन युवा मंडल एवं त्रिशला महिला मंडल सहित पूरे विश्व से पधारे हजारों जैन बंधुओं ने तपकल्याणक महोत्सव मनाकर दिगंबर महामुनिराजों का गुणगान किया।

महोत्सव के मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन एवं नितिन जैन ने बताया कि प्रात:काल की मंगल बेला पर सकल समाज ने कुंडलपुर नगरी में भक्ति भाव पूर्वक श्री जिनेन्द्र पूजन कर मंगलकारी महोत्सव का शुभारंभ किया पश्चात गुरुदेवश्री कांजी स्वामी के सीढ़ी प्रवचनों में गायक भगवान आत्मा की बात जानी इसी क्रम में पंडितश्री राजेन्द्रकुमार जैन जबलपुर, अभयकुमार शास्त्री देवलाली, शैलेश भाई तलौद, डॉ. मनीष शास्त्री मेरठ एवं विपिन जैन नागपुर के मंगल प्रवचनों का लाभ लेकर आत्मा से परमात्मा बनने का मार्ग जाना और मुनिराज महावीर प्रभु की आराधना कर उनका गुणगान किया। कुंडलपुर नगरी में युवराज महावीर को संसार की असरता देख वैराग्य आया ओर उनके 10 भावों का सुंदर चित्रण किया गया जिसमे उनके अंतिम भव शेर की पर्याय में सम्यक दर्शन की प्राप्ति की ओर वर्तमान भव में तीर्थंकर महावीर बनकर मुक्तिश्री का वरण किया।

युवराज महावीर की वैराग्य की लौकांतिक देवों ने अनुमोदना की पश्चात वन गमन के पूर्व पालकी को प्रथम उठाने पर देव ओर मानवों की सुंदर चर्चा दिखाई गई जिसमें सौधर्म इंद्र ने कहा कि जो मुनिराज महावीर के साथ दीक्षा लेगा वह प्रथम पालकी उठावेगा इस प्रकार संयम के आगे स्वर्ग का वैभव फीका पड़ गया ओर सभी ने

### सकल दिगंबर जैन समाज ने किया दिगंबर मुनिराज का गुणगान - आज मनेगा ज्ञानकल्याणक महोत्सव

संयम धर्म की अनुमोदना की पश्चात युवराज महावीर की पालकी वन की प्रस्थान की जहां प्रतिष्ठाचार्य महोदय द्वारा प्रतिष्ठा विधि कराई गई ओर युवराज महावीर बन गए दिगंबर महामुनिराज महावीर, अपार जनसमुदाय ने महामुनिराज महावीर प्रभु को नमोस्तु कहकर उनकी वंदना की।

इस अवसर बाल तीर्थंकर के माता पिता सहित अन्य 4 साधर्मियों ने अजीवन ब्रह्मचर्य का नियम लिया साथ ही हजारों जैन बंधुओं ने अष्टमी, चतुर्दशी, अष्टानिक, दशलक्षण महापर्व पर ब्रह्मचर्य व्रत सहित अन्य नियम लेकर संयम धर्म की अनुमोदना की।

संध्या के समय बच्चों की पाठशाला के बाद कुंडलपुर नगरी में दिल्ली से पधारे युवा भजन गायक संजीव जैन की भजन संध्या के माध्यम से दिगंबर मुनिराजों की भक्ति की अंत में मुंबई से पधारे युवा बांसुरी वादक आर्चेश पाटनी ने अपनी बांसुरी से जिनवाणी स्तुति कर सभी का मन जीत लिया पश्चात त्रिशला महिला मंडल द्वारा प्रस्तुत नाटक क्षत्रचूड़ामणि का शानदार एवं यादगार मंचन किया जिसकी सकल समाज ने सराहना की।

**आज मनेगा ज्ञानकल्याणक महोत्सव** – मंडल अध्यक्ष अशोक जैन एवं फेडरेशन अध्यक्ष संजय जैन ने बताया कि महोत्सव के पंचम दिवस आज गुरुवार 6 फरवरी को ज्ञानकल्याणक महोत्सव मनाया जावेगा जिसका शुभारंभ प्रात: 06.30 बजे मंगल प्रभात गीत से होगा पश्चात 06.45 से 07.45 से श्री जिनेन्द्र पूजन, 8.30 से प्रथम शास्त्र स्वाध्याय, गुरुदेवश्री सी.डी. प्रवचन, 10.00 बजे से मुनिराज वर्धमान की आहारविधि एवं वन गमन, दोपहर में नवीन जिन मंदिर में चरण चिन्ह, जिनवाणी, चंवर शोभायात्रा एवं धर्मायतन में विराजमान विधि, मोक्षार्थी श्रावक सभा समवशरण रचना, केवलज्ञान महोत्सव, ज्ञान कल्याणक पूजन एवं दिव्यध्वनि प्रसारण, संध्या 6.30 से बच्चों की पाठशाल सहित रात्रि 10.30 तक विविध अनुष्ठानों होंगे जिसमें सकल जैन समाज सादर आमंत्रित हैं।

## 78 साल बाद रचा कीर्तिमान, जबलपुर ग्रुप ने जीता मुख्यमंत्री बैनर

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर ग्रुप एनसीसी ने नया कीर्तिमान रच दिया है। ग्रुप हैडक्वॉर्टर को यह उपलिब्ध 78 साल बाद मिली, जिसके चलते ग्रुप ने मुख्यमंत्री बैनर जीता। बुधवार को भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास में हुए समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर एजी बरबरे को बैनर सौंपा गया। यह उपलिब्ध एमपी सीजी के लिए अहम है। ग्रुप के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन को 4 फरवरी को राजभवन में राज्यपाल द्वारा भी सम्मानित किया गया। ग्रुप हैडक्वॉर्टर से 22 कैडेट्स शामिल थे, जिन्होंने गणतंत्र दिवस शिविर में सहभागिता की। कमांडिंग ऑफिसर सेना मेडल कर्नल विक्रांत त्यागी, टीम लीडर वनएमपी आर्टी रेजिमेंट के प्रशासनिक अधिकारी कर्नल सौरभ चौहान, हवलदार प्रदीप, हवलदार सुशील कुमार के समन्वय से कैडेट्स को सफलता मिली। डिप्टी ग्रुप कमाण्डर कर्नल अंशु और 2 एमपी गर्ल्स बटालियन के कर्नल दिनेश ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समन्वयन किया। सूबेदार मेजर राकेश कुमार और वनएमपी एमपी आर्टिलरी रेजिमेंट की पीआइ टीम ने संसाधनों और व्यवस्था के प्रबंधन में अहम रोल निभाया।




### एनसीसी ग्रुप मुख्यालय की उपलिब्ध

**आज होगा विजेताओं का स्वागत**–ग्रुप हैडक्वॉर्टर में कैडेट्स के लिए 2 दिवसीय आयोजन होंगे। इसके चलते गुरुवार को दोपहर 1.30 बजे कैडेट्स का स्वागत बैंड दल की धुन पर होगा।

### जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज में इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में बोले वक्ता

## एआइ और मशीन लर्निंग ने बढ़ाए रिसर्च के दायरे




**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज में दो दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस नॉवेल मैटेरियल्स एंड एप्लिकेशन विषय पर शुरु हुई। आयोजन एप्लाइड फिजिक्स विभाग का रहा। समन्वयक विभागाध्यक्ष डॉ. कमल कुशवाहा ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में 250 शोधार्थियों ने सहभागिता की। मुख्य अतिथि कैंट विधायक अशोक रोहाणी, विशिष्ट अतिथि महाकोशल विज्ञान परिषद के अध्यक्ष प्रो. एसपी गौतम, प्राचार्य प्राचार्य डॉ. राजीव चांडक ने पुस्तक विमोचन किया। कार्यक्रम में चेयरपर्सन डॉ. अनुभा माहेश्वरी, प्रो. माधवी सोनी, दिव्यानी सोनी, डॉ. भावना सिंह, डॉ. सुजीत महोबिया, सहसंयोजक डॉ. दुर्गेश नंदिनी मौजूद रहीं।

**डेटा साइंस के रोचक तथ्य**–कार्यक्रम के प्रथम सत्र में मलेशिया से आई वक्ता डॉ. अनु सयाल ने डेटा साइंस, स्मार्ट मैटेरियल्स, मैटेरियल डिजाइन में मॉडलिंग तकनीकों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग ने तकनीक और रिसर्च के दायरे बढ़ाए हैं। कॉन्फ्रेंस में अमेरिका, कतर से भी वक्ताओं ने ऑफलाइन वक्तत्व दिया। इनमें लतीफा लाटियस, डॉ. किशोर कुमार सदाशिवनी, डॉ. पूर्णिमा खरे, प्रो. संजय तिवारी ने तकनीकी अनुसंधान एवं विकास के नए आयामों विषय पर सारगर्भित वक्तत्व दिया।

**अंतरिक्ष अनुप्रयोगों पर बात**–दूसरे सत्र में इसरो के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. रवि कुमार वर्मा ने अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में उपयोग किए जाने वाले पदार्थों के विकास और अनुप्रयोगों पर वक्तत्व दिया। उन्होंने जीएलवी–3 रॉकेट की विशेषताओं, एक इंटरएक्टिव काउंटिंग एक्सरसाइज के माध्यम से दर्शकों को भारतीय रॉकेट लॉन्चिंग के सफर से रूबरू करवाया। इसके साथ ही उन्होंने चंद्रयान मिशन और अगले महीने होने वाले एनएसएआर लॉन्च की जानकारी दी। पोस्टर कॉम्पीटिशन का जजमेंट डॉ. शिल्पा सक्सेना, डॉ. ममता लैंबर्ट, डॉ. माधुरी गोखले, डॉ. सौरभ सिंह, डॉ. ओपी चौहान, डॉ. गोपाल मीणा, डॉ. आज्ञा मिश्रा, डॉ. जितेन्द्र सिंह ठाकुर, डॉ. कंचन सेसिल ने किया।

## जीवन में शामिल करें अनुशासन

**जबलपुर, देशबन्धु।** केवि जीसीएफ क्रमांक 1 में फेयरवेल पार्टी का आयोजन संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। मुख्य अतिथि मोटिवेशनल स्पीकर ललित कुमार कुदेशिया थे। उन्होंने कहा कि स्कूल परिवेश जो अनुशासन छात्रों ने सीखा है उसे जीवन भर अपनाना चाहिए। प्राचार्य रजनीश सिंघई ने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं के लिए छात्रों को लक्ष्य निर्धारित तैयारी करनी चाहिए। वरिष्ठ शिक्षक अमर नारायण शुक्ला ने सफल विद्यार्थी के पांच लक्षण बताए। इस मौके पर उपप्राचार्य डॉ. सत्येंद्र वर्मा, एसएन पटले, निशि शर्मा, वैभव जैन, सचिन तिवारी, अंकित गुप्ता, आनंद स्वरूप मौजूद रहीं।

**पूर्व छात्रों का किया सम्मान**–जबलपुर. तकनीकी युग में दूरस्थ व मुक्त शिक्षा की महत्ता बढ़ी है। इसके माध्यम से आजीवन शिक्षा ग्रहण किया जा सकता है। विभिन्न पाठ्यक्रमों के माध्यम से वोकल फॉर लोकल की संकल्पना को नया आयाम देते हुए तथा अभिनव प्रयोगों द्वारा समाज व राष्ट्र की उन्नति



में सहभागी बना जा सकता है। यह बात इग्नू के पूर्व छात्र सम्मेलन में मुख्य अतिथि इग्नू क्षेत्रीय केंद्र निदेशक डॉ. एस श्रीनिवास ने कही। रादुविवि कौशल विकास संस्थान के निदेशक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विषय के विभिन्न आयामों व समाज में इसकी भूमिका विषय पर चर्चा की। सहायक क्षेत्रीय केंद्र निदेशक डॉ. विवेक श्रीवास्तव, डॉ. हरीश केवट, डॉ. अनीता पहारिया, डॉ. सत्य प्रकाश त्रिपाठी, डॉ. लीना हल्दकार मौजूद थे।

## दैनिक राशिफल

**गुरुवार 06 फरवरी 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। माघ शुक्ल पक्ष की नवमी, नक्षत्र- कृतिका।**

**मेष** – आप तन-मन से अस्वस्थ रहेंगे। बुखार, सर्दी या कफ जैसी समस्याएं उत्पन्न होंगी। किसी का भला करने के चक्कर में आप अपना नुकसान कर बैठेंगे।

**वृषभ** – व्यापार में वृद्धि होने के साथ सौदे लाभदायक साबित होंगे। आय के साधनों में वृद्धि होगी। बुजुर्गों तथा मित्र मंडल से लाभ और सुखद क्षणों का अनुभव मिलेगा।

**मिथुन** – शारीरिक और मानसिक सुख बना रहेगा। नौकरी - व्यवसाय में आपके परिश्रम का लाभ मिलता हुआ प्रतीत होगा। अधिकारी के प्रोत्साहन से आपका उत्साह बढ़ेगा।
स `क-

**कर्क** – आज आपके लिए काफी आरामदायक दिन है। हर काम सरलतापूर्वक पूरे होंगे। नौकरी में उच्च अधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे। पदोन्नति होने के योग हैं।

**सिंह** – आपको स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की जरुरत है। बीमारी के कारण मेडिसिन पर खर्च करना पड़ सकता है। क्रोध और वाणी को वश में रखें।

**कन्या** – सामाजिक तथा अन्य क्षेत्रों में ख्याति या सम्मान प्राप्त होगा। नए कपड़े और आभूषण खरीदने में आपकी रुचि हो सकती है। वाहन सुख प्राप्त होगा। भागीदारों के साथ संबंध अच्छे बनेंगे।

**तुला** – आज का आप का दिन आनंद-प्रमोद में गुजरने वाला है। दोस्तों का साथ जीवन को महकाता रहेगा। नए वस्त्रों की खरीदी होगी।

**वृश्चिक** – आज यात्रा प्रवास का आयोजन न करें। स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। संतान के संबंध में समस्याएं खड़ी होंगी। स्वाभिमान भंग न हो इसका ध्यान रखें।

**धनु** – आज किसी घरेलू मामले को लेकर मानसिक तनाव होने की आशंका है। मन में उठनेवाली दुविधाओं से आप मानसिक उचाट अनुभव करेंगे।

**मकर** – आज आप रणनीति में शत्रुओं को परास्त करेंगे। नए काम के आरंभ के लिए तैयार रहें। सफलता मिलेगी। आपके सभी काम सफल रहेंगे। व्यापार- धंधे में लाभ होगा।

**कुंभ** – मन में दुविधाएं होने से आप कोई ठोस निर्णय पर नहीं पहुंच सकेंगे। महत्वपूर्ण निर्णय न लें।

**मीन** – आज का दिन आनंद और उत्साह से परिपूर्ण रहेगा। घर में किसी मांगलिक प्रसंग का आयोजन होगा। नए काम का आरंभ करने के लिए शुभ दिन है।

सगे- म.

## पिकनिक पार्टी में गक्कड़-भर्ता और पुलाव का चखा स्वाद

**जबलपुर, देशबन्धु।** विश्वकर्मा महिला महासंगठन के तत्वावधान में वसंतोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने जहां डिफरेंट गेम्स खेले, वहीं फन एंड जॉय एक्टिविटी में हिस्सा लिया। एंटरटेनिंग एक्टिविटीज का दौर चला तो डांस, म्यूजिक की एक से बढ़कर परफॉर्मेंस दी गई। कार्यक्रम में कई सरप्राइज और टास्क गेम्स भी खेले गए, जिसमें विनर्स को प्राइज दिए गए। इसके साथ ही बचपन के कई गेम्स भी खेले गए।

**ट्रेडिशनल जायका रहा बेमिसाल**–कार्यक्रम में गेम्स, फन गेम्स, डांस और म्यूजिक के बीच लजीज व्यंजनों का दौर भी चला। इसके चलते ट्रेडिशनल जायके की लज्जत छाई रही। गक्कड़-भर्ता, पुलाव, चूरमा ने पिकनिक का मजा बढ़ाया। कार्यक्रम में नम्रता विश्वकर्मा, भारती, लता, संगीता, मीरा, सरिता, गरिमा, नीता, स्वाति, पूनम, प्रभा, पूजा, रानी, आभा, ज्योति, चन्द्रानी, प्रिया, विनीता, अभिलाषा, निशा, सीमा मौजूद रहीं।




विश्वकर्मा महिला महासंगठन का वसंतोत्सव कार्यक्रम

## पीले परिधान पहनकर खेले गेम्स



**जबलपुर, देशबन्धु।** पीले परिधान में महिलाओं ने सेलिब्रेशन किया। कार्यक्रम की सजावट फूलों से की गई। बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में संगिनी सेवा संगठन और वैश्य महिला संगठन के संयुक्त तत्वावधान में वसंतोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने पीले परिधान पहने और लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया गया। इस मौके पर अध्यक्ष किरण माणिक, सचिव नम्रता सोनी, कोषाध्यक्ष विभा पटेल, वैश्य इकाई से रश्मि पहारिया, अंजू अग्रवाल, अनुभूति, रचना, निधि, पद्मा, रश्मि, मंजू, निधि गुप्ता मौजूद रहीं।

## माहेश्वरी सभा के सचिव श्री गोपाल सुरजन का निधन



**जबलपुर, देशबन्धु।** माहेश्वरी सभा के सचिव श्री गोपाल सुरजन का 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया वे स्व. श्री हीरालाल सुरजन के पुत्र, प्रवीण सुरजन, प्रियंका और प्रिया सुरजन के पिता थे। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया। माहेश्वरी सभा की ओर से शोकसभा आयोजित कर उन्हें विनम्र श्रृद्धांजलि अर्पित की गई। देशबन्धु परिवार की ओर से विनम्र श्रृद्धांजलि।

## प्रारभिंक पहचान ही कैंसर से जंग जीतने की पहली सीढ़ी

### एमबी एरिया मिलिट्री स्टेशन में जागरुकता कार्यक्रम

**जबलपुर, देशबन्धु।** विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में मुख्यालय एमबी एरिया के मिलिट्री स्टेशन में अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित किया गया। आयोजन में वक्ताओं ने विभिन्न प्रकार के कैंसर व रोकथाम से जुड़ी जानकारी दी। मिलिट्री स्टेशन में 4 फरवरी को एक व्याख्यान और पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। समारोह में स्टेशन स्वास्थ्य संगठन में सैन्य कर्मी व परिवारजनों ने हिस्सा लिया। इस दौरान एसएचओ कमांडिग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल विजयकुमार मोरे ने कॉमन कैंसर, लक्षण, जोखिम कारक, उपचार के तरीके, रोकथाम के कदम और स्क्रीनिंग कैंप्स के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम स्थल पर लोगों को अधिक जागरुक करने के लिए कैंसर पर आधारित पोस्टर प्रदर्शित किए गए।



## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्रीमती कुलवंत कौर**– लक्ष्मी कॉलोनी हाथीताल निवासी श्री अवतार सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती कुलवंत कौर (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती हीरामणी**– नटबाबा गली दीक्षितपुरा निवासी श्री कन्हैया राम की धर्मपत्नी श्रीमती हीरामणी (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शिव कुमार बंशकार**– आचार्य विनोबा भावे वार्ड बंशकार मोहल्ला निवासी श्री शिव कुमार बंशकार (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**सुश्री सारिका निगम**– आदर्श नगर कटनी निवासी श्री शंकर लाल निगम की पुत्री सुश्री सारिका निगम (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गोपाल माहेश्वरी**– पुष्प नगर कछपुरा मालगोदाम के पास निवासी श्री गोपाल माहेश्वरी (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उमा देवी शुक्ला**– बल्देवबाग निवासी श्री बाबू लाल शुक्ला की धर्मपत्नी श्रीमती उमा देवी शुक्ला (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सीताराम गुप्ता**– राइट टाउन निवासी श्री सीताराम गुप्ता (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लीला बाई कुरील**– गली नं. 9, सदर निवासी श्री फूलचंद कुरील की धर्मपत्नी श्रीमती लीला बाई कुरील (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती आशा ठाकुर**– बंबा देवी शीतलामाई निवासी श्री भारत सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती आशा ठाकुर (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**कु. नीलम गौंड़**– लाल कुआं बागड़ा दफाई पोलीपाथर निवासी श्री ताम सिंह गौंड़ की पुत्री कु. नीलम गौंड़ (29) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गुनेन्द्र महिधर**– नेपियर टाउन निवासी श्री गुनेन्द्र महिधर (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती शकुन बाई कोल**– पोलीपाथर बागड़ा दफाई निवासी श्री धुरी लाल कोल की धर्मपत्नी श्रीमती शकुन बाई कोल (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शांति बाई विनोदिया**– बिहारी महाराज का बाड़ा छोटी ओमती निवासी श्री हरिशचंद्र विनोदिया की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई विनोदिया (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री बिहारी लाल रजक**– टैगोर रेलवे कॉलोनी सिविल लाइन निवासी श्री बिहारी लाल रजक (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट में संपन्न हुआ।

# शातिर चोर गिरोह को पुलिस ने दबोचा

## रैकी कर वारदातों को देते थे अंजाम, पंद्रह लाख के जेवर बरामद

**जबलपुर,देशबन्धु।** गोहलपुर व अधारताल में रेकी कर सूने मकानों को अपना निशाना बनाकर चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले आठ शातिर चोरों को पुलिस ने धर दबोचा है। जिनमें एक अपचारी बालक भी शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चुराए हुए पंद्रह लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवर और वारदात में प्रयुक्त एक्टिस वाहन जब्त किया है।

पुलिस कंट्रोल रूम में एएसपी आनंद कलादगी ने पत्रवार्ता में उक्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने अधारताल कंचनपुर सनसिटी निवासी सुनील कुमार के यहां 16 जुलाई की दोपहर को ताला तोड़कर जेवर पार कर दिये थे। उस दौरान पीड़ित परिवार सहित अयोध्या गये हुए थे। आरोपी उनके घर से नकदी 25 हजार रुपये और पुराने जेवर सोने का हार, चेन, झुमकी, 3 अंगूठी चुरा ले गये थे।

इसी प्रकार दूसरी वारदात 19 जनवरी की रात अधारताल के आयसा नगर निवासी मेसर अंजुम यहां उस वक्त हुई थी। जब वह परिवार सहित एक शादी समारोह में शामिल होने गाजी नगर बारात घर गई थी। उनके घर का भी ताला तोड़कर आरोपियों ने सोने का हार वजनी लगभग 3 तोला, कंगन 2 तोला, 4 अंगूठी, एक जेंटस अंगूठी, 15 ग्राम की सोने की झुमकी, 8 ग्राम पेण्डल, 2 जोड़ी बाली, 4 नग लोंग, चांदी की 5 जोड़ी पायल, एक बाल चोटी, एक जोड़ी मेंहदी, तीन अंगुली वाली बिछिया पार की थी। तीसरी वारदात अधारताल के जयप्रकाश नगर में अर्जुन सिंह ठाकुर यहां 31 जनवरी को उस वक्त घटित हुई थी। जब वह परिवार सहित अपने रिटायरमेंट की पार्टी प्रकाश तिराहा में मना रहे थे। जहां मिलने वाले व्यवहार सफेद फूलदार बैग में डाल रहे थे। उनकी बेटी नेहा ठाकुर भी मंडला नैनपुर से पार्टी में शामिल होने आई थी। जिसने अपना सोने का हार अपनी मॉ मालती ठाकुर को दिया था, उक्त हार को भी उसी बैग में रख दिया था। मंच की टेबल पर रखा बैग रात्रि करीब ग्यारह बजे गायब हो गया। चौथी वारदात आरोपियों ने गोहलपुर समता कालोनी निवासी प्रियंका चौधरी के यहां की थी। जब वे मेडिकल में अपने पति का इलाज करा रही थी, इसी सूनेपन का फायदा उठाकर आरोपियों ने उनके सूने मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवर, सीसीटीव्ही व डीवीआर चुराया था।





### सभी आरोपी हनुमानताल क्षेत्र के

पुलिस ने पतासाजी करते हुए उक्त वारदातों को अंजाम देने वाले आरोपी मोह. फैज खान पिता मो. सहीद खान उम्र 19 वर्ष निवासी सोना बाई की गली थाना हनुमानताल, अभिषेक उर्फ महेश चक्रवर्ती पिता स्व. गोपाल चक्रवर्ती उम्र 19 वर्ष निवासी दुर्गा मंदिर बाबा टोला हनुमानताल, छोटे उर्फ जमाल पिता खुर्शीद अंसारी उम्र 22 वर्ष निवासी टेढी नीम हनुमानताल, गज्जू उर्फ देवेन्द्र चौधरी पिता प्रीतम चौधरी उम्र 32 वर्ष निवासी बाबा टोला हनुमानताल, लक्ष्मण अहिरवार पिता रमेश अहिरवार उम्र 21 वर्ष निवासी फकीरचंद अखाडा सिंधी कैंप हनुमानताल, भगवानदास उर्फ घनश्याम पिता लक्ष्मण अहिरवार उम्र 32 वर्ष निवासी फकीरचंद अखाडा सिंधी कैंप हनुमानताल, समीर खान पिता जमील खान उम्र 24 वर्ष निवासी चौपड़ा कुआ हनुमानताल व एक 17 वर्षीय विधि विवादित बालक को हिरासत में लिया है।

## सीसीटीवी की फुटेज की पड़ताल

# बाल गृह से भागे बच्चों का नहीं मिला सुराग

**जबलपुर,देशबन्धु।** गोकलपुर बाल संप्रेषण गृह से 8 बाल अपराधियों के भागने के बाद पुलिस उनकी तलाश कर रही है लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं लग रहा है। पुलिस को आशंका है कि अधारताल स्टेशन से फरार नाबालिग बच्चे ट्रेन से कटनी या फिर इटारसी तरफ भागने है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा का कहना है कि फरार नाबालिगों के कुछ सीसीटीवी सामने आए हैं। सीसीटीवी फुटेज में एक मोटर साइकिल को फरार नाबालिग बच्चे स्टार्ट करने का प्रयास करने हुए नजर आ रहे है। स्टार्ट नहीं होने पर बच्चे उसे पैदल लेकर जा रहे है। पुलिस ने मोटर साइकिल को बरामद कर लिया है।

गौरतलब है कि गोकलपुर स्थित बाल संप्रेषण गृह के चौकीदार राजेंद्र कुमार पटेल तैनात था रात्रिकालीन भोजन के बाद सभी नाबालिग किशोर अपने अपने कमरे में चले गये। अचानक देर रात में 8 नाबालिगों ने एकजुट होकर पहले चौकीदार से जबरन गेट की चाबी मांगी और गेट खोलने की बात कही। इस बाद किसी तरफ से ताला खोलकर एक चौकीदार को कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद दूसरे चौकीदार के सिर पर लोहे के ताले से हमला कर उसे घायल कर दिया। बाल कैदियों ने फिर छत के दरवाजे की चाबी और मोबाइल फोन छीन लिया। इस बाद ऊपर का जाकर छत का दरवाजा खोलकर कूद कर फरार हो गये। अभी तक फरार बाल कैदियों के संबंध में कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

### कई मामले हैं दर्ज

जबलपुर गोकलपुर स्थित बाल संप्रेषण गृह से भागे एक साथ 8 नाबालिग आदतन अपराधी हैं। फरार हुए सभी नाबालिग आदतन अपराधी हैं, जो इससे पहले भी कई बार बाल संप्रेषण गृह में आ चुके हैं। फरार बाल कैदियों में सात जबलपुर तथा 1 मंडला का निवासी है। इसमें तीन-चार ऐसे बाल कैदी भी शामिल हैं जिन्हें 15 दिन पहले ही जबलपुर पुलिस ने अवैध पिस्तौल लेकर घूमने, रंगदारी और मारपीट के आरोप में गिरफ्तार किया था। नाबालिग होने के कारण इन्हें बाल न्यायालय में पेश करने के बाद बाल संप्रेषण गृह भेजा गया था।




### घरों में पतासाजी, नहीं मिले

बाल संप्रेषण गृह से फरार नाबालिगों के मामले में रांझी पुलिस की प्रारंभिक जांच एवं चौकीदार राजेंद्र कुमार पटेल के बयान के आधार पर पता चला है कि फरार होने से पहले एक नाबालिग किशोर ने चौकीदार से मोबाइल छीनकर अपने पिता को फोन किया था। पिता को बाल संप्रेषण गृह से फरार होने की जानकारी दी। नाबालिगों के फरार होने की पूर्व योजना थी, तभी पिता मौके पर कार लेकर पहुंचा था और सभी 8 नाबालिगों के बाल संप्रेषण गृह से बाहर कूदते ही कार से सभी आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने बाल संप्रेषण गृह सहित आस-पास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज एकत्र कर उनकी जांच कर रही है। उनके घरों में भी पतासाजी की लेकिन उनका पता नहीं चल सका।

# युवकों पर चाकू से जानलेवा हमला

## बरेला बस स्टैंड में वारदात

**जबलपुर,देशबन्धु।** बरेला बस स्टैंड में बीती रात गुटखा लेने गए दो युवकों पर दो बदमाशों ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे एक युवक की कमर तो दूसरे को आंख के पास गंभीर चोट आई है। जिन्हें उपचार के लिये मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने बताया कि बरेला निवासी 19 वर्षीय अजय चक्रवती बीती रात करीब साढ़े दस बजे अपने साथी समीर चक्रवती के साथ बस स्टैण्ड पान ठेले में गुटखा लेने गया था। जहां उसे अमन बर्मन व समीर आर्मो मिले, जो कि उन्हें देखते ही गाली गलौज करने लगे। अजय व समीर ने विरोध जताया तो दोनों आरोपियों ने मारपीट शुरु कर दी। इसी दौरान समीर आर्मो ने चाकू से हमला कर अजय कमर व समीर के चेहरे में आंख के पास गंभीर चोट पहुंचा दी। जिन्हें गंभीर अवस्था में उपचार के लिये मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की सरगर्मी से तलाश शुरु कर दी है।

# दो बच्चों के साथ तालाब में कूदने पहुंची महिला

**जबलपुर,देशबन्धु।** हनुमानताल तालाब में दो बच्चों के साथ तालाब में कूद कर जान देने एक महिला पहुंच गई हालांकि से महिला को उसके बच्चों को सिपाहियों ने बचा लिया। बताया जाता है कि लोगों ने तालाब के पास बच्चो के साथ महिला को रोते हुए देखा तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी जहां मौके पर तत्काल चीता मोबाइल पुलिस पहुंची और बहला फुसलाकर महिला और बच्चों को थाने लेकर लाया गया था जिसमें उसने बताया कि पारिवारिक विवाद के कारण परेशान हो गई थी।

# अपहरण-दुष्कर्म का आरोपी युवक गिरफ्तार

**जबलपुर,देशबन्धु।** मदन महल थानाक्षेत्र में अपहरण, दुष्कर्म प्रकरण में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार डिंडौरी जिले के शहपुरा टोकरी में रहने वाले आशीष झारिया ने वर्ष 2018 में मदन महल थाना क्षेत्र में रहने वाली एक 16 वर्षीय बालिका को प्रेम जाल में फंसाकर अपहरण कर ले गया। परिजनों ने अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी लेकिन उसका कहीं सुराग नहीं लग रहा था। बीती रात आरोपी को दबोच लिया गया इसके बाद लकड़ी को भी दस्तयाब कर लिया गया है। दोनों ने शादी रचा ली थी। इसक अलावा मजदूरी कर रहे थे और माढ़ोताल में किराए के मकान में रह रहे थे। पूर्व में उसकी बहन का भी अपहरण हुआ था जिसे भी दस्तयाब करने के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया गया था।

## दुष्कर्म का आरोपी फरार

हनुमानताल थाना क्षेत्र में एक 17 वर्षीय किशोरी के अपहरण का मामला दर्ज होने के बाद किशोरी घर वापस लौट आई। परिजनों ने एक युवक पर अपहरण, दुष्कर्म का आरोप लगाया। परिजनों का कहना है कि बड़ी मदार टेकरी निवाी युवक उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाकर उसके साथ दुराचार किया है। वहीं लडकी ने बयान में बताया है कि वे अकेली गई थी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सूने मकान से जेवर और नगदी चुरा ले गये चोर

## शहपुरा में वारदात, आरोपियों की पतासाजी में जुटी पुलिस

**जबलपुर,देशबन्धु।** शहपुरा के वार्ड नंबर-1 स्थित एक घर में घुसकर अज्ञात चोर सोने-चांदी के जेवर और नगदी चुरा ले गये। वारदात उस वक्त हुई जब घर की महिला अपनी नातिन को देखने के लिए जिला अस्पताल जबलपुर आई हुई थी। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

पुलिस ने बताया कि 60 वर्षीय सुमन बाई मेहरा अपने दो मंजिला मकान में अकेली रहती है, उनका बेटा अपने परिवार के साथ अलग मकान में रहता है। मकान के ऊपर वाले कमरे पलंग पेटी व अलमारी रखी हुई है, जहां वह सोती है। शनिवार को वह अपनी नातिन शिवकुमारी को देखने के लिये जिला अस्पताल जबलपुर गई थी। बीती शाम लगभग 5 बजे घर वापस पहुंची तो ऊपर के कमरों में जाकर देखा तो ताला का कुंदा टूटा था। दरवाजा खुला था। कमरे में रखी पलंग पेटी के दोनों ताले टूटे थे, सामान बिखरा हुआ थाद्ध। आलमारी खुली थी। पलंग पेटी में स्टील के डिब्बे में रखे सोने चांदी के जेवर कुछ नगदी रूपये गायब थे। कोई अज्ञात चोर रात मे छत के ऊपर के दरवाजा का खोलकर नीचे कमरे का कुंदा तो?कर सोने चांदी के जेवर एवं नगदी रूपये चोरी कर ले गया है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी शुरु कर दी है।

## शराब के लिये रुपये न देने पर ब्लेड से हमला

**जबलपुर,देशबन्धु।** कोतवाली थाने में दमोह नाका निवासी 19 वर्षीय मिंटू चौधरी ने शिकायत दर्ज करायी। जिसमें उसने बताया कि वह चंडाल भाटा में साकेत बंसल की कार अलायमेंट दुकान पर काम करता है। बीती रात करीब दस बजे उसके मोहल्ले का रहने वाला अभिषेक अहिरवार शराब के नशे में उसके पास आया और शराब पीने के लिये पांच सौ रुपयों की मांग करने लगा। मिंटू ने रुपये देने से मना किया तो अभिषेक ने मारपीट करते हुए ब्लेड से हमला कर उसके दाहिने पैर की जांघ में चोट पहुंचा दी।

## अग्निदग्धा की मौत

**जबलपुर,देशबन्धु।** गोरा बाजार थाना क्षेत्रांतर्गत टेमर भीटा निवासी 38 वर्षीय पुष्पलता पटेल को विगत 2 फरवरी को घर में आग से जलने पर राईट टाउन स्थित निजी अस्पताल में उपचार के लिये भर्ती कराया गया था। जिनकी बुधवार सुबह उपचार दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

## घर में घुसकर मारपीट सिहोरा के घुघरा में वारदात

**जबलपुर,देशबन्धु।** सिहोरा थानातंर्गत घुघरा में बीती शाम मामूली बात को लेकर दो भाईयों ने राजू गौड़ के घर में घुसकर जमकर मारपीट की। राजू के माता-पिता बीच बचाव करने पहुंचे तो आरोपियों ने उन पर भी लाठी, डंडो से हमला कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

पुलिस ने बताया कि राजू गौड़ खेती किसानी करता है। बीती देरशम उसके घर के पीछे आकाश यादव लकड़ी डालकर खटखट की आवाज कर रहा था। राजू ने मौके पर पहुंचकर आवाज करने का कारण पूछा तो आकाश ने गालीगलौज शुरु कर दी और झूमाझटकी करने लगा। राजू की पत्नी बीच बचाव करने पहुंची तो आकाश धमकाते हुए बोला रूक अभी बताता हूं। इसके बाद अपने भाई मनीष यादव को बुला लिया। जिसके दोनों भाई लाठी-डंडा लेकर राजू के घर में घुस गये मारपीट शुरु कर दी। राजू की मॉ लक्ष्मीबाई व पिता कुंवर बीच बचाव करने पहुंचे तो आरोपी भाईयों ने उनके साथ भी मारपीट कर चोट पहुंचा दी। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## युवक ने अपने घर पर लगाई फांसी

### खमरिया डुमना रोड की प्रियदर्शनी कालोनी की घटना

**जबलपुर,देशबन्धु।** खमरिया थानातंर्गत डुमना रोड स्थित प्रियदर्शनी कालोनी में एक युवक ने अपने कमरे में सीलिंग फैन से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। सूचना पर पहुंची पुलिस को प्रियदर्शनी कालोनी निवासी 58 वर्षीय संजय कुमार ने बताया कि शाम को वह अपने घर की दूसरी मंजिल के रूम में चटाई लेने गये थे। जहां देखा कि रूम का दरवाजा खुला था। अंदर जाकर देखा उनका बेटा सुमित सिंह उम्र 27 वर्ष सीलिंग में लगे पंखे के कुंदा से रस्सी बांधकर गले में लगाकर लटका हुआ था। उसने अपने छोटे बेटे अमित एवं परिवार को बुलाकर रस्सी के फंदे से निकालकर सुमित को फर्श पर लेटाया, लेकिन तब तक सुमित को मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मामले में आवश्यक कार्यवाही करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

# अतिथि संकाय शिक्षकों से स्थानांतरण के लिए मांग रहे आवेदन

## हाईकोर्ट ने नोटिस जारी कर मांगा जवाब

**जबलपुर,देशबन्धु।** स्थानांतरण के लिए अतिथि संकाय शिक्षकों से आवेदन मांगे जाने के आदेष को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट जस्टिस डीडी बंसल ने स्थगन आदेष जारी करते अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

जबलपुर स्थित शासकीय साइंस कॉलेज तथा मोहनलाल हरगोविंद दास होम साइंस कॉलेज में पदस्थ 18 अतिथि संकाय षिक्षकों की तरफ से उक्त याचिका दायर की गयी थी। याचिका में कहा गया था कि मध्य प्रदेश सरकार के 17 जनवरी 2025 ने एक आदेष जारी कर अतिथि संकाय शिक्षकों से कहा गया था कि प्रोफेसरों और सहायक प्रोफेसरों की तैनाती के बाद उन्हें अन्य स्थानों पर स्थानांतरण के लिए फॉर्म भरने कहा गया है। याचिका में उक्त आदेष को अवैधानिक करार देते हुए कहा था कि अगस्त 2024 में पारित नीति में अतिथि संकाय प्रणाली की निरंतरता को स्पष्ट रूप से मान्यता दी गई है। जिसके कारण उक्त आदेश पूरी तरह से अवैध और मनमाना है।

याचिकाकर्ता की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य संघी ने पैरवी करते हुए न्यायालय को बताया कि उक्त अतिथि संकाय शिक्षक डेढ़ दशक से अधिक समय से कार्यरत है। सुप्रीम कोर्ट के 31 जनवरी 2025 के पारित हालिया फैसले में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि अतिथि संकाय जिन्होंने दशकों की सेवा दी है और उन्हें बिना किसी आधार के बाहर नहीं निकाला जा सकता है। इन अतिथि संकाय सदस्यों को नियमित करने के लिए निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया सरकार द्वारा बनाई जानी चाहिए। एकलपीठ ने सुनवाई के बाद स्थगन आदेष जारी करते हुए प्रदेश सरकार,उच्च शिक्षा विभाग तथा दोनों स्वा शासकीय कॉलेज के प्राचार्य को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब मांगा है।

## हाईकोर्ट ने कटनी एसपी सहित अन्य से मांगा जवाब

### शराब पीने रुपये न देने पर चाकू से हमले का प्रकरण

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक जैन की एकलपीठ ने पुलिस अधीक्षक कटनी सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। मामला शराब पीने के लिए दस हजार रुपये देने से मना करने पर चाकू से हमला कर घायल करने के आरोप से संबंधित है।

याचिकाकर्ता ग्राम तिलगवां थाना रीठी जिला कटनी कपिल चौधरी की ओर से अधिवक्ता शंकर प्रसाद सिंह व पद्मावती जायसवाल ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि 25 अक्टूबर व 29 अक्टूबर 2024 को पुलिस अधीक्षक कटनी को जनसुनवाई में शिकायत दी थी। जिसमें अवगत कराया था कि सुखदेव चौधरी व कन्हैया चौधरी, निवासी ग्राम बिलहरी ने चाकू व पंच से हमला कर 10 हजार रुपये छीन लिये हैं। यह घटना 20 अगस्त 2024 को रात में अंजाम दी गई थी। शिकायत के बावजूद पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इसलिये हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। जिसके बाद न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।




## हाईकोर्ट ने पीडब्ल्यूडी सचिव व इंजीनियर-इन-चीफ के विरुद्ध वारंट जारी किया

### पूर्व आदेश की अवहेलना का मामला, अधिकारी तलब

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस एके सिंह एकलपीठ ने पूर्व आदेश की अवहेलना को गंभीरता से लिया। इसी के साथ लोक निर्माण विभाग के सचिव डीपी आहूजा और इंजीनियर-इन-चीफ आरके मेहरा के विरुद्ध जमानती वारंट जारी करते हुए दोनों अधिकारियों को 17 फरवरी को हाजिर होने के निर्देश दिये है।

अवमानना याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी कार्यभारित एवं दैनिक कर्मचारी संघ के महामंत्री नंदू लाल अहिरवार की ओर से अधिवक्ता मोहनलाल शर्मा एवं शिवम शर्मा ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि संघ की ओर से पूर्व में याचिका दायर कर न्यूनतम वेतनमान के साथ महंगाई भत्ते की मांग की गई थी। दलील दी गई थी कि इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट ने रामनरेश रावत के मामले में विस्तृत दिशा निर्देश दिये हैं। न्यायालय ने 20 फरवरी 2023 को विभाग को आदेश दिया था कि याचिकाकर्ता संघ के सदस्यों को नियमित वेतनमान का न्यूनतम वेतन दिया जाए। विभागीय अधिकारी हाईकोर्ट के आदेश से भलीभांति परिचित हैं, इसके बावजूद उसका पालन नहीं किया जा रहा है। हाईकोर्ट ने दो साल पहले उक्त आदेश जारी किया था। इसके बाद संघ की ओर से विभागीय अधिकारियों को अभ्यावेदन भी प्रस्तुत किया गया। जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो अवमानना याचिका दायर की गई। विगत सुनवाई के दौरान न्यायालय ने उक्त अधिकारियों को उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने कहा था। जब अधिकारी उपस्थित नहीं हुए तो वारंट जारी किया गया।

## बिल्डर मच्छानी पर चलेगा अवमानना का मामला

### हाईकोर्ट में सुनवाई एक सप्ताह बाद

**जबलपुर,देशबन्धु।** शहर के बिल्डर मच्छानी के खिलाफ हाईकोर्ट में अवमानना का मामला चलेगा। जस्टिस विवेक अग्रवाल और जस्टिस अनुराधा शुक्ला की युगलपीठ ने एक मामले की सुनवाई करते हुए उक्त निर्देश दिये है। युगलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई एक सप्ताह बाद निर्धारित की है।

यह मामला अधिवक्ता मुकेश जैन की ओर से दायर किया गया था। जिनकी ओर से अधिवक्ता अमिताभ गुप्ता पैरवी कर रहे है। जिन्होंने बताया कि हाईकोर्ट चौराहे से दूसरे पुल के बीच 80 फिट चौड़ी सार्वजनिक रोड पर बिल्डर शंकर मच्छानी द्वारा मुस्कान पार्क प्रोजक्ट में दुकानों का अवैध निर्माण करने के मामले पर कार्रवाई के आदेश हाईकोर्ट ने 24 जून 2024 को नगर निगम आयुक्त को दिए थे। यह निराकरण चार माह की अवधि में किया जाना था। मामले में आरोप है कि उसे खाली छोड़ने के स्थान पर बिल्डर शंकर मच्छानी द्वारा वहां पर नगर निगम की अनुमति के बिना दुकानों का अवैध निर्माण शुरु कर दिया गया। इन अवैध निर्माणों के चलते सार्वजनिक रोड के मध्य से भवन की दूरी 80 फिट से घटकर 50 फिट ही रह गई है। पूर्व में पारित आदेश का पालन न होने पर यह प्रकरण दायर किया गया। मामले पर हुई सुनवाई के दौरान युगलपीठ ने प्रकरण को अवमानना का दर्जा देने के निर्देश देकर सुनवाई एक सप्ताह बाद निर्धारित की है।

## एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं को मिली जमानत

**जबलपुर,देशबन्धु।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय परिसर में आपत्तिजनक पोस्टर चिपकाने के आरोप में गिरफ्तार एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को जिला सत्र न्यायालय से जमानत मिल गई है। एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव नीलेश माहर, मोहम्मद अली और अनुज यादव की ओर से यह जमानत अर्जी दाखिल की गई थी। जमानत पर सुनवाई के दौरान आरोपियों की ओर से दलील दी गई कि उनके मुवक्किल लोकतांत्रिक अधिकारों के तहत शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे थे, लेकिन प्रशासन ने सरकार के दबाव में आकर उनके खिलाफ झूठी कार्रवाई की, जो खारिज किये जाने योग्य है। जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान आवेदकों की ओर से अधिवक्ता श्रीकांत विश्वकर्मा, अजय प्रजापति व अपूर्व केसरवानी, विकास विश्वकर्मा व विजय गुप्ता ने पक्ष रखा।

## नवीन अधिवक्ताओं को संघ से सदस्यता लेना जरूरी

### एसबीसी ने दी कार्यवाही की चेतावनी

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र राज्य अधिवक्ता परिषद ने कहा है कि नवीन अधिवक्ताओं को परिषद से मान्यता प्राप्त किसी भी अधिवक्ता संघ की सदस्यता लेना अनिवार्य है। यदि वह सदस्यता नहीं लेते है तो उनके विरुद्व कार्यवाही की जायेगी और उन्हें अधिवक्ता कल्याणकारी योजनाओं से भी वंचित होना पड़ेगा।

उक्ताशय की जानकारी मप्र राज्य अधिवक्ता परिषद के चेयरमेन राधेलाल गुप्ता व वाईस चेयरमेन आरके सिंह सैनी ने दी। उन्होंने बताया कि एसबीसी के नियमानुसार मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद नामांकन के उपरांत तीन माह के अंदर परिषद से मान्यता प्राप्त अधिवक्ता संघ में सदस्यता लेना अनिवार्य है। वाईस चेयरमेन श्री सैनी ने बताया कि प्रदेश की कई तहसील एवं जिला अधिवक्ता संघों से जानकारी प्राप्त हुई है कि तहसील व जिला के कई अधिवक्तागण अधिवक्ता संघ में सदस्य नहीं है। सभी अधिवक्तागणों को यह स्पष्ट किया जाता है कि अधिवक्ता नामांकन के तीन माह के अंदर अधिवक्ता को मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद से मान्यता प्राप्त अधिवक्ता संघ में सदस्यता लेना अनिवार्य है नहीं तो उनको परिषद से कोई मेडिकल क्लेम, मृत्युदावा क्लेम व कोई भी कल्याणकारी योजना के लाभ से वंचित रहना पड़ेगा। परिषद ने मान्यता प्राप्त सभी अधिवक्ता संघो से अनुरोध किया है कि ऐसे सभी अधिवक्तागण जो कि किसी भी अधिवक्ता संघ के सदस्य नहीं हैं उन्हें सदस्यता लेने हेतु बाध्य करें। इस संबंध में समस्त अधिवक्ता संघों को पत्र भेजे गये है।

# हाईवे पर धूल के गुबार से लोग हो रहे बीमार

## दोपहिया वाहन चालकों और राहगीरों का घुट रहा दम


**गांधीग्राम, देशबन्धु।** हाइवे सड़क पर दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के लिए कहा जाता है, चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने आदि नियमों का प्रशासन द्वारा सख्ती से पालन कराया जाता है, न करने पर कार्यवाही भी की जाती है। परन्तु हाईवे सड़क पर धूल, डस्ट उड़ रही है तो इस पर कार्यवाही किस पर की जाय या इस पर क्या सख्ती और क्या नियम है इस ओर कोई ध्यान नहीं देते।

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 जबलपुर-कटनी हाईवे फोरलेन सड़क पर गांधीग्राम से आगे रामपुर से धमधा तक लगभग 2 किलोमीटर के रास्ते मे सड़क किनारे ब्लूडस्ट, आयरन ओर, मैगनीज,लेटराइट,मुरम आदि का दिनरात उत्खनन होने के बाद प्रतिदिन व रात्रि के समय हाइवे के रास्ते सैकड़ों डम्फर,हाइवा,दस चक्का,ट्राला आदि में परिवहन भी होता है।अत्याधिक खनिज भारवाहक वाहनों के दबाव के कारण हाईवे सड़क की पटरी पर बिछी हुई मुरम मिट्टी धूल की गर्द में तब्दील हो गई है, साथ ही गीली ब्लूडस्ट, लेटराइट आदि वाहनों से सड़क पर गिरते हुए जाती है जो सड़क पर ही चिपक जाती है,महीनों बीत जाने के बाद भी हाईवे पर उड़ रही धूल को लेकर प्रशासन बेसुध है।राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 जबलपुर कटनी फोरलेन सड़क मार्ग पर गांधीग्राम बाईपास से रामपुर ग्राम से नर्सरी के सामने सड़क की पटरी पर ,धमधा तक हाईवे सड़क के दोनों ओर में सड़क की पटरी पर सड़क पर मिट्टी व धूल की गर्द फैली हुई है। वाहनों के निकलने पर धूल की गर्द उड़ कर हवा में फैल जाती है जिसे हाईवे पर अंधेरा छा जाता है इन जिससे ना केवल वाहन चालकों अपितु राहगीरों के लिए बहुत बड़ी परेशानी का सबब बना हुआ है।



पटरी व आधी सड़क धूल की गर्द से कवर- ग्राम रामपुर में सड़क किनारे स्थित नर्सरी के अंदर से खनिज भारयुक्त वाहनों की दिनरात आवाजाही से धूल के उड़ते गुबार पूरी सड़क पर देखे जा सकते हैं।नियमित रूप से ब्लू डस्ट,मेगनीज,मुरम आदि के परिवहन होने से मिट्टी व मुरम फोरलेन सड़क की पटरी व आधी सड़क धूल की गर्द से आच्छादित हो चुकी है।रात्रि के समय तो हाइवे की धूल की वजह से हाईवे पर अंधेरा छा जाता है। सड़क पर गर्द की वजह से नही दिखते वाहन-मुरम और मिट्टी की गर्द फैली होने व वाहनों के निकलने से हवा में गर्द उड़ने की वजह से सामने के वाहन नहीं दिखते है।

इसी प्रकार सड़क पर खड़े होकर राहगीर दोनों और वाहनों का इंतजार करते हैं किंतु अत्यधिक मात्रा में धूल उड़ने से उनका दम घुटने लगता है। दो पहिया वाहन चालकों व राहगीरों को धूल की वजह से बहुत अधिक परेशानी हो रही है राहगीरों का खड़े होना या निकलना भी बहुत मुश्किल हो गया है।रात्रि में यह परेशानी दुगनी हो जाती है। प्रशासन व अधिकारियों को नही है परवाह-प्रशासन की गाड़ियां व अधिकारियों का इसी मार्ग से प्रतिदिन आना जाना होता है किंतु उनके द्वारा इस संबंध में कार्यवाही नहीं किया जाना बड़े ही हश्र का का विषय है। ग्राम वासियों की मांग है कि हाईवे के उक्त स्थान से धूल को तुरंत हटवाया जावे जिससे राहगीरों व वाहन चालकों की परेशानियां दूर हो सके वा अनचाहे दुर्घटनाएं घटित ना हो सके।



## ग्राम पंचायत सुनाचर में धूमधाम से मनाया नर्मदा जन्मोत्सव

**शहपुरा, देशबन्धु।** आज ग्राम पंचायत सुनाचर में मां नर्मदा जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया, जिसमें ग्राम के सभी नागरिकों ने जन्मोत्सव में बढ़ चढ़कर भाग लिया।

### सार-समाचार



## वृद्धजनों का किया सम्मान बच्चों को मिले बैग

**गोसलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सिहोरा के तहत बुधवार को ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ग्राम तिघरा सेक्टर फनवानी में नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा अर्थिक रुप से कमजोर परिवार के बच्चों को स्कूल बैग वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, साथ ही ग्राम के वृद्धजनों का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में ज़िला समन्वयक प्रदीप कुमार तिवारी विकास खण्ड समन्वयक आशीष जैन, ग्राम पंचायत के सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जनों की सहभागिता रही।

## नर्मदा जयंती पर किया पौधरोपण

**शहपुर/भिटोनी, देशबन्धु।** शहपुरा तहसील के ग्राम पंचायत पावला में ग्राम वासियों द्वारा नर्मदा तट पर नर्मदा जयंती पर पौधारोपण किया जा रहा है। विगत नर्मदा जयंती के दिन ग्राम पावला में पर्यावरण संरक्षण के लिए नर्मदा पंचकोशी समिति के संरक्षक नेकराम सिंह पटेल ने वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की। श्री पटेल ने हमारे संवाददाता को बताया कि समिति के 15 वर्ष पूर्ण होने पर यह पौधरोपण की शुरुआत की है।

जिससे कि पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक किया जा सके और वृक्ष लगाकर पर्यावरण प्रदूषण को दूर किया जा सके। आगे बताया गया कि यह वृक्षारोपण का कार्यक्रम एक वर्ष तक चलेगा एवं अगले वर्ष 2026 में आने वाली नर्मदा जयंती के दिन किए गए वृक्षारोपण की समीक्षा की जाएगी, जिसमें वृक्षारोपण करने वाले उत्कृष्ट समिति के सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा, ताकि लोगों को छायादार एवं फलदार वृक्षों को लगाकर पर्यावरण में हो रहे परिवर्तन में सुधार किया जा सके साथ ही अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ा जाएगा एवं लगाए गए पौधों की सुरक्षा की भी जवाबदारी लोगों को सोफी जाएगी।

नर्मदा जयंती का उत्सव की शुरुआत नर्मदा किनारे चुनरी घाट पर पीपल का पौधा लगाकर की गई। नेकराम पटेल के साथ में ग्राम के ही उपसरपंच शंकर सिंह लोधी नर्मदा प्रसाद (पप्पू भैया) समाजसेवी संदीप पटेल उपस्थित रहे पंचकोशी समिति के परिवारों को वृक्षारोपण के लिए जागरूकता फैलाने की बात कही गई। तत्पश्चात नर्मदा की चुनरी की यात्रा राजमार्ग 45 से पावला घाट के लिए प्रारंभ की गई। ढोल नगाड़ों के साथ हजारों नर्मदा भक्तों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं नर्मदा घाट पर चुनरी चढ़ाई गई। प्रसिद्ध पंचकोशीय खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया एवं सभी लोगों ने नर्मदा जी को स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प लिया।

## ग्राम पावला में श्रीमद भागवत कथा आज से

**शहपुरा/भिटोनी, देशबन्धु।** बेलखेडा निकटवर्ती ग्राम पावला में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। माँ नमदॉ की कृपा से बरा वाले परिवार एवं समस्त ग्ा्म वासियों की ओर से यह आयोजन किया जा रहा है। कथा आज छह फरवरी को सुबह 10 बजे कलश यात्रा के साथ शुरू होगी। कथा वाचक दोपहर 1 से 5 वजे तक श्रीमद्भागवत कथा का वाचन करेंगे। हवन एवं भंडारा 13 फ़रवरी गुरुवार को होगा। आयोजन स्थान हाईस्कूल मैदान बगीचा पावला है। कथा वाचक व्यास संत स्वामी रसिक बिहारी महाराज वृदांवन धाम उत्तर प्रदेश रहेंगे।

## बरेला में आर्यिका संघ के सानिध्य में प्रथम समाधि दिवस आज

**बरेला, देशबन्धु।** नगर में विराजमान पूज्य आर्यिका 105 सिद्धांत मति माता जी के ससंघ पावन सानिध्य में राष्ट्र संत समाधिस्थ गुरु आचार्य विद्यासागर महाराज का प्रथम समाधि दिवस मनाया जा रहा है। प्रात:कालीन आयोजना में प्रात: 8 बजे से श्री विद्याशैलधाम से प्रभावना जुलूस प्रारम्भ होकर नगर भ्रमण उपरांत रामलीला मैदान में समाप्त होगा। यहाँ नगर परिषद अध्यक्ष प्रतीक दुबे द्वारा धर्म ध्वज का ध्वजारोहण किया जायेगा। तत्पश्चात ध्वज गीत के बाद जिन शासन प्रभावना आर्मी के सभी रेजिमेंट द्वारा अपने अपने नियत गणवेश आचार्य श्री को सलामी दी जायेगी। अपराह्नकालीन आयोजना में 1 बजे श्रीविद्यशैलधाम में आचार्यश्री के विविध प्रकल्पों पर आधारित अष्टद्रव्य से पूजन होगा, जहां आमंत्रित वक्तागण आचार्यश्री के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करेंगे। अन्त में माताजी का आशीर्वचन होगा।

## डीएड, बीएड, शिक्षकों को नहीं मिल रहा वेतनवृद्धि का लाभ

**बरेला, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के सतीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि शिक्षा विभाग में कार्यरत सन 94 के पूर्व के नियुक्त सहायक शिक्षकों ने स्वयं के व्यय पर डीएड, बीएड का प्रशिक्षण प्राप्त किया था। उनको शासन द्वारा दो वेतन वृद्धि का लाभ प्रदान किया जा रहा है। जबकि 94 95 के बाद के नियुक्त सहायक शिक्षकों को इसका लाभ नहीं दिया जा रहा है। विभाग को माननीय उच्च न्यायालय द्वारा आदेशित किया गया है कि स्वयं के व्यय पर डीएड-बीएड करने वाले समस्त शिक्षक पात्र हैं। उच्च न्यायालय से आदेश होने के बाद भी आज दिनांक तक शिक्षकों को इसका लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है, जिससे शिक्षकों को आर्थिक हानि हो रही है। न्यायालय के आदेश का पालन न होने से शिक्षकों में रोष व्याप्त है। मध्य प्रदेश अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के योगेंद्र दुबे, अटल उपाध्याय, दालचंद पासी, सतीश उपध्यया, रजनीश कुमार पांडे, अजय दुबे, मनोज सिंह, हरवंश सिंह मार्को, मुकेश मेहरा, सुरेंद्र चौबे, प्रमोद विश्वकर्मा, निर्मल लोधी, जेएल झरिया, डीके विश्वकर्मा, राममिलन बरकड़े, दिनेश पासी, शुभ संदेश, उमेश दुबेदी, शेर सिंह, जयप्रकाश गुप्ता, अंशुल साहू, अभिषेक वर्मा,राजेश कुमार, गेंद लाल रजक, विजय लोधी,जतिन पाठक,कालूराम बरकड़ आदि ने उच्च अधिकारियों से स्वयं की व्यापार क्रश्वस्त्र करने वाले समस्त शिक्षक को कर्मोउन्नति का लाभ प्रदान करने का मांग की है।

# सरकारी आदेश को भूले अफसर

## समस्यों के निराकरण के लिए भटक रहे कर्मचारी

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला संयोजक अटल उपाध्याय ने बताया है कि मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन के आदेशानुसार कर्मचारी संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक प्रत्येक तीन माह में समस्त विभाग प्रमुख एवं प्रत्येक कार्यालय प्रमुख को आयोजित करवाना है। परंतु अनेक कार्यालय के अधिकारियों द्वारा अपने कार्यालयों में लंबे समय से बैठक आयोजित नहीं की जा रही है। लग रहा है कि अधिकारी सरकारी आदेश को भूल गये है, जिससे कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण नहीं हो पा रहा है। शासन की नीति अनुसार प्रत्येक तीन माह में बैठक आयोजित की जाना चाहिए जिससे स्थानीय स्तर पर कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण तत्काल किया जा सकें। कोरोना काल के चलते प्राय: जिले के सभी कार्यालयों में अधिकारियों की मनमानी के कारण बैठक आयोजित नहीं की जा रही है।



मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला संयोजक अटल उपाध्याय, सह संयोजक अलोक अग्निहोत्री, देवेन्द्र पचौरी, ब्रजेश मिश्रा, रवि बंगड, पंकज जायसवाल, रवि बांगड, मसूर वेग, अरूण पटैल, योगन्द्र मिश्रा, रजनीश पाडेय, नेतराम झारिया, जी पी पाठक, रोहित डोंगरे, राकेश ठाकुर, अजय दुबे, विनय नामदेव, सतीष उपाध्याय, जी पी द्विवेदी ने संभागीय आयुक्त जबलपुर कार्यालय में संयुक्त आयुक्त विकास अरविन्द यादव को मांग पत्र सौपते हुये समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी करने की मांग की है। प्रतिनिधि मण्डल को आश्वासन दिया गया है कि संबंधित अधिकारियों को आदेश जारी किये जाएंगे।

# विधायक कार्यालय का घेराव कर दीवार पर चस्पा किया ज्ञापन

### सिहोरा जिला की सरकार से मांग न करने पर भड़के सिहोरावासी

**सिहोरा, देशबन्धु।** वर्ष 2003 के बाद पहली बार किसी भाजपा विधायक ने सिहोरा को जिला बनाने का वादा किया था पर सत्ता पाते ही जिला मुद्दे पर चुप्पी साधने से आक्रोशित सिहोरा वासियों ने मंगलवार को विधायक कार्यालय का घेराव कर जमकर नारेबाजी की। विधायक के कार्यालय में न होने पर समिति के सदस्यों ने विधायक कार्यालय की दीवार पर ज्ञापन चस्पा कर दिया। अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के पदाधिकारी पहले बस स्टेंड स्थित अपने धरना स्थल पर एकत्र हुए।सभी प्रदर्शनकारियों ने सिर पर जिला सिहोरा लिखी टोपी और बाजुओं में काली पट्टी बांध विधायक कार्यालय की ओर रैली के रूप में रवाना हुए।



**ज्ञापन में जताया आक्रोश-** सिहोरा विधायक संतोष बरकड़े के नाम चस्पा किए ज्ञापन में समिति ने कहा कि विधायक द्वारा सिहोरा जिला मुद्दे पर प्रत्येक बार चर्चा तो गंभीरता से की गई पर कभी सार्वजनिक रूप से न तो मुख्यमंत्री से जिला की मांग की न ही पुनर्गठन आयोग को आज तक कोई पत्र लिखा।

**अब भूख हड़ताल से आमरण तक की तैयारी-** समिति के विकास दुबे,कृष्ण कुमार कुररिया,संतोष पांडे,अनिल जैन, नितेश खरया ने कहा कि अब शीघ्र ही भूख हड़ताल प्रारंभ की जावेगी जो आगे चलकर आमरण अनशन में तब्दील होगा। मंगलवार को हुए प्रदर्शन में सुशील जैन,रामजी शुक्ला, एकता तिवारी, आशीष तिवारी,रमा चौरसिया, प्रदीप दुबे, जितेंद्र श्रीवास, संतोष वर्मा, अनिल कुररिया, नंद कुमार परोहा, प्रमोद चौधरी, संजय पाठक, सुशील काछी, आलोक पांडे, नवीन शुक्ला, गौरी राजे, मोहन सोंधिया, मानस तिवारी सहित अनेक पदाधिकारी शामिल रहे।

# मां नर्मदा की 11 सौ फीट लंबी चुनरी यात्रा निकाली

**शहपुरा, देशबन्धु।** शहपुरा तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत खैरी से मां नर्मदा की 11 सौ फीट लंबी चुनरी यात्रा निकाली गई। नर्मदा जयंती पर आयोजित चुनरी यात्रा में ग्राम के सभी वरिष्ठजनों ने पूजन अर्चन करने के बाद चुनरी यात्रा प्रारंभ की। चुनरी यात्रा में क्या बच्चे क्या महिलाएं क्या पुरुष सभी चुनरी को थामें माता के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। राम जानकी मंदिर खैरी कॉलोनी से प्रारंभ होकर चुनरी यात्रा 23 किलोमीटर लंबा

रास्ता तय कर छरौआ घाट पहुंची। चुनरी यात्रा में शामिल भक्तों का मार्ग में जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। चुनरी यात्रा में शामिल लोगों के लिए चाय पानी एवं नाश्ते की व्यवस्था ग्रामीणों द्वारा की गई। चुनरी यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। ग्राम पंचायत खैरी के तत्वावधान में निकाली गई चनरी यात्रा बमोरी, सुनपुरा, बेलखेड़ा, मनकेड़ी होते हुए मां नर्मदा के तट पर पहुंची और सभी भक्तों ने मां के चरणों का आशीर्वाद प्राप्त किया।



# गोवर्धन पूजन के माध्यम से दिया प्रकृति के पूजन और संरक्षण का सदेश

**पनागर, देशबन्धु।** बजरंग वार्ड देवरी स्टेशन पनागर में चल रही भागवत कथा के पांचवें दिन पंडित शुभम मिश्रा जी ने कहा कि यदि प्रकृति संरक्षित रहेगी वृक्ष रहेंगे तो ही जीवन संभव है आज जो तापमान दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। इसका मुख्य कारण है पेड़ों का कांटा जाना और प्रकृति का संरक्षण न होना आज पर्वतों को काट काट कर लोग कृषि योग्य भूमि बना रहे हैं। धरती में जगह-जगह बोरिंग की जा रही है, जिसके कारण जल स्तर भी नीचे गिरता जा रहा है। वृक्ष न होने के कारण भी आज टेंपरेचर बढ़ता जा रहा है। यदि ऐसे ही वृक्षों की कटाई होती रही तो एक दिन ऐसा आएगा कि पृथ्वी में भी जीवन संभव नहीं रह जाएगा, यदि चाहते हैं कि हमारे बच्चे आने वाली पीढ़ियां सुरक्षित रहें और वह भी हमारी ही तरह इस वातावरण में आनंद पूर्वक रह सकें तो अधिक से अधिक वृक्ष लगाइए। मैं तो प्रत्येक व्यक्ति से आग्रह करता हूं कि आप अपने जन्म दिवस पर एक काम जरुर करें। प्रत्येक जन्मदिन पर एक वृक्ष लगाए यदि प्रत्येक व्यक्ति एक वर्ष में एक वृक्ष लगाएगा तो एक दिन पुन: हमारी धरती हरी भरी हो जाएगी और प्रकृति का संरक्षण होगा।



भगवान गोवर्धन नाथ के पूजन के माध्यम से भगवान कृष्ण ने प्रकृति की संरक्षण का संदेश दिया है। भगवान कहते हैं पर्वत पूजनीय हैं वृक्ष पूजनीय हैं। भक्तों हमारी मान्यताएं भी वृक्षों की रक्षा के लिए कहती हैं। पीपल को हम भगवान का रूप मानते हैं। बट वृक्ष को हम भगवान का रूप मानते हैं। आम के वृक्ष को भी हम देव वृक्ष मानते हैं। हमारी यह मानता है जिससे प्रकृति का संरक्षण हो सके भगवान भक्त के अधीन है, जिस प्रकार एक सच्चे भक्त को भगवान की आवश्यकता है। वैसे ही भगवान को भी एक सच्चे भक्त की आवश्यकता है। कथा में अनेक भक्तों का आगमन हुआ।

## निगमकर्मी पर हमला, लहूलुहान

**सतना, देशबन्धु।** नगर निगम के कर्मचारियों के ऊपर आए दिन हमलें हो रहे हैं। आज पुरैनिहा में कुछ लोगो ने रास्ते के विवाद को लेकर एक नगर निगम के कर्मचारी के ऊपर फावड़े से हमला कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया और वह लहुलुहान हो गया। आनन फानन में उसे एक अन्य नगर निगम कर्मी द्वारा कोलगवां थाना लाया गया जहां रिपोर्ट दर्ज करने के बाद जिला अस्पताल एमएलसी के लिए भेज दिया गया। नगर निगम के वॉटर सप्लाई में कार्यरत दीपक कुशवाहा ने बताया कि शनि मंदिर पुरैनिहा निवासी रवि पाण्डेय को दोपहर घर से फोन आया कि पड़ोसी द्वारा मिट्टी गिराकर पीछे का रास्ता बंद किया जा रहा है। हम दोनो लोग शहर में काम छोड़कर गांव गये और पड़ोसी से रास्ता जाम न किए जाने को कहा तो वह आपा खोकर रवि के सिर में फावड़ा से वार कर दिया, जिससे उसका पीछे सर फट गया।

## नगर में नर्मदा जल योजना की समस्या, लोगों पर दोहरा भार पड़ने का खतरा

**पनागर, देशबन्धु।** पनागर में नर्मदा जल योजना के तहत कई घरों में जल आपूर्ति शुरू हो गई है, लेकिन कुछ घरों में अभी भी जल नहीं आ रहा है। इस समस्या के कारण उपभोक्ताओं पर दोहरा भार पड़ने का खतरा है। वार्ड के नागरिक अवधेश खरे, शैलेष तिवारी, नितिन गौतम, प्रदीप नामदेव, प्रकाश ध्यासीन और उत्शांत शर्मा ने कहा कि पहले पुरानी लाइन कनेक्शन को बंद किया जाए और नर्मदा जल सभी नलों में आए, तब यह न्यायोचित होगा। उन्होंने सवाल उठाया कि उपभोक्ता दो स्त्रोतों से जल क्यों लेगा और दोनों का टैक्स क्यों देगा? पनागर के हर वार्ड में अनेक नागरिकों के घरों में नर्मदा जल नहीं आ रहा है। वाटर मीटर की रीडिंग दुरुस्त करने और बिल लेने की बात की जा रही है। यदि इस समस्या का समाधान नहीं निकाला गया तो भविष्य में विवाद की स्थिति निर्मित हो सकती है।

## दूषित खाना खाने से छह बकरी और दो बछड़ों की मौत

**शहडोल, देशबन्धु।** संभागीय शहडोल के कोतवाली अंतर्गत गोरतरा पैट्रोल पंप के समीप उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक एक कर दर्जनों गाय और बकरी तड़फ तड़फ कर दम तोड़ती रही। देखते ही देखते 6 बकरी और दो गाय के बछड़े की मौत हो गई। यह देख मौके पर मौजूद लोगों ने प्रभावित मवेशियों को इस समस्या से उबारने का प्रयास किया लेकिन वे असफल रहे। गोरतरा पैट्रोल पंप के पास रहने वाले मवेशी पालक कामता प्रसाद दुबे ने आंगनबाड़ी का बचा खाना खाने से उनके 6 बकरी और दो बछिया की मौत होने की आशंका जताई है। फिलहाल मामले की लिखित शिकायत कोतवाली में दर्ज कराई गई है।

## यूरोपीय संघ अमेरिका के साथ कड़ी व्यापार वार्ता के लिए तैयार: उर्सुला वॉन डेर लेयेन

**ब्रुसेल्स, ( आईएएनएस )।** यूरोपीय संघ (ईयू) की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा कि ईयू अपने आर्थिक हितों की रक्षा के लिए अमेरिका के साथ कड़ी वार्ता करने के लिए तैयार है। यह बयान तब आया जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूरोप से आने वाले उत्पादों पर शुल्क लगाने की योजना की घोषणा की। सिन्हुआ न्यूज एजेंसी के अनुसार, ट्रेड संबंधों पर बात करते हुए वॉन डेर लेयेन ने कहा कि यूरोप और अमेरिका के बीच आर्थिक संबंध बहुत गहरे हैं और लाखों नौकरियां इस साझेदारी पर निर्भर हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिका में यूरोपीय कंपनियां 35 लाख लोगों को रोजगार देती हैं, और एक लाख अन्य नौकरियां यूरोप के साथ व्यापार से जुड़ी हुई हैं। कुल मिलाकर दोनों के बीच व्यापार 1.5 ट्रिलियन डॉलर का है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस संबंध का बहुत महत्व है क्योंकि यूरोप और अमेरिका, दोनों के रोजगार, व्यवसाय और उद्योग इस साझेदारी से जुड़े हुए हैं। इसलिए, इसे बनाए रखना जरूरी है। सहयोग को बढ़ावा देते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि जब भी आवश्यकता होगी, ईयू कठिन वार्ताओं के लिए पूरी तरह तैयार रहेगा।

### फिलिस्तीन के बिना कोई बात नहीं

## इजरायल को प्रिंस सलमान की दो टूक, ट्रंप को भी लपेटा

**फिलिस्तीन के बिना इजरायल से संबंध असंभव**, सऊदी अरब ने दो टूक लहजे में अमेरिका और इजरायल को साफ संदेश दिया है कि जब तक फिलिस्तीन को उसका जायज हक नहीं मिलता, तब तक इजरायल से किसी भी तरह के राजनयिक संबंध स्थापित करने का सवाल ही नहीं उठता। क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के नेतृत्व में रियाद ने अपने रुख को दोहराया है, जिससे ट्रंप और नेतन्याहू के प्लान को गहरा झटका लगा है। सऊदी अरब ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि जब तक फिलिस्तीन को एक स्वतंत्र राज्य के रूप में मान्यता नहीं मिलती, तब तक इजराइल के साथ किसी भी तरह के संबंध सामान्य करने का सवाल ही पैदा नहीं होता। यह बयान सीधे तौर पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस दावे का खंडन करता है, जिसमें उन्होंने कहा था कि रियाद फिलिस्तीन के बिना भी इजराइल से रिश्ते सामान्य करने के लिए तैयार है। ट्रंप ने मंगलवार को एक चौंकाने वाला बयान दिया था कि अमेरिका गाजा पट्टी पर नियंत्रण स्थापित करेगा और वहां से फिलिस्तीनियों को बसाया जाएगा। उन्होंने यह टिप्पणी इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान की।

**सऊदी अरब का सख्त रुख–** ट्रंप के बयान के बाद सऊदी विदेश मंत्रालय ने बुधवार को एक कड़े बयान में साफ कर दिया कि उनका रुख अडिग है और फ़िलिस्तीनियों को उनकी जमीन से हटाने की किसी भी साजिश को सऊदी अरब कभी स्वीकार नहीं करेगा। विदेश मंत्रालय ने कहा, सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने यह स्थिति बेहद स्पष्ट और निर्णायक रूप से रखी है। इसमें किसी भी तरह की गलतफहमी की कोई गुंजाइश नहीं है।

**ट्रंप और इजरायल के लिए झटका–** ट्रंप प्रशासन लंबे समय से सऊदी अरब को इजरायल के साथ सामान्य संबंध स्थापित करने के लिए मनाने की कोशिश कर रहा था, ठीक उसी तरह जैसे संयुक्त अरब अमीरात और बहरीन ने 2020 में अब्राहम समझौते के तहत किया था। लेकिन गाजा युद्ध और अरब जगत में उभर रहे आक्रोश को



देखते हुए, सऊदी अरब ने इस मुद्दे पर अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है।

सऊदी अरब का यह सख्त रुख न सिर्फ इजरायल के लिए झटका है, बल्कि ट्रंप की कूटनीतिक योजनाओं के लिए भी एक बड़ा धक्का साबित हो सकता है। अरब दुनिया में सऊदी अरब का असर सबसे ज्यादा है और बिना उसके बिना इजरायल के लिए क्षेत्र में पूर्ण स्वीकृति प्राप्त करना लगभग असंभव होगा।

## अमेरिका जता रहा गाजा पर कब्जे की इच्छा

इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ व्हाइट हाउस में साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उस दौरान इजरायल के पीएम ने कहा कि उनका देश गाजा पट्टी पर डेढ़ साल की जंग के बाद पहले से ज्यादा ताकतवर हो गया है। इजरायल और हमास के बीच शुरू हुआ संघर्ष अब अंतिम दौर में नजर आ रहा है। इसी बीच इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सार्वजनिक तौर पर बता दिया है कि वह गाजा पट्टी में क्या करने वाले हैं। खास बात है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा को यूएस के कब्जा में दिए जाने का प्रस्ताव दिया है। फिलहाल, इसपर अंतिम सहमति नहीं बन सकी है। नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ व्हाइट हाउस में साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उस दौरान इजरायल के पीएम ने कहा कि उनका देश गाजा पट्टी पर डेढ़ साल की जंग के बाद पहले से ज्यादा ताकतवर हो गया है। उन्होंने कहा कि इजरायल के गाजा में तीन लक्ष्य हैं। साथ ही उन्होंने क्षेत्र में शांति स्थापित करने की भी बात कही है। उन्होंने कहा, इजरायल इस समय सबसे ज्यादा ताकतवर है और ईरान की आतंकी एक्सिस सबसे कमजोर स्थिति में है। जैसा कि हमने चर्चा की थी कि हमारा भविष्य सुरक्षित करने और हमारे क्षेत्र में शांति लाने के लिए हमें काम को अंजाम तक ले जाना होगा। गाजा में इजरायल के 3 लक्ष्य हैं। पहला हमास की सेना और शासन क्षमता को खत्म करना, हमारे सभी कैदियों की रिहाई और यह सुनिश्चित करना कि गाजा कभी भी इजरायल के लिए खतरा नहीं बनेगा।

### आज का इतिहास

1890– महान स्वतंत्रता सेनानी भारत रत्न खान अब्दुल गफ्फार खान का जन्म।
1911– अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन का जन्म। वह इस पद पर पहुंचने वाले एकमात्र फिल्म अभिनेता थे।
1931– भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के पिता मोतीलाल नेहरू का इलाहाबाद में निधन।
1952– एलिजाबेथ द्वितीय ने ग्रेट ब्रिटेन की राजगद्दी संभाली। उन्होंने वर्ष 2002 में ब्रिटेन के राज सिंहासन पर अपने 50 वर्ष पूरे करने का जश्न मनाया था।
1958– म्यूनिख में एक विमान दुर्घटना में 21 लोग मारे गए। इनमें मैनचेस्टर युनाइटेड फुटबाल क्लब के सात खिलाड़ी भी थे।
1959– अन्ना चांडी केरल उच्च न्यायालय की पहली महिला न्यायाधीश नियुक्त हुईं।
1971– अपोलो 14 के जरिए चांद पर पहुंचे एलन शेपर्ड ने दो दिन तक चांद पर चहलकदमी के दौरान एक गोल्फ़ क्लब से गोल्फ बॉल को हिट किया और चांद पर गोल्फ़ खेलने वाले पहले व्यक्ति बन गए।

### सुडोकू 6817

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 3 | | 2 | | 6 | 7 | 5 |
| | | | 6 | 5 | | 8 | | |
| | 2 | | | | 3 | 9 | | |
| | 1 | | | 3 | | 2 | | 6 |
| | 3 | | 8 | | 6 | | 9 | |
| 6 | | 8 | | 1 | | | 4 | |
| | | 1 | 3 | | | | 5 | |
| | | 7 | | 4 | 5 | | | |
| 9 | 4 | 5 | | 6 | | 3 | | 8 |

**: नियम :**
1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## अमेरिका में अब शिक्षा मंत्रालय बंद करवाएंगे डोनाल्ड ट्रंप, बताया क्या है प्लान

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल में दुनिया के दूसरे देशों में अमेरिकी फंड पहुंचाने वाली संस्था स्ढ्ढष्ठ को बंद करने का ऐलान कर नई बहस छेड़ दी है। इस बीच उन्होंने एक और आश्चर्यजनक घोषणा की है। राष्ट्रपति ट्रंप ने मंगलवार को देश के शिक्षा विभाग को खत्म करने की अपनी प्राथमिकता दोहराई है। ट्रंप ने संकेत दिए हैं कि वे अपने दूसरे कार्यकाल के दौरान इस योजना को पूरा करने की तैयारी कर रहे हैं। हालांकि इसके लिए वह अपने विशेषाधिकार यानि एग्जीक्यूटिव ऑर्डर का प्रयोग नहीं करेंगे। ट्रंप ने कहा है कि वह कार्यकारी आदेश के माध्यम से पैंतरेबाजी करने के बजाय इस पर संसद की आम सहमति बनाना पसंद करेंगे। राष्ट्रपति ट्रंप ने मंगलवार को ओवल ऑफिस में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा, मैं कांग्रेस के साथ काम करूंगा। मुझे लगता है कि हमें टीचर्स यूनियन के साथ काम करना होगा, क्योंकि वे लोग विरोध कर रहे हैं। कोई और इसे रोकना नहीं चाहेगा। हमें टीचर्स यूनियन को बताना होगा कि हम शिक्षा के मामले में दुनिया में सबसे पीछे हैं। ट्रंप ने कहा कि उनकी सबसे बड़ी चिंता शिक्षा में सुधार करना है। ट्रंप ने कुछ सर्वे का हवाला देते हुए कहा कि संघीय खर्च के बावजूद अमेरिकी छात्र पश्चिमी देशों से भी पीछे हैं। ट्रंप ने आगे कहा है कि उनका मानना ??है कि केंद्रीय हस्तक्षेप को खत्म करते हुए राज्यों को शिक्षा पर अधिक नियंत्रण देने से छात्रों को ज्यादा फायदा होगा।

**वाइट हाउस ने क्या बताया?–** इससे पहले भी ट्रंप की इस योजना को लेकर कुछ खबरें सामने आई थीं। इन रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि वाइट हाउस शिक्षा विभाग को खत्म करने के इरादे से एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर देने की तैयारी कर रहा है। वहीं वाइट हाउस के अधिकारियों ने कहा है कि ट्रंप के इस चुनावी वादे को पूरा करने की तैयारी की जा रही है।

**क्यों हो रहा विरोध?–** इस बीच अमेरिका के शिक्षकों ने इसका पुरजोर विरोध किया है। देश के शिक्षक संघों ने कहा है कि ट्रंप का यह कदम संदेहास्पद है। उनके मुताबिक राज्यों को इस विभाग का कंट्रोल देना इसीलिए खतरनाक है क्योंकि राज्य शिक्षकों द्वारा संचालित निजी और चार्टर स्कूलों को फंड दे सकते हैं।

## तुर्की और सीरिया के राष्ट्रपतियों ने सुरक्षा और आर्थिक सहयोग पर की चर्चा

**अंकारा,( आईएएनएस )।** तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन और सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल–शरा ने दोनों देशों के बीच संबंधों को पूरी तरह से बहाल करने और सहयोग बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। एर्दोगन ने मंगलवार को अंकारा में अल–शरा के साथ अपनी वार्ता के बाद एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा, तुर्की तबाह हो चुके सीरियाई शहरों के पुनर्निर्माण में सहयोग करने के लिए तैयार है। एर्दोगन ने सीरिया में सुरक्षा को मजबूत करने के लिए तुर्की की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। खासकर इस्लामिक स्टेट और कुर्दिश पीपुल्स प्रोटेक्शन यूनिट्स जैसे आतंकवादी समूहों पर नकेल कसने के लिए, जिन्हें तुर्की प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी की सीरियाई शाखा मानता है। तुर्की के राष्ट्रपति ने कहा, सीरिया के साथ एकजुटता से काम करके, मेरा मानना है कि हम अपने साझा क्षेत्र में आतंकवाद से मुक्त शांति और सुरक्षा का माहौल पूरी तरह से स्थापित करेंगे। सुरक्षा सहयोग से परे, दोनों नेताओं ने तुर्की और सीरिया के बीच आर्थिक संबंधों को बढ़ाने के लिए अपना दृढ़ संकल्प व्यक्त किया। एर्दोगन ने द्विपक्षीय संबंधों की बहुआयामी प्रकृति पर भी प्रकाश डाला, जिसमें व्यापार, नागरिक उड्डयन, ऊर्जा, स्वास्थ्य और शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति के बारे में बताया।

## वर्षों से हमने दुनिया नहीं देखी, सीरिया के जेल में बंद एसआईएसआई के कैदियों ने बयां किया दर्द

सीरिया के ग्वेइरान जेल को अब पैनोरमा के नाम से भी जाना जाता है। इस जेल में विभिन्न उम्र और भिन्न-भिन्न देशों के लोग चुपचाप अपनी सेल में बैठे हुए रहते हैं। उनके लिए दुनिया से संपर्क का एकमात्र रास्ता दरवाजों में लगी एक छोटी सी खिड़की होती है। ये लोग इस्लामिक स्टेट के कथित सदस्य हैं। इन्हें इराक और सीरिया से पकड़ा गया था। इस जेल में कई वर्षों से लगभग 4,500 आईएसआई से जुड़े कैदी बंद हैं। एसोसिएट प्रेस ने जेल का दौरा किया है।

सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल–असद को दिसंबर में विद्रोही हमले के बाद अपनी कुर्सी छोड़नी पड़ी थी। एसडीएफ के प्रमुख कमांडर माजलूम अब्दी ने एपी से कहा कि असद के पतन के बाद,आईएसआई के सदस्यों ने सीरिया के पूर्वी हिस्से में उन हिस्सों से बड़ी मात्रा में हथियारों पर कब्जा कर लिया था जो असद शासन के वफादार बलों द्वारा छोड़े गए थे। एसडीएफ के एक सुरक्षा अधिकारी ने चेतावनी दी कि चरमपंथी समूह जेल पर भी हमला कर सकते हैं और अपने साथियों को छुड़ाने की कोशिश कर सकते हैं। उन्होंने अपनी पहचान गुप्त रखने की शर्त पर यह बयान दिया है। यूएस सेंट्रल कमांड के जनरल माइकल एरिक कुरीला ने पिछले महीने सीरिया का दौरा करते हुए कहा, यह कैदियों



की एक वास्तविक और प्रतीकात्मक आईएसआईएवस सेना है। जेल के दौरे के दौरान कैदियों से संवाद के लिए एक छोटी खिड़की खोली गई। उन्हें पत्रकारों से संक्षिप्त बातचीत करने की अनुमति दी गई। एक युवा व्यक्ति आगे बढ़ा और अपने आप को ऑस्ट्रेलिया का एक नर्स बताते हुए कहा कि वह 2019 में बगूज़ में गिरफ्तार नहीं हुआ था, बल्कि जब अमेरिकी गठबंधन ने एक मानवीय गलियारा खोला तो उसने आत्मसमर्पण कर दिया था। महेर ने कहा, मैंने किसी का कुछ नहीं किया। मैं यहां सात साल से बिना किसी फैसले के बैठा हूं। उन्होंने कहा, मैंने बहुत सारी चीजों पर पछतावा किया है।

महेर ने बताया कि उन्होंने एक सीरियाई महिला से शादी की है और उनके दो बेटे हैं, जो सीरिया के उत्तर–पूर्वी क्षेत्र के उन शिविरों में रहते हैं जहां आईएसआई के सदस्य परिवारों को रखा जाता है।

## हंसों ने इस शहर में वसंत महोत्सव मनाया

**बीजिंग, ( आईएएनएस )।** चीनी लोग कहते हैं, वसंत महोत्सव में एक प्रकार की खुशी होती है, जो घर लौटकर महसूस होती है। हर साल, वसंत महोत्सव के समय, अनगिनत चीनी लोग पर्वतों और नदियों को पार करके अपने घर लौटते हैं और परिवार के साथ मिलकर खुशी मनाते हैं। इस साल वसंत महोत्सव के आगमन पर, हंस भी घर लौट आया है। उनका घर कहां है?

इस सर्दी में, चीन की मां नदी पीली नदी के मध्य भाग के किनारे पर स्थित सानमेनश्या शहर ने फिर से बड़ी संख्या में सफेद हंसों का स्वागत किया है। ये सफेद हंस, जो साइबेरिया से आते हैं, हर साल अपने परिवार के साथ हजारों मील की यात्रा करके सानमेनश्या के पीली नदी के दलदली क्षेत्रों में सर्दी बिताने के लिए आते हैं। नए साल के मौके पर 13,000 से अधिक सफेद हंस यहां पहुंच चुके हैं। चीन के पारिस्थितिकी वातावरण के सुधार के



साथ, यहां सर्दियों में आने वाले हंसों के आवास क्षेत्र और भी बढ़ गए हैं। मध्य चीन के यूनछेंग शहर में, हर साल 10,000 से अधिक साइबेरियाई हंस सर्दी बिताने के लिए आते हैं। जबकि, पूर्वी चीन के रोंगछंग शहर में, हंसों के लिए आवास स्थान ने स्थानीय विशेष पर्यटन स्थल का रूप ले लिया है जहां हंसों को आना पसंद है, वह निश्चित रूप से एक अच्छा स्थान होगा। क्या आप यहां आए हैं?

### वर्ग पहेली 6817

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | ■ | २३ | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:–**
१. अकेले रहने या विचरने वाला एकाकी
३. सज्जित, विभूषित
५. सेना या काफिले का मार्ग में कहीं रुकना, ऐसी रुकने की जगह
६. शुद्ध, पाक
७. पतला, संकीर्ण मार्ग
९. आराम, चैन (उर्दू)
१०.स्वेच्छारिता
१२. आसान, स्वभाव, आसानी से मिलने वाला
१३. असमंजस, द्वैधीभाव
१४. युद्ध संबंधी
१६. गिरवी रखना
१८. दासी, सेविका (उर्दू)
२०. बढ़ाया हुआ, बहता हुआ
२१. राजा (उर्दू)
२३. जो लेने देन में खरा न हो(उर्दू)

**ऊपर से नीचे:–**
१. पगडंडी
२. बदचलन
३. जाना हुआ, विदित
४. मेहरबानी करके
५. राजा की सबसे बड़ी रानी
८. राजाओं या राष्ट्र प्रमुखों के रहने की जगह
१०. धीमा, मंद
११. एक प्रकार का बहुमूल्य रत्न
१२. मरम्मत, दोष या खराबी के दूर होने का भाव
१३. बैर, शत्रुता
१४. शाबासी देना
१५. घूस
१७. सदैव
१८. एकदम,, नितांत, पक्का (उर्दू)
१९. जिव्हा, भाषा (उर्दू)
२२. जिद

### वर्ग पहेली–6816

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ब | ही | २ खा | ता | ■ | ■ | ३ अ | प | ४ वि | त्र |
| र | ■ | द्य | ■ | ५ अ | टू | ट | ■ | रो | ■ |
| ६ सा | कि | न | ■ | नु | ■ | ७ क | ला | ध | ८ र |
| त | ■ | लि | ■ | ९ सा | य | ल | ■ | ■ | क्त |
| ■ | १० ब | का | ११ सु | र | ■ | ■ | १२ रो | च | क |
| ■ | का | ■ | धा | ■ | १३ सं | बं | ध | ■ | म |
| १४ भ | या | १५ तु | र | ■ | ग्रा | ■ | १६ क | १७ पा | ल |
| ग | ■ | ला | ■ | १८ क | म | १९ ला | ■ | दु | ■ |
| २० द | रिं | दा | ■ | दा | ■ | २१ ल | ल | का | २२ र |
| ड़ | ■ | २३ न | र | पि | शा | च | ■ | ■ | व |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**कार्रवाई** *कुलगाम में शांति लौट आने के दावों के बीच आतंकी हमला*

## पुलिस ने कश्मीर में 500 ओवर ग्राउंड वर्कर धर लिए

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,(देशबन्धु)। कश्मीर में शांति लौट आने के दावों के बीच आतंकियों के हमले में कल देर रात पूर्व सैनिक की मौत के उपरांत सुरक्षाबलों ने इतनी त्वरित कार्रवाई की की सब हैरान रह गए। उन्होंने 500 से अधिक ओवर ग्राउंड वर्करों को धर लिया है। वन्यजीव अधिकारियों के बीच चिंताएं बढ़ गई हैं।**

पुलिस ने इसकी पुष्टि की है कि कुलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले के बाद जम्मू कश्मीर पुलिस ने बड़े पैमाने पर कार्रवाई करते हुए कश्मीर वादी में रात भर छापेमारी के दौरान 500 से ज्यादा ओवर ग्राउंड वर्कर्स, संदिग्धों, आतंकी सहयोगियों और आतंकी गतिविधियों में पहले से शामिल रहे लोगों को हिरासत में लिया है। ये रिफ्तारियां सोमवार को कुलगाम के बेहीबाग इलाके में हुए हमले के बाद की गई है, जहां आतंकियों ने तीन नागरिकों पर पाइंट–ब्लैंक रेंज से गोली चलाई थी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पीड़ितों में से एक पूर्व प्रादेशिक सेना के जवान



मंजूर अहमद वागे ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। उनकी पत्नी आइना अख्तर (32) और एक नाबालिग लड़की सानिया हमीद (13) के पैर में चोटें आई हैं और बताया जा रहा है कि उनकी हालत स्थिर है।

पत्रकारों से बात करते हुए एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने गिरफ्तारियों की पुष्टि करते हुए बताया कि हमने आतंकी नेटवर्क से जुड़े लोगों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए कश्मीर में बड़े पैमाने पर अभियान चलाया है। इस अपराध के अपराधियों की पहचान करने और इस तरह के किसी भी अन्य हमले को रोकने के लिए 500 से अधिक संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

उन्होंने बताया कि कानून प्रवर्तन एजेंसियां अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने और कश्मीर में सभी निवासियों और आगंतुकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि कुलगाम हमले की जांच चल रही है और हिरासत में लिए गए लोगों से आतंकवाद से संबंधित गतिविधियों में संभावित संलिप्तता के लिए पूछताछ की जा रही है।

# खेल जगत

**वनडे क्रिकेट हाशिये पर चला गया है, लेकिन खिलाड़ी अभी भी इसे पसंद करते हैं: जोस बटलर**

**नागपुर,** 5 फरवरी (एजेंसियां)। इंग्लैंड के वनडे कप्तान जोस बटलर ने स्वीकार किया कि चारों ओर फ्रेंचाइजी क्रिकेट के प्रसार के साथ, 50 ओवर के क्रिकेट को हाशिये पर धकेल दिया गया है और क्रिकेट क्षितिज पर अपनी जगह बनाने के लिए संघर्ष कर रहा है। हालांकि, उन्होंने कहा कि वह टी20 विश्व कप की तुलना में वनडे विश्व कप जीतने को अधिक महत्व देंगे। बटलर से यह सवाल इसलिए पूछा गया क्योंकि इंग्लैंड 2023 विश्व कप के बाद से भारत में अपना पहला वनडे मैच खेल रहा है, जबकि भारत ने अपना दूसरा टी20 विश्व कप खिताब जीतने वाले वर्ष में केवल तीन 50 ओवर के मैच खेले हैं। दोनों टीमों को इस महीने के अंत में चैंपियंस ट्रॉफी में खेलना है, इसलिए वे केवल मौजूदा तीन मैचों की श्रृंखला के साथ टूर्नामेंट में उतरेंगे।



# रोहित और विराट से इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

■ चैंपियंस ट्रॉफी से पहले रंगत वापस पाने का आखिरी मौका ■ भारत के लिए कई सवालों का जवाब तलाशने के लिए अहम होगी सीरीज

■ सत्येन्द्र पाल सिह

**नई दिल्ली,** 5 फरवरी (देशबन्धु)। भारत के लिए इंग्लैंड के खिलाफ नागपुर में बृहस्पतिवार से पहले वन डे अंतर्राष्ट्रीय से शुरू हो रही तीन मैचों की सीरीज आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से कई सवालों का जवाब तलाशने के लिए बेहद अहम है क्योंकि उसने बीते बरस अगस्त से एक भी वन डे मैच नहीं खेला है। भारत के ऑस्ट्रेलिया में उससे पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर -गावसकर ट्रॉफी 1-3 से हारने और उसके बाद अपनी अपनी रणजी टीमों के लिए खेले इकलौते मैच में भी अपने दोनों धुरंधर बल्लेबाजों कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली के नाकाम रहने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ यह वन डे सीरीज चैंपियंस ट्रॉफी से पहले रंगत वापस पाने का आखिरी मौका है। रणजी ट्रॉफी में रोहित मुंबई के लिए जम्मू -कश्मीर के खिलाफ रणजी मैच में 3 और 28 रन बना कर जबकि विराट रेलवे के खिलाफ इकलौती पारी में15 गेंद खेल मात्र एक चौका लगा छह रन बनाकर आउट हुए। विराट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में शतक जड़ लेकिन इसके बाद टेस्ट सीरीज में एक ही अंदाज में ऑफ स्टंप के बाहर जाती गेंद पर कैच थमा आउट हुए।अपनी इस दिक्कत से निपटने के लिए विराट ने रणजी मैच से पहले मुंबई में भारत के पूर्व और आरसीबी के बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ के साथ मेहनत की। वन डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट रोहित के लिए बतौर सलामी बल्लेबाज और विराट के लिए तीसरे नंबर के बल्लेबाज के रूप में सबसे बेहतरीन फॉर्मेट है। विराट ने भारत के 2023 में ऑस्ट्रेलिया को पहले मैच में हराने के बाद उससे वन डे विश्व कप में फाइनल के रूप में इकलौता मैच हारने से पहले सबसे ज्यादा 765 रन बनाए थे । वहीं रोहित ने बीते बरस अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ वन डे सीरीज में तीन मैचों मे 157 रन बनए थे। भारत ने इंग्लैंड से बीते चार बरस में



पांच वन डे अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं इनमें चार जीते हैं जबकि मात्र एक मैच उससे लॉडर्स में 2022 में हारा जरूर था लेकिन सीरीज 2-1 से जीती थी। भारत के चीफ कोच गौतम गंभीर और कप्तान रोहित शर्मा को एकादश को अपनी एकादश को चुनने के लिए माथापच्ची करनी पड़ेगी।

भारत के लिए बड़ा सवाल यह रहेगा कि बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज 2023 में आईसीसी वन डे विश्व कप में खासे कामयाब रहे केएल राहुल और कार दुर्घटना के बाद फिट होकर कामयाब वापसी कर भारत को टी 20 विश्व कप जिताने में अहम भूमिका निभाने वाले ऋषभ पंत में से कौन इंग्लैंड और चैंपियंस ट्रॉफी में कौन एक विकेटकीपिंग करेगा। या फिर ये दोनों ही एकादश में शामिल रहेंगे और केएल राहुल खालिस बल्लेबाज के रूप में खेलेंगे क्योंकि श्रेयस अय्यर ने भी शॉर्ट गेंद पर अपना विकेट गंवाने के बावजूद 2023 के वन डे विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन किया था। ऐसे में श्रेयस अय्यर को एकादश में शामिल करने के लिए चीफ कोच गौतम गंभीर को खासी माथापच्ची करनी पड़ेगी क्योंकि इंग्लैंड के खिलाफ भारत की पारी का आगाज कप्तान रोहित शर्मा और उपकप्तान शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ही करेगी और तीसरे नंबर पर विराट कोहली के उतरने की पूरी उम्मीद है।

विराट कोहली अब वन डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे कम पारियों में 14 हजार रन बनाने के बेहद करीब खड़े हैं। भारत ही नहीं दुनिया के सर्वकालीन महानतम बल्लेबाज सचिन तेंडुलकर(350 पारियों) और श्रीलंका के कुमार संगकारा (378 पारियों) में इस मुकाम तक पहुंच पाए जबकि विराट ने अब तक 283 पारियां खेली हैं और उन्हें वन डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 14 हजार तक पूरे करने के लिए मात्र 94 रन और बनाने हैं और यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या वह इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की इसी सीरीज में यह मुकाम हासिल कर लेंगे।

जो रूट को छोड़ कर इंग्लैंड की तीन अंतर्राष्ट्रीय वन डे मैचों की सीरीज के लिए टीम वही है जो कि बीत रविवार पांच टी 20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों की सीरीज भारत से 1-4 से हारी थी। भारत की वन डे मैचों की सीरीज की टीम में कप्तान रोहित, शुभमन गिल, विराट,केएल राहुल,श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत, यशस्वी जायसवाल, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव के रूप नौ ऐसे खिलाड़ी इस वन डे भारतीय टीम का हिस्सा जो कि टी 20 सीरीज में टीम का हिस्सा नहीं थी। निश्चित रूप से भारत की वन डे टीम बल्लेबाजी और गेंदबाजी के लिहाज से बेहतर है। जो रूट की बतौर बल्लेबाज इंग्लैंड टीम के लिए अहम है लेकिन वह मोहम्मद शमी और खासतौर पर लेग स्पिनर कुलदीप यादव के खिलाफ जूझते नजर आए हैं। टी 20 सीरीज में इंग्लैंड के लिए अर्द्धशतक बेन डकेट और हैरी ब्रुक ने जड़े जबकि कप्तान जोस बटलर ने तेज बल्लेबाजी करने के बावजूद अर्द्धशतक को तरस गए थे। भारतीय गेंदबाज बेशक इंग्लैंड की संघर्ष करती बल्लेबाजी को सस्ते में बिखेर कर भारत को वन डे सीरीज जिताने के लिए बेताब होंगे।

भारत ने साथ ही इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा कुल 14 विकेट चटका भारत को रविवार को सम्पन्न पांच टी 20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों की सीरीज 4-1 से जिताने में अहम भूमिका निभाने वाले मिस्ट्री स्पिनर को 17 वें खिलाड़ी के रूप में टीम से इसलिए जोड़ा है कि केवल उसके तीन तुरुप के गेंदबाज-तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी व जसप्रीत बुमराह तथा बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव चोट के बाद वापसी कर रहे हैं। भारत यदि तीन स्पिनरों के साथ उतरने का फैसला करता है तो फिर बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव के साथ जगह मिलेगी और अक्षर पटेल को एकादश से बाहर बैठना पड़ेगा। भारत की तेज गेंदबाजी का जिम्मा बाएं हाथ के रंग में चल रहे नौजवान तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह होंगे और यह हार्दिक पांडया के टी 20 सीरीज में पूरे रंग में होने पर क्या केवल दूसरे तेज गेंदबाज के रूप में कप्तान रोहित उनसे पूरे दस ओवर फिकवाना चाहेंगे या फिर अंतिम टी 20 में इंग्लैंड के खिलाफ रंग में लौटे मोहम्मद शमी को भी एकादश में जगह मिलेगी। भारत की पारी का आगाज बेशक रोहित और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी करेगी जबकि विराट नंबर तीन पर और श्रेयस और केएल राहुल में जो भी खेलेगा वह चौथे, ऋषभ पंत के पांचवें , हार्दिक के छठे, रवींद्र जडेजा के सातवें नंबर बल्लेबाजी के लिए उतरने की उम्मीद है भारत के लिए इसके बाद चार गेंदबाजों अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी और दो लेग स्पिनर कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती के साथ उम्मीद है। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम वन डे 2023में लखनउ में खेला था और इसमें शमी के गेंद से 'चौके', जसप्रीत बुमराह के तीन के चटकाए तीन और कुलदीप यादव के दो विकेट तथा कप्तान रोहित शर्मा की 89 की तेज पारी से 100 रन से हराया। अब भारत को बुमराह सीरीज के शुरू के दो मैचों के लिए पूरी तरह फिट न होने के चलते उपलब्ध नहीं हैं वह तीसरे और आखिरी वन डे ही उपलब्ध हो सकेंगे। ऐसे में भारत के नंबर एक गेंदबाज के रूप में बुमराह की जिम्मेदारी अर्शदीप सिंह के ही संभालने की उम्मीद है।

## एफसी गोवा के खिलाफ आईएसएल में पहली जीत दर्ज करने उतरेगी ओडिशा एफसी

**फतोर्दा।** एफसी गोवा गुरुवार को शाम 7:30 बजे फतोर्दा स्थित अपने घरेलू मैदान जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 में ओडिशा एफसी की मेजबानी करेगी, तो गौर्स का लक्ष्य जगरनॉट्स पर तीसरी बार लीग डबल पूरा करना होगा, क्योंकि उन्होंने 4 जनवरी को खेला गया रिवर्स फिक्स्चर 4-2 से जीता था। वहीं, ओडिशा एफसी आईएसएल के इतिहास में पहली बार एफसी गोवा पर जीत दर्ज करना चाहेगी। एफसी गोवा 18 मैचों में नौ जीत, छह ड्रा और तीन हार से 33 अंक लेकर तालिका में तीसरे स्थान पर है। ओडिशा एफसी 18 मैचों में छह जीत, सात ड्रा और पांच हार से 25 अंक लेकर तालिका में सातवें स्थान पर है। ओडिशा एफसी लय पकड़ती नजर आ रही है, क्योंकि उसने अपने पिछले मैच में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के खिलाफ घर पर 2-2 से ड्रा खेला था और उससे पहले बेंगलुरू एफसी को 3-2 से हराया था।

**गौर्स की जीत का सिलसिला**

घरेलू फॉर्म: गौर्स ने ओडिशा एफसी के खिलाफ तीनों घरेलू मैच जीते हैं, जिसमें तीन-तीन तीन गोल किए हैं।



शॉट लेने वाले: आईएसएल 2024-25 में गौर्स की शॉट रूपांतरण दर 12.8 फीसदी है। उन्होंने सभी टीमों में चौथे सबसे अधिक शॉट (195) लगाए और चौथे सबसे ज्यादा गोल (33) किए हैं।

**जगरनॉट्स गोल करते हैं**

मजबूत आक्रमण: ओडिशा एफसी के 36 गोल इस सीजन में दूसरे सबसे ज्यादा हैं, जिसमें डिएगो मौरिसियो, जैरी माविहमिंगथांगा और मुर्तदा फॉल का योगदान क्रमश: 9, 5 और 4 गोल हैं।

फॉल का प्रभाव: मुर्तदा फॉल ने इस सीजन में 21 ब्लॉक दर्ज किए हैं, जिससे वह 20 से ज्यादा ब्लॉक करने वाले दूसरे खिलाड़ी (एलेक्स साजी - 23 के बाद) हैं।

**आमने-सामने**

आईएसएल में दोनों टीमों के बीच 11 मुकाबले हुए हैं। एफसी गोवा ने सात बार जीत दर्ज की है और चार मैच ड्रा रहे हैं। इस मैच में औसतन 3.27 गोल हुए हैं।

**कोच कॉर्नर**

गौर्स के स्पेनिश हेड कोच मैनोलो मार्क्वेज ने जमशेदपुर एफसी से 3-1 की हार के बाद एफसी गोवा को फिर से फॉर्म पाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, 'हमें वैसे ही खेलना होगा जैसा हम खेलते रहे हैं और पिछले मुकाबलों की तरह प्रतिस्पर्धी होना होगा।'जगरनॉट्स के सहायक कोच एंथनी फर्नांडिस ने ओडिशा एफसी के प्लेइंग स्टाइल पर बात की। उन्होंने कहा, 'हमें गेंद कब्जे में रखना पसंद है और हम काफी हद तक ऐसा करते हैं। हम बहुत सारे मौके बनाकर अपनी क्रिएटिविटी दिखाते हैं।'

## दीक्षा, त्वेसा के साथ रूकी अवनी प्रशांत मोरक्को में लल्ला मेरीम कप में होंगी शामिल

**रबात ( मोरक्को ),** 5 फरवरी (एजेंसियां)। अनुभवी दीक्षा डागर और त्वेसा मलिक के साथ रूकी अवनी प्रशांत मोरक्को में रॉयल गोल्फ डार एस सलाम में होने वाले सीजन के पहले एलईटी इवेंट, लल्ला मेरीम कप में शामिल होंगी। दीक्षा और त्वेसा पिछले कुछ समय से खेल रही हैं, जबकि अवनी एलईटी क्यू-स्कूल से आने के बाद किसी प्रो इवेंट में पदार्पण कर रही हैं। पिछले साल एलईटी ऑर्डर ऑफ मेरिट में 17वें स्थान पर रहने वाली शीर्ष भारतीय खिलाड़ी प्रणवी उर्स अगले सप्ताह रियाद में अरामको सीरीज में अपना सीजन शुरू करेंगी। प्रणवी दीक्षा, त्वेसा और अदिति अशोक के साथ खेलेंगी। दीक्षा को 2024 के लल्ला मेरीम कप की अच्छी यादें हैं, जहां वह शीर्ष 10 में रही थी, और वह इसे बेहतर करने की कोशिश करेंगी। दिलचस्प बात यह है कि प्रणवी, जो पिछले साल पांचवें स्थान पर थी, इस सीजन में इस इवेंट में भाग नहीं ले रही है।

अवनी प्रशांत, जिन्होंने शौकिया तौर पर महिला प्रो गोल्फ टूर पर भारत में कुछ पेशेवर खिताब जीते, उन्होंने एलईटी एक्सेस सीरीज़ में भी जीत हासिल की। वह अब लेडीज़ यूरोपियन टूर के लिए तैयार है और एक विस्तृत कार्यक्रम की योजना बना रही है। अवनी भारतीयों में सबसे



पहले टी-ऑफ करेंगी, और वह स्पेन की ब्लैंका फर्नांडीज और थाईलैंड की औंचिसा उतामा के साथ सुबह 8.50 बजे दसवें टी से खेलेंगी। त्वेसा मलिक को दोपहर 1 बजे दसवें टी से फिनलैंड की सना नुटिनेन और नॉर्वे की डोर्थिया फ़ोरब्रिगेड के साथ जोड़ा जाएगा और दीक्षा दोपहर 1:40 बजे दसवें टी से स्लोवेनियाई पिया बाबनिक और स्थानीय स्टार इनेस लकलालेच के साथ खेलेंगी। गत चैंपियन 29 वर्षीय ब्रोंटे लॉ, रॉयल गोल्फ डार एस सलाम में अपने 2025 सीज़न की शानदार शुरुआत की उम्मीद में वापस आ गई हैं।

**सार संक्षेप**

### धीमी रफ्तार वाली डीपीएल में सीआईएसएफ, दिल्ली एफसी और गढ़वाल का दबदबा

**नई दिल्ली।** धीमी रफ़्तार से, गिरते पड़ते औऱ अनुशासनहीनता क़े तमाम रिकार्ड तोड़ते हुए डीएसए प्रीमियर लीग लंबे विश्राम क़े बाद फिर से उठ खड़ी हुई है द्य 26 सितम्बर से शुरू हुईं लीग का मिड नवम्बर में समापन होना था लेकिन कभी मैदान की अनुपलब्धता तो कभी अन्य कारणों से देर पर देर होती चली गई। फिलहाल एक बार फिर से डीपीएल पटरी पर लौट आई है औऱ वीरवार, 6 फरवरी को यहां नेहरू स्टेडियम परिसर में 12 बजे खेले जाने वाले मैच में दिल्ली एफसी का मुकाबला हिंदुस्तान एफसी से होने जा रहा है। उम्मीद की जा रही है कि डीपीएल डबल लेग मुकाबले फरवरी- मार्च तक निपट जाएंगे। अब तक खेले गए मैचों क़े आधार पर सीआईएसएफ, गढ़वाल हीरोज, रॉयल रेंजर्स, दिल्ली एफसी औऱ सुदेवा ख़िताब क़े प्रबल दावेदारों में शुमार हैं द्य हालांकि सीआईएसएफ 16 मैचों में 34 अंक बना कर दौड़ में सबसे आगे है लेकिन 14 मैचों में 29 अंक जुटाने वाली दिल्ली एफसी, 15 मैचों में 29 अंक बनाने वाली गढ़वाल, 14 मैचों में 27 अंक बनाने वाला वाला रॉयल रेंजर्स भी ज्यादा पीछे नहीं हैं।

### तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने त्रिशा के लिए 1 करोड़, ध्रुति और मुख्य कोच नूशिन को 10-10 लाख रुपए देने की घोषणा की

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने हाल ही में मलेशिया के कुआलालंपुर में संपन्न अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए गोंगडी त्रिशा को 1 करोड़ रुपए का नकद प्रोत्साहन देने की घोषणा की है। भारत की महिलाओं ने पहली बार फाइनल में पहुंची दक्षिण अफ्रीका पर नौ विकेट की शानदार जीत के बाद अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप का सफलतापूर्वक बचाव किया। इसके अलावा, वे बिना कोई मैच हारे खिताब जीतने वाली पहली टीम भी बन गईं। त्रिशा ने बुधवार को हैदराबाद में मुख्यमंत्री के जुबली हिल्स निवास पर उनसे मुलाकात की, जहां रेड्डी ने ऑलराउंडर को बधाई दी और नकद प्रोत्साहन की घोषणा करते हुए उन्हें शॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

## श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए मेंडिस और निसंका को वापस बुलाया


**गाले,** 5 फरवरी (एजेंसियां)। श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से गाले में शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट से पहले अपनी टीम में अहम बदलाव किए हैं। ऑफ स्पिनिंग ऑलराउंडर रमेश मेंडिस को वापस बुलाया गया है, जबकि तेज गेंदबाज विश्व फर्नांडो और शीर्ष क्रम के बल्लेबाज लाहिरू उदारा को टीम से बाहर कर दिया गया है। यह फैसला पहले टेस्ट में श्रीलंका के गेंदबाजी आक्रमण के संघर्ष के बाद लिया गया है, जिसमें पहली पारी में 654/6 रन



का विशाल स्कोर बना था, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने मेजबान टीम को पारी और 242 रनों से हरा दिया था। डेली मिरर के अनुसार, मेंडिस, जिन्हें नवंबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ निराशाजनक प्रदर्शन के बाद टेस्ट इलेवन और फिर पूरी टीम से बाहर कर दिया गया था, ने श्रीलंका के मेजर लीग टूर्नामेंट में प्रभावशाली फॉर्म के साथ वापसी की है। 28 वर्षीय ऑफ स्पिनर ने घरेलू प्रतियोगिता में 21.91 की औसत से 24 विकेट लिए हैं, जबकि 52 की औसत से 260 रन भी बनाए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले दो टेस्ट (दोनों गॉल, 2022 में) में 40.85 की औसत से सात विकेट के साथ अपने मामूली अंतरराष्ट्रीय रिकॉर्ड के बावजूद, मेंडिस को प्लेइंग इलेवन के लिए विचार किए जाने की संभावना है।

## टी20 क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने राशिद खान

**गकेबेहरा,** 5 फरवरी (एजेंसियां)। लंबे समय से टी20 क्रिकेट में चमक रहे अफ़ग़ानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद ख़ान टी20 क्रिकेट में अब सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज़ बन गए हैं। 26 साल के कलाई के स्पिनर ने ड्वेन ब्रावो के 631 विकेटों को पीछे छोड़ा। यह सफलता उन्हें मंगलवार को एसए 20 क्वालीफायर 1 में पार्ल रॉयल्स के ख़िलाफ़ दुनित वेल्लालगे को बोल्ड करके मिली, जहां वह एमआई केपटाउन के लिए खेल रहे थे। राशिद ने मैच के बाद ब्रॉडकास्टर्स से कहा, 'यह एक बड़ी सफलता है, मैंने कभी इसके बारे में नहीं सोचा था। अगर आप 10 साल पहले की बात करें तो मैंने नहीं सोचा था कि मैं यहां तक पहुंच पाऊंगा। अफ़ग़ानिस्तान से होने के नाते यह मेरे लिए गर्व की बात है। ब्रावो



टी20 के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ों में से एक हैं। यह बड़ा सम्मान है और मैं इसको आगे बढ़ाने की ओर देखूंगा।' राशिद ने अक्टूबर 2015 में किशोरावस्था में ही अपना टी20 डेब्यू किया था। वह अब तेज़ी से 500 मैचों के क़रीब पहुंच रहे हैं और दुनिया भर की लीगों में बेहद लोकप्रिय खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने एक आईपीएल ख़िताब और एक पीएसएल ख़िताब जीता है और एडिलेड स्ट्राइकर्स (बीबीएल) में वह एक घरेलू नाम थे, जहां उन्होंने स्ट्राइकर्स के लिए 69 मैच खेले, जिसमें 17 रन देकर छह विकेट उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ आंकड़ा है।

हवा में तेज़ी से गेंदबाज़ी करने और स्टंप्स को गेम में बनाए रखने की क्षमता ने राशिद को सामना करने के लिए एक बेहद मुश्किल गेंदबाज़ बना दिया, ख़ासकर तब जब यह चुनना मुश्किल था कि गेंद किस तरफ़ मुड़ेगी। वह बल्लेबाज़ों को सामंजस्य बिठाने का समय नहीं देते हैं और बहुत कम संकेत देते हैं कि क्या होने वाला है। आखरिकार अब टीमों ने ज़्यादा जोखिम न लेते हुए उन्हें आराम से खेलना शुरू कर दिया है।

## अभिषेक शर्मा और वरुण चक्रवर्ती टी20 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचे

**नई दिल्ली,** 5 फरवरी (एजेंसियां)। इंग्लैंड पर 4-1 से टी20 सीरीज जीतने के बाद, बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज

**टी20 रैंकिंग**

और ऑलराउंडर अभिषेक शर्मा तथा कलाई के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने बुधवार को जारी आईसीसी पुरुष टी20 रैंकिंग में हाल ही में किए गए अपडेट में बड़ी छलांग लगाई है। अभिषेक ने हाल ही में मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में सीरीज के पांचवें



और अंतिम मैच में 135 रनों की शानदार पारी खेलकर अपने उभरते अंतरराष्ट्रीय करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली और अब वह बल्लेबाजों की टी20 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। अभिषेक, जो अब सबसे छोटे प्रारूप में किसी भारतीय पुरुष खिलाड़ी द्वारा बनाए गए सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड रखते हैं, शीर्ष रैंकिंग वाले ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड से सिर्फ 26 रेटिंग अंक पीछे हैं। बल्लेबाजों की रैंकिंग में तिलक वर्मा तीसरे और कप्तान सूर्यकुमार यादव पांचवें स्थान पर हैं, जिससे शीर्ष पांच में भारतीय प्रतिनिधित्व बरकरार है। दूसरी ओर, चक्रवर्ती इंग्लैंड के खिलाफ अपने 14 विकेट और प्लेयर ऑफ द सीरीज प्रयास के दम पर पुरुष गेंदबाजों की रैंकिंग में तीन पायदान ऊपर चढ़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। भारतीय टीम के अन्य खिलाड़ियों में हार्दिक पांड्या (पांच पायदान ऊपर चढ़कर 51वें स्थान पर) और शिवम दुबे (38 पायदान ऊपर चढ़कर 58वें स्थान पर) शामिल हैं, जो टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में चार पायदान ऊपर चढ़कर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं, उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में पांच विकेट चटकाए थे।

## कोएट्जी को दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान में त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले मैच के लिए छह अनकैप्ड खिलाड़ियों में किया शामिल

**नई दिल्ली,** 5 फरवरी (एजेंसियां)। तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएट्जी बाएं हैमस्ट्रिंग खिंचाव से उबर चुके हैं और अब उन्हें पाकिस्तान में त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले मैच के लिए दक्षिण अफ्रीका की 12 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है, जो 10 फरवरी को लाहौर में न्यूजीलैंड के खिलाफ होगा। कोएट्जी कमर और हैमस्ट्रिंग की चोटों से जूझ रहे हैं, जिसके कारण श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट मैचों में उनकी भागीदारी प्रभावित हुई, जबकि बाएं हैमस्ट्रिंग खिंचाव का मतलब था कि वह सिर्फ एक मैच के बाद जोबर्ग सुपर किंग्स के लिए एसए20 2024 से बाहर हो गए। त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले मैच के लिए, दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी तेम्बा बावुमा करेंगे, जिसमें बल्लेबाज मैथ्यू ब्रीट्ज़के, मीका-ईल प्रिंस, तेज़ गेंदबाज़ गिदोन पीटर्स और ईथन बॉश के साथ-साथ स्पिनर सेनुरन मुथुसामी और ऑलराउंडर मिहलाली मपोंगवाना के रूप में छह अनकैप्ड खिलाड़ी होंगे। 24 वर्षीय मपोंगवाना ने 2023 में भारत के खिलाफ़ एकदिवसीय टीम का हिस्सा बनने के बाद 50 ओवर के सेटअप में अपना दूसरा कॉल-अप अर्जित किया है।

### सुडोकू 6817 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 3 | 4 | 2 | 1 | 6 | 7 | 5 |
| 1 | 7 | 4 | 6 | 5 | 9 | 8 | 3 | 2 |
| 5 | 2 | 6 | 7 | 8 | 3 | 9 | 1 | 4 |
| 7 | 1 | 9 | 5 | 3 | 4 | 2 | 8 | 6 |
| 4 | 3 | 2 | 8 | 7 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 3 |
| 2 | 6 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 9 |
| 9 | 4 | 5 | 1 | 6 | 7 | 3 | 2 | 8 |

# अर्थ जगत

## सर्विस सेक्टर की रफ्तार सुस्त, पीएमआई दो साल के निचले स्तर पर

**नई दिल्ली।** भारत के सर्विस सेक्टर की ग्रोथ रेट बिक्री व उत्पादन में धीमी वृद्धि के कारण सुस्त रही। जनवरी में सर्विस सेक्टर का पीएमआई घटकर दो वर्षों के निचले स्तर पर आ गई। बुधवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था सुस्त होती खपत से जूझ रही है। खर्च को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने 1 फरवरी को पेश आम बजट में मिडिल क्लास को टैक्स में कुछ राहत दी लेकिन बड़े सुधारों की घोषणा करने से बची। यह ग्रोथ को समर्थन देने के लिए बेहद जरूरी हैं।



## एक बार फिर रिकॉर्ड निचले स्तर पर रुपया, महंगा होगा आयात

*नई दिल्ली। भारतीय करेंसी यानी रुपया एक बार फिर अपने रिकॉर्ड ऑल टाइम लो पर आ गया है। बुधवार, 5 फरवरी को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 25 पैसे गिरकर 87.37 के स्तर पर आ गया, जो इसका अब तक का सबसे निचला स्तर है। इससे पहले सोमवार को भी रुपया 67 पैसे की गिरावट के साथ 87.29 के स्तर पर पहुंचा था।*

रुपए में गिरावट के चार कारण चीन शेयर मार्केट का निचले स्तर पर खुलने के बाद दूसरे एशियाई बाजारों में बिकवाली हुई। चीन और अमेरिका के बीच टैरिफ टेंशन के बीच निवेशक सावधानी के साथ कारोबार में जार रहे हैं। गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट और एडवांस्ड माइक्रो डिवाइसेज में गिरावट। चीन-अमेरिका सहित अन्य ग्लोबल पॉलिटिकल टेंशन भी रुपए के इस स्थिति के लिए जिम्मेदार हैं।

**टैरिफ को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का रुख**- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 1 फरवरी को कनाडा और मेक्सिको पर 25 प्रतिशत और चीन पर एक्स्ट्रा 10 टैरिफ का ऐलान किया था। बाद में उन्होंने अपना फैसला वापस ले लिया, इससे रुपए में कल स्थिरता देखी गई थी। ट्रंप ने कई बार ब्रिक्स देशों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी है। भारत, ब्राजील और चीन तीनों ब्रिक्स का हिस्सा हैं। इसके अलावा ट्रंप भारत की तरफ से अमेरिकी प्रोडक्ट्स पर बहुत ज्यादा टैरिफ लगाने की शिकायत कर चुके हैं। ऐसे में



भारत पर भी टैरिफ का खतरा बना हुआ था।

**रुपए में गिरावट से इंपोर्टेड चीजें महंगी होंगी**- रुपए में गिरावट का मतलब है कि भारत के लिए चीजों का इंपोर्ट महंगा होना है। इसके अलावा विदेश में घूमना और पढ़ना भी महंगा हो गया है। मान लीजिए कि जब डॉलर के मुकाबले रुपए की वैल्यू 50 थी तब अमेरिका में भारतीय छात्रों को 50 रुपए में 1 डॉलर मिल जाते थे। अब 1 डॉलर के लिए छात्रों को 86.31 रुपए खर्च करने पड़ेंगे। इससे फीस से लेकर रहना और खाना और अन्य चीजें महंगी हो जाएंगी।

## सोना रिकार्ड ऊंचाई पर,चांदी के फिसले दाम

**नई दिल्ली।** सोने के वायदा आए दिन नया रिकॉर्ड बना रहे हैं। आज फिर सोने के वायदा भाव 84,154 रुपये के सर्वोच्च शिखर पर पहुंच गए। चांदी के वायदा कारोबार की आज शुरुआत सुस्त ही रही। खबर लिखे जाने के समय आज सोने के वायदा भाव 84,000 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 95,500 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के वायदा भाव में तेजी और चांदी की वायदा कीमतों में नरमी देखी जा रही है।

सोने के वायदा भाव तेज- सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रैक्ट आज 263 रुपये की तेजी के साथ 84,060 रुपये के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 288 रुपये की तेजी के साथ 84,085 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 84,154 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 84,018 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने आज 84,154 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया।

**चांदी के वायदा भाव सुस्त**- चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। स्क्ष्ङ्ग पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रैक्ट आज 171 रुपये की गिरावट के साथ 95,538 रुपये पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 194 रुपये की गिरावट के साथ 95,515 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय



इसने 95,629 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 95,420 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। पिछले साल चांदी के वायदा भाव ने 1,00081 रुपये किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था।


**अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना तेज, चांदी नरम**- अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने के वायदा भाव में तेजी, जबकि चांदी के भाव में गिरावट देखी जा रही है। कॉमैक्स पर सोना 2,873.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 2,875.80 डॉलर प्रति औंस था। खबर लिखे जाने के समय यह 7.30 डॉलर की तेजी के साथ 2,883.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमैक्स पर चांदी के वायदा भाव 32.87 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला क्लोजिंग प्राइस 33.02 डॉलर था। खबर लिखे जाने के समय यह 0.15 डॉलर की गिरावट के साथ 32.87 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

## आसमान छूती कीमतों के बीच बढ़ी सोने की मांग, 2024 में भारतीयों ने खरीदा 802.8 टन सोनाः डब्ल्यूजीसी

देश में सोने की मांग आयात शुल्क में कमी और शादी-ब्याह व त्योहारों से संबंधित खरीदारी से 2024 में सालाना आधार पर पांच प्रतिशत बढ़कर 802.8 टन हो गई। 2025 में इसके 700-800 टन के बीच रहने का अनुमान है। विश्व स्वर्ण परिषद की बुधवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, देश में 2024 में सोने की मांग 802.8 टन रही, जबकि 2023 में यह 761 टन थी। सोने की मांग का कुल मूल्य 2024 में 31 प्रतिशत बढ़कर 5,15,390 करोड़ रुपए हो गया। 2023 में यह 3,92,000 करोड़ रुपए था। डब्ल्यूजीसी के क्षेत्रीय मुख्य कार्यकारी अधिकारी (भारत) सचिन जैन ने कहा, ''2025 के लिए हमारा अनुमान है कि सोने की मांग 700-800 टन के बीच रहेगी। उम्मीद है कि शादी-ब्याह से जुड़ी खरीदारी से सोने के आभूषणों की मांग में सुधार होगा बशर्ते कीमतों में कुछ हद तक स्थिरता आए। गौरतलब है कि 2024 में सोने की कीमत रिकॉर्ड ऊंचाईयों तक पहुंच गई थी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, आभूषण विक्रेताओं व खुदरा विक्रेताओं की मजबूत मांग के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतों में लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और यह 500 रुपये बढ़कर 85,800 रुपए प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गई। इस वर्ष सोना 6,410 रुपए या 8.07 प्रतिशत चढ़कर 85,800 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया जो एक जनवरी को 79,390 रुपए प्रति 10 ग्राम था। डब्ल्यूजीसी की स्वर्ण मांग रुझान, 2024 रिपोर्ट में कहा गया कि चौथी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) के दौरान मांग 265.8 टन पर स्थिर रही, जो 2023 की इसी अवधि में 266.2 टन के समान है।

## भारत ब्रिक्स करेंसी का समर्थन नहीं करेगा

### केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का दो टूक बयान



*नई दिल्ली। आईटी-बीटी राउंड टेबल 2025 में केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने ब्रिक्स करेंसी को लेकर भारत के रुख को साफ-साफ जाहिर किया। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि भारत ब्रिक्स करेंसी के किसी भी प्रस्ताव का समर्थन नहीं करता है। पीयूष गोयल ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत का चीन जैसी अर्थव्यवस्था के साथ कोई साझा करेंसी अपनाने का इरादा नहीं है। उनके अनुसार, ब्रिक्स करेंसी पर विचार करना ही असंभव है।*

**भारत की रणनीतिः सोच-समझकर बढ़ते कदम**- भारत का यह रुख उसकी व्यापक आर्थिक रणनीति का हिस्सा है। एक तरफ भारत अमेरिका के साथ अपने मजबूत आर्थिक संबंधों को बनाए रख रहा है, वहीं दूसरी ओर ब्रिक्स में शामिल देशों के साथ भी संतुलन साध रहा है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी पहले कहा था कि अमेरिकी डॉलर को बदलने से भारत को कोई बड़ा फायदा नहीं दिखता, हालांकि उन्होंने रूस जैसे देशों के साथ लोकल करेंसी में व्यापारिक सेटलमेंट को समर्थन देने की बात कही थी।

**ब्रिक्स में बढ़ रहा आसियान का प्रभाव**- जनवरी 2025 में इंडोनेशिया को दसवें सदस्य के रूप में ब्रिक्स में शामिल किया गया, जबकि नाइजीरिया को साझेदार देश का दर्जा दिया गया। ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के इस ब्लॉक में अब मलेशिया, थाईलैंड और वियतनाम जैसे देश भी शामिल होने की इच्छा जता चुके हैं। यह ब्रिक्स में आसियान देशों के बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है।

**ब्रिक्स करेंसी पर विभाजित रुख**- जहां रूस और चीन ब्रिक्स करेंसी को आगे बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं, वहीं भारत और ब्राजील इसके आर्थिक जोखिमों को लेकर सतर्क हैं। दोनों देशों को अमेरिकी वित्तीय प्रणाली से दूरी बनाने के संभावित नतीजों की चिंता है।

## लाल निशान पर बंद हुआ बाजार

### रियल्टी शेयर सबसे अधिक टूटे, मेटल और हेल्थकेयर शेयरों में उछाल

*मुंबई। भारतीय शेयर बाजार आज बुधवार को गिरावट के साथ बंद हुआ है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक सेंसक्स आज 0.42 फीसदी या 328 अंक की गिरावट के साथ 78,255 पर बंद हुआ। बाजार बंद होते समय सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 11 शेयर हरे निशान पर और 19 शेयर लाल निशान पर थे। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी 0.18 फीसदी या 42 अंक की गिरावट के साथ 23,696 पर बंद हुआ। बाजार बंद होते समय निफ्टी के 50 शेयरों में से 25 शेयर हरे निशान पर, 25 शेयर लाल निशान पर और एक शेयर बिना किसी बदलाव के ट्रेड करता दिखाई दिया।*

**इन शेयरों में दिखी तेजी**- निफ्टी पैक के शेयरों में सबसे अधिक तेजी हिंडाल्को में 2.90 फीसदी, आईटीसी होटल्स में 2.88 फीसदी, ओएनजीसी में 2.74 फीसदी, अपोलो हॉस्पिटल में 2.44 फीसदी और बीपीसीएल में 2.19 फीसदी दिखी। इससे इतर एशियन पेंट में 3.40 फीसदी, टाइटन में 2.99 फीसदी, नेस्ले इंडिया में 2.17 फीसदी, ब्रिटानिया में 1.96 फीसदी और टाटा कंज्यूमर में 1.86 फीसदी की गिरावट दिखी।

**सेक्टोरल सूचकांकों का हाल**- सेक्टोरल सूचकांकों की बात करें, तो सबसे अधिक गिरावट निफ्टी रियल्टी में 2.02 फीसदी दर्ज हुई है। इसके



अलावा, निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 1.06 फीसदी, निफ्टी एफएमसीजी में 1.50 फीसदी और निफ्टी ऑटो में 0.09 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई। इससे इतर निफ्टी बैंक में 0.27 फीसदी, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज में 0.10 फीसदी, निफ्टी आईटी में 0.12 फीसदी, निफ्टी मीडिया में 1.74 फीसदी, निफ्टी मेटल में 1.56 फीसदी, निफ्टी फार्मा में 0.68 फीसदी, निफ्टी पीएसयू बैंक में 1.04 फीसदी, निफ्टी प्राइवेट बैंक में 0.11 फीसदी, निफ्टी हेल्थकेयर इंडेक्स में 0.82 फीसदी, निफ्टी ऑयल एंड गैस में 1.43 फीसदी, निफ्टी मिडस्मॉल हेल्थकेयर में 1.88 फीसदी और निफ्टी मिडस्मॉल आईटी एंड टेलीकॉम में 1.33 फीसदी की तेजी दर्ज हुई।

## मुद्रा बाजार

### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 87.47 |
| एक यूरो | 91.11 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 109.83 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 53.10 |
| एक जापानी येन | 0.57 |

परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.
864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 92 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 106 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-120 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -52 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## सराफा बाजार

दुल्हन श्री आभूषण
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 85800 चांदी -97200

सोहन लाल एण्ड संस
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 85800 चांदी -97200

## दाल- चावल भाव

महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज
फोन- 4067270, 9826035338
**प्रति क्विंटल**- राहर दाल एवरेज 11500-12500, मीडियम बोल्ड 12500-14000, फाइन 150000-16500, एकस्ट्रा बोल्ड 17000-17500, चना दाल एवरेज 8000-8100 चना दाल मार्का 8200-8300, मसूर दाल एवरेज 7600-7800, मसूर दाल फाइन 8400-8500, उड़द छिलका 8000-9000, फाइन 9000-10000, उड़द धुली 11000-12000, फाइन 12000-13000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10000- 10200, फाइन 10500-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3400-3600, बेस्ट 3600-3800, बीपीटी चालू 4000-4200, फाइन 4200-4500,एचएमटी-4500-5000 फाइन-5500-6000 दुबराज भाटापारा 5200-5300, जेजेएल चालू 5800-6000, फाइन 6200-6500, बासमती कनकी चालू 3200-3500, बासमती कनकी मीडियम 3800-4000, बेस्ट 4400-4500, मोगरा- 4800-5200, दुबार- 5200-5500, तिबार- 6000-6500, बासमती 8000-8500, बेस्ट 9500-10500 पोहा- 4400-4600, फाइन 4600-4800, मुरमुरा- 5800-6000, फाइन- 7500-8000 रु.।

## लोहा भाव

अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5980, 10 एम एम 5860,12 एम एम, 5800 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

## बजाज फिन्सर्व ने एएमसी कॉन्ट्रेरियन इन्वेस्टमेंट रणनीति के साथ 'बजाज फिन्सर्व मल्टी कैप फंड' की घोषणा की

*मुंबई/पुणे। बजाज फिन्सर्व एएमसी ने एक ओपन एंडेड इक्विटी योजना बजाज फिन्सर्व मल्टी कैप फंड की शुरुआत की घोषणा की है, जिसके अंतर्गत लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप स्टॉकों में निवेश किया जाएगा। इन्वेस्टर के लिए यह फंड फरवरी 6, 2025 से शुरू होकर फरवरी 20, 2025 को बंद होगा।*

बजाज फिन्सर्व मल्टी कैप फंड एक कॉन्ट्रेरियन इन्वेस्टमेंट रणनीति का अनुसरण करेगा जो बाजार की लोकप्रिय धारणाओं के विपरीत अप्रयुक्त और कम मूल्यांकित स्टॉकों को पहचानेगा। इस रणनीतिक दृष्टिकोण में कम समर्थित संपत्तियों की खरीद या लोकप्रिय स्टॉकों की बिक्री भी शामिल हो सकती है। फंड प्रबंधक आर्थिक और व्यवसाय चक्रों, अस्थायी व्यावसायिक अवरोधों, मूल्यांकन की अप्रभावशीलता, प्रतिवर्तनों और कम समर्थितविकास कारकों द्वारा प्रदत्त कम प्रभावशील मूल्यांकनों और निवेश अवसरों को पहचानने के लिए बाजार रुझानों और भावनाओं का अनुसरण करेंगे। यह फंड लार्ज, मिड और स्मॉल कंपनियों में संतुलित रूप से निवेश करेगा जिससे एक विविध बेहतर पोर्ट्फोलीओ को बनाए रखा जा सके। इस अनुशासित निवेश दृष्टिकोण के माध्यम से यह मल्टी कैप फंड उन अवसरों से दीर्घकाल में बेहतरीन प्रतिफल प्राप्त करने का उद्देश्य रखता है जिन्हें दूसरे छोड़ सकते हैं। यह फंड उन निवेशकों के लिए उचित है जो लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप के क्षेत्रों में विविध निवेश करने की इच्छा रखते हैं और अस्थिरता के समय में एक अच्छा निवेश अवसर तलाश कर रहे हैं। कॉन्ट्रेरियन इन्वेस्टमेंट रणनीति का पूर्ण सामर्थ्य प्राप्त करने के लिए निवेशकों को 5 वर्ष या उससे अधिक निवेश अवधि रखने की सलाह दी जाती है। यह योजना निफ्टी 500 मल्टीकैप 50:25:25 टीआरआई इंडेक्स (टीआरआई) के समक्ष बेंचमार्क की गई है।

## एटीएम से कैश निकालने वालों को लगने वाला है झटका, बड़ा बदलाव करने की तैयारी में आरबीआई



*नई दिल्ली। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया एटीएम से कैश निकालने वाले लोगों के लिए एक बड़ा बदलाव करने की तैयारी में है। अगर आप भी अक्सर एटीएम से कैश निकालते हैं या कैश पेमेंट का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं, तो यह खबर आपके लिए अहम है।*

जल्द ही एटीएम से कैश निकालना महंगा हो सकता है, क्योंकि आरबीआई एटीएम इंटरचेंज फीस और मुफ्त निकासी की सीमा के बाद लगने वाले चार्ज बढ़ाने पर विचार कर रहा है। रिजर्व बैंक मौजूदा समय में महीने में 5 कैश विथड्रावल फ्री देता था लेकिन अब आरबीआई इन 5 लेनदेन की लिमिट से अधिक पर लगने वाले चार्ज और एटीएम इंटरचेंज फीस को बढ़ाने की प्लानिंग कर रहा है। एक रिपोर्ट में मंगलवार को इस बात की जानकारी दी गई है।

**कितना बढ़ेगा चार्ज?**- रिपोर्ट में मामले की जानकारी रखने वाले लोगों का हवाला देते हुए बताया कि एनपीसीआई ने पांच बार फ्री लिमिट पूरी होने के बाद कैश निकालने के चार्ज को मौजूदा चार्ज 21 रुपए से बढ़ाकर 22 करने की सिफारिश की है। इसके अलावा एनपीसीआई ने कैश लेनदेन के लिए एटीएम इंटरचेंज फीस को 17 रुपए से बढ़ाकर 19 रुपए करने की भी सिफारिश की है। इंटरचेंज फी दूसरे बैंक के एटीएम से एक लिमिट के बाद पैसे निकालने पर लगाई जाती है यानी कि यह एटीएम सर्विस इस्तेमाल करने के बदले एक बैंक की तरफ से दूसरे बैंक को दी जाने वाली फीस है। रिपोर्ट के मुताबिक, बैंक और व्हाइट-लेबल एटीएम ऑपरेटर मेट्रो और नॉन-मेट्रो शहरों में फीस बढ़ाने की एनपीसीआई की सिफारिश से सहमत हैं लेकिन अभी इस मामले में भारतीय रिजर्व बैंक और एनपीसीआई ने कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है।

**एटीएम चलाने का खर्चा बढ़ रहा** - रिपोर्ट के मुताबिक, बढ़ती महंगाई और पिछले दो सालों में 1.5-2 परसेंट की दर से बढ़ते उधार लागत, ट्रांसपोर्टेशन पर ज्यादा खर्च, कैश रीप्लेनिशमेंट और लागत के कारण नॉन-मेट्रो शहरों में एटीएम चलाने का खर्चा तेजी से बढ़ रहा है।

## शुरू हुई आरबीआई-एमपीसी की बैठक, क्या 5 साल बाद घटाई जाएंगी ब्याज दरें?



*नई दिल्ली। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की दो महीने पर होने वाली बैठक बुधवार से शुरू हो गई है। इस बार इस बैठक से बड़ी उम्मीदें है। माना जा रहा है कि 5 साल बाद आरबीआई प्रमुख ब्याज दर यानी रेपो रेट में कटौती कर सकता है। अगर ऐसा होता है, तो पर्सनल लोन से लेकर ऑटो लोन तक सभी तरह के कर्ज सस्ते हो जाएंगे।*

एक्सपर्ट्स रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत की कटौती की उम्मीद कर रहे हैं। रिजर्व बैंक ने इससे पहले मई, 2020 में रेपो दर को 0.40 प्रतिशत घटाकर चार प्रतिशत किया था। इसका मकसद यह सुनिश्चित करना था कि अर्थव्यवस्था को कोविड महामारी और उसके बाद के लॉकडाउन के संकट से निपटने में मदद मिल सके।

**रेट कट के लिए यह सबसे सही समय**- इसके बाद आरबीआई ने मई, 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच रेपो रेट में वृद्धि का सिलसिला शुरू किया था जो मई, 2023 तक चला। अभी रेपो दर 6.5 प्रतिशत है। आरबीआई के नवनियुक्त गवर्नर संजय मल्होत्रा इस बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं। छह सदस्यीय समिति के फैसले की घोषणा सात फरवरी शुक्रवार को की जाएगी। एक्सपर्ट्स की राय है कि रेपो रेट में कटौती के लिए यह अनुकूल समय है, क्योंकि यह खपत आधारित डिमांड को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय बजट में घोषित उपायों के पूरक के रूप में काम करेगा। एसबीआई की एक रिसर्च रिपोर्ट में कहा गया है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति चौथी तिमाही में घटकर 4.5 प्रतिशत और चालू वित्त वर्ष में औसतन 4.8 प्रतिशत पर रहने की उम्मीद है।

**पहले चरण में कुल 0.75त्न हो सकता है रेट कट**- रिपोर्ट में कहा गया है कि जनवरी के महंगाई के आंकड़े 4.5 प्रतिशत के आसपास बने हुए हैं। भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक विभाग की रिसर्च रिपोर्ट में कहा गया है,''हमें फरवरी, 2025 की मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की उम्मीद है। फरवरी और अप्रैल में दो बार कटौती के साथ नीतिगत दर में कुल 0.75 प्रतिशत की कटौती की जा सकती है। उसके बाद यथास्थिति रखने के बाद नीतिगत दर में कटौती का दूसरा दौर अक्टूबर, 2025 से शुरू हो सकता है।''

**किस स्थिति में टाला जा सकता है रेट कट?**- इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा,''हमें नहीं लगता कि केंद्रीय बजट में किए गए राजकोषीय प्रोत्साहन का महंगाई पर महत्वपूर्ण असर होगा। हमें लगता है कि स्थिति फरवरी, 2025 की मौद्रिक नीति समीक्षा में दर में कटौती के पक्ष में है।''नायर ने कहा कि हालांकि, अगर वैश्विक कारक इस सप्ताह के दौरान डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर में और अधिक कमजोरी का कारण बनते हैं, तो नीतिगत दर में कटौती अप्रैल, 2025 तक टल सकती है।

देशबन्धु
ग्राहक सेवा

रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
टेलर्स वारिस
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोनः 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
डॉ. विश्वास
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

फ्लैट बेचना है
गोलबाजार, जबलपुर में 742 वर्गफुट का 2 BHK बालकनी सहित फ्लैट दूसरी मंजिल पर बिक्री हेतु उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
एडवोकेट रविशंकर पटेल
फोन नंबर-
9827087838

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

## शिक्षक के आवास, फार्म हाउस पर लोकायुक्त का छापा

### ◎ सोने के महंगे जेवरातों सहित अनेक बैंक खाते मिले

**जबलपुर, देशबन्धु।** आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में लोकायुक्त की टीम ने सहायक शिक्षक के निवास और फार्म हाउस में छापेमारी कर दी। संपत्तियों, जेवरात, वाहनों समेत अन्य दस्तावेजों की जांच की गई। साथ ही जमीन संबंधित दस्तावेज भी जब्त किए गए। अभी तक की तलाशी कार्यवाही में 100 प्रतिशत से अधिक की आय से अधिक संपत्ति पाई गई है। कार्रवाई देर शाम तक जारी रही।

लोकायुक्त एसपी संजय साहू ने बताया कि हरिशंकर दुबे पिता स्वर्गीय बाबूलाल दुबे 61 वर्षीय, उच्च श्रेणी शिक्षक, एकीकृत माध्यमिक विद्यालय बरखेरा जबलपुर निवासी राम कॉलोनी, सुहागी जबलपुर के विरूद्ध अवैध तरीके से वैध आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायत मिली थी। सत्यापन पर शिकायत सही पाए जाने पर लोकायुक्त डीएसपी दिलीप झरबड़े के नेतृत्व में 15 सदस्यीय दल द्वारा आरोपी के निवास स्थान म. नंबर 257 श्री राम कॉलोनी, सुहागी जबलपुर में तड़के 6 बजे छापामार तलाशी कार्रवाई की गई।

**पुत्र है भाजपा का नेता**- सहायक शिक्षक का बेटा पेशे से इंजीनियर हैं और भाजपा नेता भी है। अचानक हुई कार्यवाही से हड़कंप मचा हुआ है। लोकायुक्त टीम को दबिश के दौरान आय से कई गुना अधिक सम्पति के दस्तावेज मिले है। लोकायुक्त को पांच दर्जन से अधिक संपत्ति के दस्तावेज तथा निवेश संबंधित दस्तावेज मिले है। इसके अलावा सोने-चांदी के जेवरात, वाहन सहित लाखों रुपये के सामान तथा बैंक खाते भी मिले है। बैंक खातों के संबंध में जानकारी एकत्र की जा रही है। समाचार लिखे जाने तक लोकायुक्त की कार्यवाही थी और 100 प्रतिशत से अधिक आय से अधिक संपत्ति मिली है।



## रेलवे के सतर्कता विभाग के कार्यों की कौन करेगा निगरानी?

**जबलपुर,देशबन्धु।** पमरे के उच्च अधिकारियों द्वारा अपने अपने विभागों द्वारा बोर्ड के मुख्यालय द्वारा दिए गए लक्ष्यों के अनुसार वाणिज्य विभाग यांत्रिकी विभाग सिंग्नल एवं संचार विभाग लेखा विभाग, परिचालन विभाग, कार्मिक विभाग के अलावा चिकित्सा विभाग आदि सभी विभागों के कार्य संपादन के लिए उल्लेखित विभागाध्यक्षों द्वारा अपने अपने विभाग के कार्यों के प्रति सदैव सतत निगरानी की जिम्मेदारी रहती है। पमरे व अन्य सभी जोनल कार्यालयों में मुख्य सतर्कता अधिकारियों की पदस्थापना की गई है। रेलवे बोर्ड दिल्ली ने जोनल स्तर पर सतर्कता विभाग द्वारा किस ढंग से कार्य किया जा रहा है यह विभाग नियमानुसार कार्य कर रहा है या नहीं इसकी भी अन्य विभागों की तरह हमेशा निगरानी की जानी चाहिए।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सतर्कता विभाग के प्रति माह वेतन के रूप में कर्मचारियों एवं अधिकारियों को लाखों का वेतन भुगतान किया जाता है। इसी के साथ पात्रता के मुताबिक चार पहिया वाहन और घर में काम करने के लिए भृत्य की पदस्थापना की जाती है, नियमानुसार तो एक अधिकारी को एक बंगला प्यून दिये जाने का प्रावधान रहता है परंतु इनके घरों में यह देखने की किसी को फुर्सत नहीं है कि एक की जगह 2 से 3 बंगला प्यून कार्य करने की चर्चाएं अक्सर सुनने मिलती हैं इस प्रकार की अनियमितताएं देखने के लिए कोई भी आगे नहीं आता है जनता की मेहनत की कमाई जो कि व्यक्तियों द्वारा आयकर के रूप में सरकार द्वारा काटी जाती है उसका किस ढंग से खर्च किया जा रहा है यह देखने के लिए किसी भी प्रकार की कोई व्यवस्था ही नहीं किया जाना आश्चर्य का विषय माना जा रहा है।

**टीसी बुकिंग क्लर्क के प्रकरण ही क्यों बनाऐ जाते हैं**- जानकारी के अनुसार सतर्कता विभाग द्वारा जो प्रकरण आसानी से बनते हैं उनको ही शीघ्रता से बनाया जाता है, बुकिंग क्लर्क ट्रेन टिकट निरीक्षक आरक्षण लिपिक पार्सल लिपिक आदि छोटे-छोटे प्रकरण जो कि आम उपभोक्ताओं से सीधे तौर पर जुड़े रहते हैं इस प्रकार के प्रकरणों को ही शीघ्रता से पंजीकृत कर लिया जाता है और कार्रवाई की जाती है।

**इंजीनियरिंग सिंग्नल एवं टेलीकम्युनिकेशन यांत्रिकी विभागों पर क्यों नहीं की जाती कार्रवाई**- सूत्रों के अनुसर सतर्कता विभाग को जो कार्रवाई करनी थी, वह उन्होंने नहीं यह कार्रवाई करने वाले तत्कालीन वित्तीय सलाहाकार एवं मुख्य लेखाधिकारी ने सतर्कता बरतते हुए विभाग का 5 करोड़ रूपये की बचत की थी। रेलवे बोर्ड के तत्कालीन अध्यक्ष अश्विनी लोहानी ने अपने भोपाल प्रवास के दौरान भोपाल रानी कमलापति स्टेशन एवं इटारसी में डिस्प्ले बोर्ड स्थापित किये जाने का निर्देश दिया था। भोपाल के अधिकारियों ने बगैर कोई निविदा आमंत्रित किये यह बोर्ड लगवा दिए। जब भुगतान के लिए प्रकरण पहुंचाया तब वित्तीय सलाहाकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी ने भुगतान पर रोक लगाते हुए अपनी टिप्पणी लिखी जिसमें उल्लेखित था कि वगैर सक्षम अधिकारी के अनुमोदन के बोर्ड क्यों स्थापित किये गये बाद में ठेकेदार द्वारा इन बोर्ड को बाद में उतार लिया गया मामला दिल्ली तक गया परंतु भुगतान न होने पर बोर्ड उतार लिये गए।

**पारदर्शिता के चलते सतर्कता विभाग में निगरानी जरूरी** - सभी जोनल कार्यालयों में सभी विभागों में रेलवे ने विभागाध्यक्षों की पदस्थापना की है तो पारदर्शिता के चलते सतर्कता विभाग की भी निगरानी किया जाना आवश्यक है यहां पर अधिकतर कर्मी प्रतिनियुक्ति पर ही कार्य करते हैं पमरे की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय स्वयं इस विभाग की मुखिया रही है वह इसकी गंभीरता से समझती है कुछ आवश्यक कदम उठाएंगी इसकी सभी को पूरी उम्मीद है।

## जबलपुर व्हाया नैनपुर, गोंदिया, रामपुर, वन्दे भारत शीघ्र शुरू होगी

### फाइल-दिल्ली में अटकी

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेलवे बोर्ड मुख्यालय दिल्ली में जबलपुर, रायपुर, व्हाया गोंदिया होकर शीघ्रता से वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेन नम्बर 22/74/22173 रायपुर से जबलपुर शीघ्रता से संचाचिलत किये जाने की संभावना है। सूत्रों से प्राप्त खबर के अनुसार यह ट्रेन सप्ताह में 6 दिन रायपुर के लिए संचालित की जाएगी शुक्रवार को रखरखाव के कारण ट्रेन का संचालन नहीं होगा। जानकारी के अनुसार इस ट्रेन संचालन के लिए जबलपुर से सुबह 6.30 बजे इसका संचालन मदनमहल, कछपुरा, नैनपुर, बालाघाट, गोंदिया, नागबिर, चांदा फोर्ट होकर लगभग दोपहर 1.40 बजे रायपुर पहुंचेगी।

**440 किलोमीटर की दूरी**- लगभग 1.10 बजे पहुंचेगी इस रूट से ट्रेन को संचालित किये जाने से रायपुर की दूरी 110 किलोमीटर कम होगी। जबलपुर से रायपुर की 410 किलो मीटर की दूरी लगभग 7 घंटे में तय होगी। जबलपुर से रायपुर वर्तमान में एकलौती ट्रेन दुर्ग, भोपाल, अमरकंटक एक्सप्रेस चलायी जा रही है। इसी के साथ ही साथ इंदौर, बिलासपुर, एक मात्र ट्रेन है जो कि छत्तीसगढ़ राज्य के लिए वर्षों से चलायी जा रही है। अमरकंटक एक्सप्रेस में यात्रियों को आरक्षण टिकट मिलना भी एक टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश से वर्ष 2000 में नया छत्तीसगढ़ राज्य का गठन हुआ था। लगभग 25 वर्ष बीतने के बाद मुश्किल से ट्रेन चालू होने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। बिलासपुर छत्तीसगढ़ में उच्च न्यायालय का कार्य संपादित होता है जबकि छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में है। इसी के कारण इस रूट पर ट्रेनों में सर्वाधिक भीड़ देखी जा रही है सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार रेलवे बोर्ड मुख्यालय दिल्ली में इस ट्रेन के संचालन को लेकर अभी किस तारीख से ट्रेन को पटरी पर दौड़ा जाएगा अभी यह तय नहीं हुआ है। रेलवे बोर्ड के अधिकारी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के मुखिया यदि आपसी सहमति दे देते हैं तो इस ट्रेन का संचालन इस माह के 15 फरवरी तक होने की संभावना है।

### मध्यान्ह भोजन व्यवस्था पर सीएजी रिपोर्ट में भी उठे सवाल

## पोषण आहार वितरण के नाम पर करोड़ों का घोटाला

**जबलपुर, देशबन्धु।** हालहीं में खंडवा के कसरावद गांव में गणतंत्र दिवस पर मध्यान्ह भोजन का सेवन कर 40 बच्चों के फूड प्वाइजनिंग का शिकार होने की घटना के बाद अब मध्यान्ह भोजन वितरण व्यवस्था पर सीएजी रिपोर्ट में भी सवाल उठ गए हैं। हालहीं में जारी हुई सीएजी रिपोर्ट में मध्यान्ह भोजन वितरण व्यवस्था पर अब तक लग रहे गड़बड़ियों के आरोपों की पुष्टि कर दी हैं।

शहर के साथ संभाग में भी जब तब वितरण व्यवस्था को लेकर जब तब सवाल उठाए जाते रहे हैं लेकिन प्रशासनिक सूत्रों की मानें तो जिले में अरसे से कथित तौर पर जमी जमाई व्यवस्था के तहत कुछ चुनिंदा संस्थाओं के जिम्मे जो एक बार मध्यान्ह भोजन वितरण व्यवस्था की बागडोर सौंपी गई इसके बाद से न तो गुणवत्ता की जांच करने की जहमत उठाई गई न तो मात्रा की और न हीं आपूर्ति की जांच की गई। जिले में जब तब मध्यान्ह भोजन वितरण को लेकर शिकायतें मिलने के बावजूद अब तक न तो आपूर्ति करने वालों को नोटिस थमाया गया न हीं कभी कोई ठोस कार्रवाई की खबरें मिली हैं। जबकि सूत्रों की मानें तो हालहीं में गणतंत्र दिवस पर शहर में मध्यान्ह भोजन में वितरित खीर, पूरी, हलवा को लेकर कुछ केंद्रों से शिकायतें भी मिली थीं लेकिन शिकायतों को बस इसलिए गंभीरता से नहीं लिया गया क्योंकि कहीं बच्चों बीमार पड़ने की सूचना नहीं मिली। मध्यान्ह भोजन वितरण व्यवस्था से जुड़े पुराने जानकारों का कहना हैं कि स्कूलों में वितरित होने वाला यह भोजन कई परिवारों के लिए काफी महत्व रखता हैं। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों के बच्चों के लिए तो यह स्कूल जाने की ही वजह होता हैं यदि समय-समय पर वितरण व्यवस्था, मात्रा, स्वच्छता, मात्रा जैसे बिन्दुओं पर जांच होती रहे तो समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्तियों के बच्चों को तक भी गुणवत्ता पूर्ण भोजन पहुंच सकेगा। हाल ही में वितरण व्यवस्था पर कांग्रेस ने भी आरोप लगाया है कि जो बच्चे स्कूल नहीं जाते, कई बच्चो की मौत हो गई, उनके नाम का राशन भी निकाला जा रहा है। पोषण आहार सप्लाई में 110 करोड़ के कथित घोटाले का आरोप लगाया गया। पोषण आहार योजना मे कथित तौर पर बड़े भ्रष्टाचार आरोप लगाया है।

**सीएजी रिपोर्ट में हुआ खुलासा**- हालही में जारी सीएजी रिपोर्ट में पोषण आहार में हुये कथित भ्रष्टाचार को लेकर बड़ा खुलासा किया है, जिसमें परिवहन विभाग भी संलिप्त बताया गया। पोषण आहार सप्लाई में परिवहन करने वाले वाहनों में स्कूटर, मोटर साईकिल का उपयोग किया गया है, जिससे एक साथ सैकड़ों क्विंटल माल सप्लाई का हवाला दिया गया है। सरकार का पोषण आहार सप्लाई में 110 करोड़ का घोटाला कर भ्रष्टाचार का बड़ा कारनामा है। एक और सीएजी की रिपोर्ट के अनुसार मप्र में 428 करोड़ के मध्यान भोजन योजना में घोटाला सामने आया है। सीएजी रिपोर्ट में कहा गया हैं कि मध्यान्ह भोजन के तहत 88119 केंद्र हैं, जिनमें 1 करोड़ 9 लाख बच्चे रजिस्टर्ड हैं। सीएजी ने अपनी रिपोर्ट में खुलासा किया है कि मध्यान्ह भोजन योजना के तहत वर्ष 2024-25 के लिए इन बच्चों को 2190 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत की गई थी, जो कथित तौर पर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। वहीं प्रदेश में 453 बाल विकास परियोजनाओं के अंतर्गत 84465 आंगनबाड़ी केंद्र और 12670 मिनी आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हो रहे हैं, जिसमें 80 लाख हितग्राही बच्चों को पोषण आहार देने की व्यवस्था सरकार द्वारा की गई है, योजना में 50 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार द्वारा दी जाती है। यानि 12 रुपए प्रति बच्चें मप्र सरकार द्वारा दिया जाता है, जिसे बढ़ाकर 18 रुपए का प्रस्ताव सरकार ने दिया है, लेकिन इस निर्णय कर कोई दिखाई देने वाली कार्यवाही सरकार द्वारा नहीं की गई।

## यूपीएससी ने ओटीआर प्रोफाइल में बदलाव के लिए जारी किए नियम


**जबलपुर।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने वन टाइम रजिस्ट्रेशन को लेकर नए नियम जारी किए हैं। आयोग ने कहा है कि ओटीआर प्रोफाइल में सिर्फ एक ही बार बदलाव किया जा सकता है साथ ही ईमेल आईडी कभी नहीं बदली जा सकती। यूपीएससी ने ओटीआर प्रोफाइल में बदलाव के नए नियम जारी किए हैं। इसके अंतर्गत ओटीआर प्रोफाइल में सिर्फ एक बार बदलाव की अनुमति होगी।

ईमेल आईडी में कोई बदलाव नहीं किया जा सकता। आयोग ने सिविल सेवा प्रारंभिक (आईएएस) परीक्षा 2025 और भारतीय वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा (आईएफएस) 2025 के लिए आवेदन करने वालों के लिए नोटिस जारी किया है। आयोग ने एप्लीकेशन फॉर्म में ओटीआर प्रोफाइल अपडेट करने में हुए बदलावों के बारे में जानकारी दी है। ज्ञात हो कि दोनों परीक्षाओं के लिए लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 11 फरवरी है। आयोग ने अपने नोटिस में कहा है कि ओटीआर प्रोफाइल में कोई बदलाव करना चाहता है, तो उसे ओटीआर प्लेटफॉर्म पर रजिस्ट्रेशन के बाद लाइफ में सिर्फ एक ही बार इसकी अनुमति दी जाएगी।

आयोग की किसी भी परीक्षा के लिए सके पहले अंतिम आवेदन की एप्लीकेशन विंडो बंद होने के अगले दिन से 7 दिनों की समाप्ति तक ओटीआर प्रोफाइल डेटा में बदलाव उपलब्ध रहेगा।

**18 फरवरी तक बदलाव का मौका**- इसमें कहा गया है कि अगर अभ्यर्थी रजिस्ट्रेशन के बाद इस परीक्षा में पहली बार आवेदन करता है तो ओटीआर प्रोफाइल में संशोधन की अंतिम तिथि 18 फरवरी है। उम्मीदवार प्रोफाइल में अपनी जन्मतिथि, जेंडर, माता/पिता/अभिभावक का नाम, अल्पसंख्यक स्थिति और कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा का रोल नंबर बदल सकते हैं।

## आम आदमी की पहुंच से दूर होता सोना



**जबलपुर, देशबन्धु।** न सिर्फ खाने-पीने की चीजों में महंगाई सिर चढ़कर बोल रही है बल्कि सोने-चांदी की कीमतें भी लगातार नये रिकॉर्ड बनाने में आमादा हैं। आलम यह है कि सराफा बाजार में सोने की कीमत 85 हजार के पार हो चुकी हैं वहीं चांदी की कीमत 96 हजार प्रति किलो की ऊंचाई पर पहुंच चुकी है। इन दिनों रिकॉर्ड ऊंची कीमतों के बावजूद शादी-विवाह वालों की खरीदी बनी हुई है लेकिन लोग अपनी बजट क्षमता के अनुरूप ही खरीदी कर रहे हैं।

उधर आम आदमी जो शादी विवाह में सोने-चांदी के जेवर लेन-देन के लिहाज से खरीदते थे, वे ऊंची कीमतों के कारण दूसरे विकल्प की ओर बढ़ रहे हैं। इसके अलावा शादी-विवाह वाले जो ज्यादा जेवर खरीदने के सपने थे वह अब रिकॉर्ड ऊंची कीमतों के चलते पूरे नहीं हो पा रहे हैं। दरअसल ऊंची कीमतों के चलते उनका बजट गड़बड़ाने लगा है, वहीं जो आगामी 1-2 माह बाद विवाह की तैयारी में जुटे हुए हैं,वे फिलहाल ऊंची कीमतों के चलते जेवरों की खरीदी टाल रहे हैं और भाव घटने का इंतजार कर रहे हैं। जबकि वैश्विक घटनाओं और रूपए और डॉलर में उतार चढ़ाव के चलते सोने चांदी में और तेजी की उम्मीद लगाई जा रही है। वैश्विक अनिश्चिता के कारण लोग सोने-चांदी जैसी सुरक्षित चीजों में निवेश कर रहे हैं। इस हफ्ते सोने की कीमतों में अब तक 1,800 प्रति 10 ग्राम से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। चांदी की कीमतें भी इसी अवधि में 1,400 प्रति किलोग्राम से ज्यादा बढ़ी हैं।

ट्रंप के व्यापार युद्ध के कारण वैश्विक व्यापार में अनिश्चितता बनी हुई है। इसके चलते सोने-चांदी की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। अमेरिका ने कनाडा और मैक्सिको पर एक महीने के लिए टैरिफ लगाने की योजना को एक महीने के लिए टाल दिया है। अमेरिका ने चीन पर टैरिफ लगाया और चीन सरकार ने तुरंत अमेरिकी टैरिफ पर जवाबी कार्रवाई की। मंगलवार को जारी अमेरिकी आर्थिक आंकड़े भी निराशाजनक थे। इससे सोने-चांदी की कीमतों में भी तेजी को सपोर्ट किया। उम्मीद है कि डॉलर इंडेक्स में उतार-चढ़ाव और अमेरिकी व्यापार युद्ध के बीच इस हफ्ते सोने-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

## सूने घर से जेवर और नकदी चोरी

**शहडोल, देशबन्धु।** शहडोल जिले के बुढार थाना के गोपालपुर तिराहा हाथीडोल में एक सूने घर को चोरों ने निशाना बनाया। बुधवार-गुरुवार की दरमियानी चोरों ने दिनेश प्रसाद सोनी के घर का ताला तोड़कर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित दिनेश प्रसाद सोनी ने बताया कि जब वे घर लौटे तो घर का ताला टूटा हुआ था। अंदर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोर घर से मंगलसूत्र, सोने का हार, सोने की अंगूठी, चांदी का कमरबंद, चांदी के सिक्के और नगद तीन हजार रुपए लेकर फरार हो गए। बुढ़ार थाना प्रभारी संजय जायसवाल ने बताया कि अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।







**J.B.F.A**

जबलपुर ब्रॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

| | |
|---|---|
| मुर्गा छोटा | - रु. 120 |
| मुर्गा मीडियम | - रु. 106 |
| मुर्गा बड़ा | - रु. 92 |
| मुर्गा जम्बो | - रु. 92 |

मो.-9039925000, 9425800409

**सोनू पोल्ट्री**

| | |
|---|---|
| बड़ा ब्रॉयलर | - रु. 88 |
| मीडियम ब्रॉयलर | - रु. 102 |
| छोटा ब्रॉयलर | - रु. 116 |

मो.- 9039925999


## जबलपुर से कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन

**जबलपुर, देशबन्धु।** यात्रियों की सुविधा हेतु प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ-2025 के अवसर पर अतिरिक्त यात्री भीड़ को क्लीयर करने के उद्देश्य से रेल प्रशासन द्वारा कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। ये स्पेशल ट्रेनें पमरे के स्टेशनों से भी गुजर रही है।

इन ट्रेनों में एलएलटी-बनारस-एलएलटी कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन 01031 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बनारस कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन 05 एवं 08 फरवरी को एलएलटी स्टेशन से मध्य रात्रि 00:05 बजे प्रस्थान कर और अगले दिन सुबह 06:45 बजे बनारस पहुंचकर 2 सेवाएं देगी। 01032 बनारस-एलएलटी कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन 6 एवं 9 फरवरी 2025 को बनारस स्टेशन से सुबह 10:00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन सायं 16:40 बजे एलटीटी पहुंचकर 2 सेवाएं देगी। नागपुर-दानापुर-नागपुर कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन 01201 नागपुर-दानापुर कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन 5 फरवरी को नागपुर से दिन में 12:00 बजे प्रस्थान कर और अगले दिन सुबह 11:50 बजे दानापुर पहुंचेगी। 01202 दानापुर-नागपुर कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन 6 फरवरी को दानापुर से दोपहर 14:30 बजे प्रस्थान कर और अगले दिन सुबह 11:40 बजे नागपुर पहुंचेगी। नागपुर-दानापुर-नागपुर कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन 01203 नागपुर-दानापुर कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन 8 फरवरी को नागपुर से दोपहर 15:00 बजे प्रस्थान कर और अगले दिन दोपहर 13:00 बजे दानापुर पहुंचेगी।01204 दानापुर-नागपुर कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन 9 फरवरी को दानापुर से दोपहर 14:30 बजे प्रस्थान कर और अगले दिन सुबह 11:40 बजे नागपुर पहुंचेगी।

## कर्जदारों से परेशान होकर युवक ने दी जान

**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** पांढुर्णा के गांधी वार्ड में एक व्यक्ति ने कर्ज से परेशान होकर पुराने मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान जितेंद्र वघाले (पिता शांताराम वघाले) के रूप में हुई है।

जब स्थानीय लोगों ने मकान में शव को फांसी पर लटका देखा और तुरंत पुलिस को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पत्नी सोनू ने बताया कि जितेंद्र सोमवार से घर से लापता था और वह कुछ समय से आर्थिक तंगी का सामना कर रहा था। जितेंद्र दो बेटियों का पिता था और कर्ज के कारण मानसिक तनाव में था। परिजनों के अनुसार, कुछ लोग पैसों के लेन-देन को लेकर उसे लगातार परेशान कर रहे थे, जो उसकी हालत को और बिगाड़ रहे थे।


**खुल गया खुल गया**

शहर के प्रमुख स्थल पर स्थित होटल टाइगर इन के कैम्पस में 16000 एस्क्रायर फिट का हाल उपलब्ध है जिसमें पार्किंग की विशेष सुविधा उपलब्ध है जिन इच्छुक व्यवसायिक लोगों को अपने व्यवसाय हेतु आफिस दुकान शो रूम छोटी छोटी दुकान खोलना हो निम्न पते मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते है।

संपर्क- दिनेश तिवारी
होटल टाइगर इन
विंध्यनगर रोड बैढ़न
मोबाइल नंबर -6265475368



